वर्ष 72 अंक 283 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 11 जुलाई, 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

# बिहार वोटर लिस्ट रिविजनः आधार, राशन और वोटर कार्ड भी माने जाएंगे पहचान पत्र

## सख्तीः 'प्रक्रिया में नहीं, टाइमिंग में है दिक्कत,' चेतावनीः 'जो आपका दायित्व नहीं है, वह न करें'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को भी नागरिकता की पहचान के रूप में स्वीकार करने पर विचार करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया चुनाव से कुछ ही महीने पहले शुरू करना व्यावहारिक दृष्टिकोण से गलत है और इससे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो सकता है।

सुनवाई के दौरान जस्टिस सुधांशु धुलिया ने कहा, 'हम इस पूरी प्रक्रिया के खिलाफ नहीं हैं, परंतु समय का सवाल गंभीर है। चुनाव नवंबर में हैं और आप जुलाई में सूची की छंटाई कर रहे हैं। क्या लोगों को अपील करने का पर्याप्त समय मिलेगा?'

सूची पुनरीक्षण के मामले में चुनाव आयोग को 21 जुलाई तक अपना जवाब दाखिल करना है। अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि फिलहाल अंतिम या मसौदा सूची जारी नहीं की जाएगी।

शीर्ष अदालत ने कहा कि हम याचिका को खारिज नहीं कर रहे, लेकिन चुनाव आयोग को भी रोक नहीं सकते जब तक वह अपनी सीमा लांघे नहीं।

सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि अंतिम सूची को प्रकाशित नहीं किया जाएगा जब तक कोर्ट अगली सुनवाई नहीं करता। सूची केवल 'ड्राफ्ट' चरण में रहेगी, 28 जुलाई को अगली सुनवाई तक कोई अंतिम कार्रवाई नहीं होगी। कोर्ट ने इस पूरी प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार किया, लेकिन साफ कहा कि वह पूरे घटनाक्रम पर नजर रखेगा और यदि आयोग संतोषजनक कार्य नहीं करता, तो उचित समय पर हस्तक्षेप करेगा।

इस मामले में कई राजनैतिक दलों और नागरिक संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिकाकर्ताओं में सांसद मनोज झा, महुआ मोइत्रा, सुप्रिया सुले, डी राजा, अर्जुन सावंत और सीपीआई (एमएल) शामिल हैं। वहीं संगठनों में एडीआर, पीयूसीएल, सीएसडीएस और कार्यकर्ता योगेंद्र यादव शामिल हैं।

**कोर्ट ने कहा- 'हम संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसका दायित्व है, लेकिन हम यह भी नहीं होने देंगे कि वह कुछ ऐसा करे जो उसका दायित्व नहीं है।'**

### नागरिकता तय करना गृह मंत्रालय का काम, चुनाव आयोग का नहींः सुप्रीम कोर्ट

**चुनाव आयोग की दलीलः** वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा, 'हमारे पास अनुच्छेद 326 के अंतर्गत मतदाता सूची का पुनरीक्षण करने का अधिकार है। यह प्रक्रिया 'नागरिकता' की पुष्टि के लिए है। आधार को नागरिकता का प्रमाण नहीं माना जा सकता।'

**कोर्ट ने कहाः** 'नागरिकता का निर्धारण चुनाव आयोग का नहीं, बल्कि गृह मंत्रालय का कार्य है। और यदि आप किसी मतदाता का नाम हटाते हैं, तो वह व्यक्ति अपील करता रहे और इस प्रक्रिया में उसका मताधिकार चला जाए, यह तो लोकतंत्र के मूल ढांचे को प्रभावित करता है।'





**चुनाव आयोग का तर्कः** हमने 11 दस्तावेजों की सूची दी है, लेकिन यह सूची पूर्ण नहीं है। यह सिर्फ उदाहरण के तौर पर है।

**कोर्ट की टिप्पणीः** जब सूची पूर्ण नहीं है, तो आधार, राशन कार्ड और वोटर आईडी को भी शामिल किया जा सकता है। अगर आप आधार अस्वीकार करते हैं तो ठोस कारण दें।

**चिंताः** जस्टिस बागची ने आयोग से कहा, 'प्रश्न अधिकार का नहीं है, बल्कि उस अधिकार के उपयोग के तरीके और समय का है। आप यह प्रक्रिया कब शुरू कर रहे हैं और कब पूरी करना चाहते हैं। यह पूरी तरह चुनाव से जुड़ा हुआ लगता है। क्या यह चुनाव को प्रभावित नहीं करेगा?

**फटकारः** द्विवेदी ने कहा कि याचिकाकर्ता वास्तविक मतदाता नहीं हैं, सिर्फ लेखक, कार्यकर्ता हैं। इस पर कोर्ट ने तीखा जवाब दिया और कहा- क्या आप गंभीरता से कह रहे हैं कि याचिकाकर्ता इसलिए अपात्र हैं क्योंकि वे लेख लिखते हैं? यह आपकी सबसे मजबूत दलील नहीं हो सकती।

### कोर्ट के सवाल

- क्या यह पूरी प्रक्रिया चुनाव को प्रभावित नहीं करेगी?
- चुनाव आयोग इस प्रक्रिया की शुरुआत सालों पहले क्यों नहीं कर पाया?
- यदि यह पुनरीक्षण पूरे देश के लिए है, तो इसे केवल बिहार चुनाव से ठीक पहले क्यों शुरू किया गया?
- क्या इतनी कम समय-सीमा में यह प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से पूरी हो पाएगी?
- चुनाव आयोग ने वोटर आईडी कार्ड को ही क्यों नहीं मान्यता दी, जो उसी ने जारी किया है?
- क्या याचिकाकर्ता इसलिए अपात्र हैं क्योंकि वे लेख लिखते हैं?

### याचिकाकर्ताओं के वकीलों की आपत्तियां और दलीलें



बिहार में पासपोर्ट केवल 2.5 फीसदी लोगों के पास है। मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट भी केवल 14.71 फीसदी लोगों के पास है। आधार, राशन कार्ड, जॉब कार्ड आदि बहुसंख्यक लोगों के पास हैं, लेकिन उन्हें अस्वीकार कर दिया गया है। यह असंभव कार्य है। 4 करोड़ में से 2 करोड़ को प्रमाण देना होगा।

**- कपिल सिब्बल**



अगर एक भी सही मतदाता को सूची से बाहर कर दिया गया, तो यह लोकतंत्र की नींव को हिला सकता है। चुनाव आयोग एक ऐसी स्थिति उत्पन्न कर देगा जिसे बाद में सुधारा नहीं जा सकेगा। ठीक वैसे जैसे एक बार फेंटे गए अंडे को फिर से पहले जैसा नहीं बनाया जा सकता।

**- अभिषेक मनु सिंघवी**



2003 को कटऑफ मानकर जो लोग उसके बाद सूची में जुड़े हैं, उन्हें ही टारगेट करना असंवैधानिक है। यह 'स्पेशल सघन पुनरीक्षण' न तो कानून में परिभाषित है, न ही नियमों में। यह सिर्फ एक मनमानी श्रेणी है। वोटर आईडी और आधार को नकारना विस्मयकारी है।

**- गोपाल शंकरणारायण**



यह प्रक्रिया समावेशी नहीं बल्कि बहिष्कारी है। गरीबों, महिलाओं, प्रवासियों और हाशिए के समूहों को बुरी तरह से प्रभावित कर रही है।

**- वृंदा ग्रोवर**




## भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड में पहली बार जीती टी-20 सीरीज

**मैनचेस्टर, जेएनएन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मैनचेस्टर में इतिहास रचते हुए पहली बार इंग्लैंड में टी20 सीरीज अपने नाम की है। भारत ने पांच मैचों की सीरीज के चौथे मैच में इंग्लैंड को 6 विकेट से मात दी और 3-1 से सीरीज पर अजेय बढ़त हासिल की। इंग्लैंड की ओर से दिए गए 126 रन के लक्ष्य को भारत ने स्मृति (32 रन), शेफाली (31 रन), जेमिमा (24 रन) और कप्तान हरमनप्रीत (26 रन) के योगदान की बदौलत 17 ओवर में ही हासिल कर लिया। **(विस्तृत खबर पेज-11 पर)**

## कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग, दागीं 9 गोलियां

### खालिस्तानी आतंकी हरजीत लाडी ने ली जिम्मेदारी

**सर्रे, जेएनएन।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के शहर सर्रे में स्थित कॉमेडियन कपिल शर्मा के नए खुले 'कप्स कैफे' पर बुधवार देर रात अज्ञात हमलावर ने 9 राउंड फायरिंग की। यह घटना उस समय हुई जब कैफे का उद्घाटन हुए महज तीन दिन ही बीते थे। फायरिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक कार में बैठा व्यक्ति कैफे की दिशा में लगातार गोलियां चला रहा है।

खबरों के अनुसार, इस फायरिंग की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लाडी ने ली है। लाडी, जो बब्बर खालसा इंटरनेशनल संगठन से जुड़ा हुआ है, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल है। बताया जा रहा है कि लाडी, कपिल शर्मा के किसी पुराने बयान से नाराज था और उसी के प्रतिशोध में उसने यह हमला किया। हालांकि इस घटना में अभी तक किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन गोलीबारी के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस और फोरेंसिक टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और जांच जारी है। कपिल शर्मा ने हाल ही में अपनी पत्नी गिन्नी चतरथ के साथ 'कप्स कैफे' के जरिए रेस्तरां इंडस्ट्री में कदम रखा था। यह उनका पहला कैफे है।






# चित्रकूट में स्वामी मत्यगजेंद्रनाथ का किया जलाभिषेक



**जागरण, सतना**

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व में सतना सांसद गणेश सिंह गुरुजनों के मिलने व उनके आर्शीवचनों को गृहण कर आशीर्वाद लेने उनके आश्रम पहुंचकर गुरु भगवानों को नमन कर उनके चरणों में अपने श्रद्धाभाव रखे। चित्रकूट में सांसद ने पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्वामी राजाधिराज भगवान मत्यगजेंद्र नाथ का जलाभिषेक कर उनसे जिले व प्रदेश वासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की है। इस दौरान सांसद श्री सिंह अपने गुरुदेव गणपतिजी महाराज से मिलकर आशीर्वाद लिया तो नानाजी देशमुख को नमन करने भी चित्रकूट में पहुंचे।

**इन आश्रमों में गुरुजनों के पास पहुंचे गणेश सिंह :** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सांसद गणेश सिंह सबसे पहले तुलसी पीठ आश्रम पहुंच कर जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज महाराज का आशीर्वाद लियाए तो जगतगुरु ने भी सांसद को भगवा वस्त पहना कर आश्रम में अभिनंदन कराया। इसके बाद गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आचार्य आश्रम नयागांव पहुंचकर पूज्य गुरुदेव बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज का आशीर्वाद लिया,पुरानी लंका चित्रकूट पहुंच कर रोहणीश्वर प्रपन्नाचार्य का आशीर्वाद लिया। सांसद यहां से जानकी महल आश्रम पहुंच कर सीता शरणदास महाराज से मिलकर आशीर्वाद लिया फिर पहुंचे श्रीकामदगिरि पीठाधीश्वर जगदगुरु रामानंदाचार्य स्वामी एवं रामस्वरुपाचार्य महाराज को प्रणाम कर उनका अशीर्वाद प्राप्त किया रामायनी कुटी,ब्रह्मापुरी आश्रम पहुंच कर रामनरेशाचार्य महाराज से भी आशीर्वाद लिया और आश्रमों में मौजूद आमजनों से भी मुलाकत कर उनको गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी हैं।

## सांदीपनि विद्यालय में गुरुपूर्णिमा उत्सव आयोजित

**सीधी।** सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में शासन के निर्देशानुसार गुरुपूर्णिमा महोत्सव प्राचार्य आरती पाण्डेय के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले माँ सरस्वती एवं महर्षि वेदव्यास को माल्यार्पण अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया। अजिता द्विवेदी, शक्ति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विद्यालयीन बच्चियों के द्वारा सरस्वती वंदना गुरुवंदना की गई। तत्पश्चात विद्यालय के सभी शिक्षकों का चन्दन लगाकर स्वागत किया गया। वीरेन्द्र कुमार तिवारी के द्वारा गुरुपूर्णिमा एवं पारंपरिक गुरुशिष्य परम्परा पर प्रकाश डाला गया। प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम को टीवी के माध्यम से बच्चो दिखाया गया। कार्यक्रम में रामसुशील यादव, अन्नपूर्णा गुप्ता, आशीष पाण्डेय, रामनारायण वैश्य, ज्वाला प्रसाद पटेल, मुन्नालाल साहू, मुकेश सिंह एवं सभी शिक्षक समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुभम चतुर्वेदी के द्वारा किया गया।

## मैहर जिले में अब तक 285.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज


**सतना।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 10 जुलाई 2025 तक 285.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 277 मि.मी., मैहर में 247.7 मि.मी. एवं रामनगर में 330.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 215.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

# ग्रामोदय का दीक्षारंभ अब गुरु पुर्णिमा से होगा: प्रो भरत मिश्रा




**जागरण, सतना।** भारतीय संस्कृति और संस्कारों की अपनाने की अपनी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने प्रत्येक वर्ष गुरु पूर्णिमा से अपना दीक्षारंभ करने का निर्णय लिया है। इस आशय की घोषणा करते हुए कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि भारतीय गुरु परम्परा से जीवन को दिशा विचारों को दृष्टि और आत्मा को प्रकाश मिलता है। प्रो मिश्रा मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देश पर मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय गुरू पूर्णिमा कार्यक्रम के ऑनलाइन प्रसारण उपरांत ग्रामोदय विश्वविद्यालय के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास सभागार में विद्यार्थियोंए शिक्षकोंए अधिकारियों कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। प्रो मिश्रा ने इस मौके गुरु के महत्त्व और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनके योगदान को विस्तार से रेखांकित भी किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को गुरु पूर्णिमा की बधाई और शुभकामनाएं दी। गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम के दूसरे चरण में शोध निदेशालय के तत्वावधान में पंजीकृत शोध छात्रों की कक्षाएं हुई। विद्वान प्राध्यापक गणों ने निर्धारित सिलेबस के अनुसार कक्षा ली। इस संयुक्त कार्यक्रम का संयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्यान ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव, संकायों के अधिष्ठाता, निदेशक विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सतना जिले के आईटीआई संस्थानों में इस सत्र से कई नए ट्रेड



**जागरण, सतना।** जिले में कुल 6 शासकीय आईटीआई हैं जिनमें से कुछ में इस वर्ष से सोलर टेक्नीशियन एवं इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक जैसे नए ट्रेड शुरू किए गए हैं। आईटीआई सतना में अब कुल 16 ट्रेड्स में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। नोडल आईटीआई सतना के प्राचार्य बीडी तिवारी ने बताया कि जिले में सतना सहित कुल 6 शासकीय आईटीआई संचालित हैं जिनमें इस वर्ष से रामपुर बघेलान में सोलर टेक्नीशियन एवं मैकेनिक इलेक्ट्रिकल व्हीकल का नया ट्रेड शुरू किया गया है । सभी विकासखंड स्तरीय आईटीआई में कुल छह ट्रेड संचालित हैं । उचेहरा बिरसिंहपुर एवं बरौंधा में भी नए ट्रेड शुरू किए गए हैं । उचेहरा में मैकेनिक इलेक्ट्रिकलए फिटर एवं वेल्डर बिरसिंहपुर में स्टेनोग्राफर एवं वेल्डर तथा बरौंधा में डीजल मैकेनिक इलेक्ट्रिकल मैकेनिक फिटर एवं बेल्डर के नए ट्रेड्स संचालित हुए हैं । सभी आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 11 जुलाई है जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। प्राचार्य श्री तिवारी ने कहा कि आईटीआई का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ऐसा तकनीकी कौशल प्रदान करना है जिससे वह प्रतिस्पर्धा के इस दौर में अपनी व्यवहारिक क्षमताओं से सफलता हासिल कर सकें।

# जिला पंचायत सीईओ ने नागौद क्षेत्र की पंचायतों का किया निरीक्षण



**जागरण, सतना।** जिला पंचायत सीईओ संजना जैन द्वारा जनपद पंचायत नागौद की ग्रामपंचायत भैहाई, सिंहपुर, नो नगरा के कार्यों का किया औचक निरीक्षण एग्राम पंचायत सिंहपुर में पार्क एवं स्टेडियम कार्यों को देख गया जिसमें स्टेडियम की पुताई अ साफ सफाई करने के निर्देश सचिव सरपंच को दिए तथा नोनगारा में भी स्टेडियम कार्य का निरीक्षण किया गया एवं ग्राम पंचायत भैहाई में वृक्षारोपण के कार्य को देखा गया जिसमें पेड़ों की उचित देख रेख करने के निर्देश सरपंच सचिव को दिए गए साथ ही तकनीकी अमले को भी सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए ।निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन जी के साथ सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल एस डी एम जितेन्द्र वर्मा एजनपद पंचायत सीईओ अशोक मिशा एसहायक यंत्री वी एल गुप्ता व उपयंत्री एवं सरपंच सचिव उपस्थित रहे।

# एकेएस में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति माननीय बीपी सोनी और कुलगुरु प्रो.बीए.चोपड़े की गरिमामय उपस्थिति में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा को समृद्ध और हमारे जीवन को सार्थक बनाने वाले सभी गुरुजनों को शत.शत नमन किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के डायरेक्टर अमित सोनी के साथ विश्वविद्यालय परिवार के समस्त संकायों के डीन डायरेक्टर्स और फैकल्टी मेंबर्स सभागार में उपस्थित रहे।

# लोटस सिटी में भंडारे व सुंदरकाड पाठ का हुआ आयोजन



**जागरण, सतना।** मप्र सहित पूरे बुंदेलखंड व बघेलखंड क्षेत्र में अपने कुशल व्यवहार से अलग पहचान बनाने वाले पेप्टेक ग्रुप के डायरेक्टर विनय चौरसिया के जन्मदिवस के मौके पर गुरूवार को सोहावल स्थित श्री साईं लोटस सिटी में भंडारे व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोटस सिटी के समस्त स्टॉफ व मजदूरों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पेप्टेक ग्रुप के डायरेक्टर विनय चौरसिया को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके लंबी उम्र की कामना की। इसी के साथ ही पेप्टेक मॉल में आयोजित सुंदरकांड पाठ में समस्त स्टॉफ व ठेकेदार व मजदूरों ने हिस्सा लेकर इस पुण्य कार्य के भागीदारी बने। बता दें कि पेप्टेक ग्रुप के डायरेक्टर विनय चौरसिया समाजसेवा के क्षेत्र में हमेशा ही आगे रहते है। इसके अलावा उन्होंने कोविड महामारी के दौरान भी सैकडों लोगों की सेवा कर उन्हें नई जिंदगी देने का कार्य किया था। इस दौरान लोटस सिटी के समस्त स्टॉफ व दूर.दराज से आए मजदूरों ने उनके इस शुभ दिन को खुशी.खुशी मनाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर श्री साईं लोटस सिटी के जीएम ललित पटेरिया,सेल्स हेड अखिल कुमार सिंहए अकाउंटेंट श्याम साहू एचआर श्रेया सिंह, आनंद कुरारिया, पुष्पेंद्र द्विवेदी, विनोद कुमार, हिमांशू मिश्रा, सोनू यादव, अभिमन्यू त्रिपाठी,अतुल तिवारी, दीपक श्रीवास्तव, शिवम नामदेव, रजनीश नामदेव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डॉ रश्मि सिंह ने कांग्रेस परिवारजनों के साथ गुरुजनों को शाल श्रीफल भेंट कर लिया आशीर्वाद



**जागरण, सतना।** गुरु पूर्णिमा की पावन अवसर पर डॉक्टर रश्मि सिंह ने मैहर में बड़ा अखाड़ा पूज्य महाराज सीता बल्लभ शरण जू ऊंचेहरा जानकीरमन अखाड़ा महंत राम बालक दास एवं नरसिंह अखाड़ा के महंत श्री धर्मदास का कांग्रेस परिवारजनों के साथ पहुंचकर गुरुजनों को शाल श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। एवं उपस्थित जनसमूह को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रमुख रूप से कांग्रेस परिवारजन उमेश गौतम पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हरीश ताम्रकार सुशील तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष एड लालबहादुर सिंह रिशु समदरिया रामनरेश सिंह अरुण शर्मा झल्ली ताम्रकार रंगी ताम्रकार रामसुरेंद्र सिंह आदि ने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचायें

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**जागरण, सतना।** आकाशीय बिजली यानि वज्रपात से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आम-जन इन निर्देशों को अपनाकर आकाशीय बिजली से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली या वज्रपात से आउटडोर यथा बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है और यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं। जारी निर्देश में कहा गया है कि ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रैक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातु युक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें।

### घर और कार्यस्थल पर सुरक्षात्मक उपाय अपनायें

बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिये गये हैं। विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। पर्याप्त संख्या में औषधियाँ, सामग्री और पैरामेडिकल स्टॉफका उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी शासकीय चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं, ए.एन.एम./सी.एच.ओ. के पास जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो।

# गुरुओं द्वारा दिए गए ज्ञान से हम जीवन पथ पर सफल होते हैं : प्रतिमा बागरी



**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने गुरूवार को ग्राम भैसवार में स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित गुरू पूर्णिमा उत्सव में सम्मिलित होकर बच्चों के साथ संवाद किया। राज्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ विद्यार्थियों के साथ वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि गुरुजनों का सम्मान एवं उनके प्रति आदर भाव रखना भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा रही है। गुरुजनों द्वारा दिए गए ज्ञान व सीख की बदौलत ही हम जीवन पथ पर सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरू पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, अपितु संस्कार, ज्ञान और कृतज्ञता का वह शुभ दिन है। जब हम अपने जीवन के पथ-प्रदर्शकों को नमन करते हैं। गुरू का आशीर्वाद और प्रकृति का संरक्षण, यही दो आधार हैं। राज्यमंत्री ने एक उज्ज्वल, संस्कारी और सुरक्षित भविष्य के लिए सभी गुरूजनों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रही। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कोठी स्थित मरघाट नाथ आश्रम, गुलुआ के बादा आश्रम और पटपरनाथ सिंहपुर में आयोजित गुरूपूर्णिमा के कार्यक्रम में शामिल हुई और वृक्षारोपण भी किया।

# गुरु पूर्णिमा: गुरु वंदन करने शिष्यों में दिखी आस्था

## जिले भर में गुरु पूर्णिमा पर आयोजनों की रही धूम

### मंदिरों, आश्रमों एवं शैक्षिक संस्थानों में हुए कार्यक्रम

**जागरण, सीधी।** जिले भर में गुरु पूर्णिमा की धूम रही। मंदिरों, आश्रमों एवं शैक्षणिक संस्थानों में गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरु पूर्णिमा पर गुरु वंदन करने शिष्यों में आस्था देखी गई। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुवाई में केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिले भर में धूमधाम से गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। विभिन्न मंडलों में आयोजित गुरु पूर्णिमा उत्सव में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। विभिन्न मंडलों में स्थित प्रमुख धार्मिक स्थल, मठ और मंदिर पुजारी और धर्माचार्य का अभिनंदन किया तथा समाज को दिशा देने वाले अनेक पुजारियो के साथ-साथ साधु, संतों का शाल श्रीफल व माल्यार्पण द्वारा अभिनंदन किया। इसके साथ ही गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रातः काल से ही राम जानकी मंदिर, गोपाल दास मंदिर, पूजा पार्क, गयात्री मंदिर, घोघरा देवी सहित अनेक मंदिरों में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता पहुंचकर प्रभु के दर्शन कर, स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होते हुए साधु संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। जिले के विभिन्न मंडलों में आयोजित गुरु पूर्णिमा उत्सव में मंडल अध्यक्षों के अलावा कार्यक्रम के प्रभारी जिला महामंत्री अशोक पटेल, सह प्रभारी शिवदान साकेत, पंकज पाण्डेय, सुनीता रानी वर्मा, अमित प्रधान, पुनीत नारायण शुक्ला, भोला प्रसाद गुप्ता, नीलम पाण्डेय, राकेश मौर्य, मुनिराज विश्वकर्मा सहित जिले एवं मंडल के पदाधिकारी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।



### प्रधानमंत्री कॉलेज में गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का हुआ सम्मान

**सीधी।** संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के त्रैमासिक कैलेंडर के पालन में प्राचार्य डॉ. राम नारायण स्वर्णकार के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा मनाई गई, जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात आमंत्रित विद्वानों डॉ. एआर सिंह, डॉ. रामलला शर्मा, डॉ. शेषमणि मिश्रा डॉ. संतोष सिंह चौहान का माल्यार्पण से स्वागत किया गया। आमंत्रित विद्वानों में डॉ. रामलला शर्मा पूर्व प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय कुसमी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि गुरु शिष्य परंपरा बहुत ही प्राचीन है, जो सनातन संस्कृति को प्रकट करती है।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने किया गरु पूर्णिमा का आयोजन

**सीधी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्टेडियम के पास स्थित स्थानीय मुख्य सेवाकेंद्र पर गुरू पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया। गुरू पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका एवं सीधी जिले में स्थित सेवाकेंद्रों की मुख्य संचलिका राजयोगिनी रेखा दीदी ने बताया कि परमात्मा शिव ही सर्व आत्माओं के परमपिता, परमसद्गुरु और परमशिक्षक हैं, वह कोई शरीर धारी नहीं अपितु निराकार ज्योतिबिंदु स्वरूप हैं, जो वर्तमान समय में हमें गति और सद्गति का ज्ञान देकर सतयुगी दुनिया की स्थापना करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने परमात्मा की याद में बना ब्रह्माभोजन स्वीकार किया। इस अवसर पर राघवेंद्र मिश्रा, रमापति तिवारी, जवाहर लाल गुप्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सर्प रेस्क्यू कार्य पर भारी पड़ा विभागीय कार्य


**जागरण मनमानी**

## वन मंडल सीधी में स्थापित है सर्प रेस्क्यू सेंटर

### सर्पदंश से मानव हानि की घटनाओं को रोंकने के आदेश



**जागरण, सीधी**

बरसात के दिनों में सर्पदंश से मानव हानि की घटनाओं में इजाफा होने लगता है। ऐसे में सर्पों को सुरक्षित पकड़कर रेस्क्यू करना काफी आवश्यक है। इसके लिए वन मंडल सीधी कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिससे वन्य जीवों के साथ ही सर्प का भी सुरक्षित रेस्क्यू किया जाए। विभागीय सूत्रों के अनुसार इन दिनों वन मंडल द्वारा वन क्षेत्रों में वृक्षारोपण का कार्य बड़े पैमाने पर कराया जा रहा है। जिसमें वन अमला की व्यस्तता बढ़ गई है। वृक्षारोपण को देखते हुए सीधी के इकलौते रेस्क्यू प्रभारी वनपाल पंकज मिश्रा की ड्यूटी भी वृक्षारोपण कार्य में लगा दी गई। वनपाल पंकज मिश्रा के रोपण कार्य में व्यस्त होने के कारण वर्तमान में सर्पों का रेस्क्यू कार्य भी प्रभावित हो गया है। श्री मिश्रा की ड्यूटी ऐसे स्थान में वन क्षेत्र में रहती है जहां मोबाइल नेटवर्क का रहना भी निश्चित नहीं रहता। इसी वजह से करीब 10 दिनों से सर्पों का रेस्क्यू कार्य बंद हो चुका है। यदि कोई व्यक्ति सर्प निकलने की सूचना कंट्रोल रूम में आकर देता है तो उसे भी साफ बताया जाता है कि रेस्क्यू प्रभारी रोपण कार्य में वन क्षेत्र में हैं इस वजह से सर्प का पकड़ना संभव नहीं है। सर्प का रेस्क्यू न होने के कारण अब अधिकांश लोग उन्हें मारना भी शुरू कर दिए हैं। पूर्व में जहां सर्प निकलने की सूचना मिलने पर रेस्क्यू प्रभारी वनपाल पंकज मिश्रा तत्परतापूर्वक मौके पर पहुंचते थे और सर्प को सुरक्षित पकड़कर उसे वन क्षेत्र या नदी-नाले में सुरक्षित रिलीज कर देते थे। उधर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा 20 जून 2025 को मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग भोपाल को पत्र लिखकर सर्पदंश से मानव हानि की घटनाओं के विरुद्ध उचित कार्यवाही का आग्रह किया गया है। वहीं मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग द्वारा भी प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स को पत्र लिखकर सर्पदंश से जन सामान्य के बचाव हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। किंतु यह आदेश सीधी जिले में जरूरत के समय पूरी तरह से बेअसर नजर आ रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से भी सर्प के रेस्क्यू के संबंध में कोई व्यवस्थाएं नहीं बनाई गई हैं। लिहाजा सर्प निकलने पर लोग सूचना देने के लिए भी अब भटक रहे हैं जिस पर त्वरित कार्यवाही की जरूरत है।

### सर्पदंश से बचाव के लिए सावधानियां आवश्यक

जन सामान्य को सलाह दी गई है कि वे वर्षा ऋतु में विशेष सतर्कता बरतें। खेतों में कार्य करते समय जूते-मोजे पहनें, गहरे रंग के कपड़े पहनें और हाथों में दस्ताने लगाएं। झाड़ियों, पुआल के ढेर, लकड़ी के गट्ठर आदि स्थानों में काम करने से पहले वहां डंडे या लाठी से हल्का प्रहार करें। अंधेरे में टॉर्च का उपयोग करें और बच्चों को बिना देखरेख खुले स्थानों पर न भेजें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, झाड़ियां काटें और कूड़ा-कचरा हटाएं। घरों की दीवारों में मौजूद दरारें बंद करें और खुले में सोने से परहेज करें। यदि किसी को सर्प ने डस लिया हो तो घबराएं नहीं, शरीर को शांत रखें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुँचें। घाव को चाकू से काटना, चूसना या उस पर कोई रसायन लगाना अत्यंत हानिकारक है। झाड़-फूंक, टोना-टोटका या तांत्रिक क्रियाओं में समय न गंवाएं।

> विभाग की ओर से सर्प के रेस्क्यू के लिए कंट्रोल रूम स्थापित है। यह अवश्य है कि वर्तमान में वृक्षारोपण का कार्य प्राथमिकता से चल रहा है इस वजह से रेस्क्यू प्रभारी पंकज मिश्रा को वनरक्षक कार्य में लगाया गया है। सूचना मिलने पर सर्प का रेस्क्यू कार्य भी किया जाएगा। उनका यह प्रयास है कि सीधी जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में वालेंटियर्स को सर्प रेस्क्यू के लिए प्रशिक्षण दिलाया जाए। जिससे लोगों को आसानी से अपने नजदीकी क्षेत्र से सर्प का रेस्क्यू कराने में मदद मिल सके।
>
> **प्रीती अहिरवार, डीएफओ सीधी**

> वर्तमान में चल रहे वृक्षारोपण कार्य में वह लगे हुए हैं। सूचना मिलने पर उनके द्वारा सर्प का रेस्क्यू कार्य भी पूर्व की तरह किया जा रहा है। यह अवश्य है कि मोबाइल नेटवर्क की समस्या के चलते उन तक समय पर सूचना नहीं पहुंच पाती। फिर भी सूचना मिलने पर उनके द्वारा सर्प का रेस्क्यू कार्य किया जा रहा है।
>
> **पंकज मिश्रा, रेस्क्यू प्रभारी वन मंडल सीधी**

## राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय ने गुरु का लिया आशीर्वाद



**जागरण, सीधी।** राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय ने आज शुभ अवसर पर अपने गुरू अम्बिका दास जी महाराज के झलबदरी आश्रम पहुंचकर पूजा-अर्चना कर आशिर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर झलबदरी आश्रम में विशाल भण्डारे में भी सहभागिता निभाई। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर झलबदरी आश्रम में गुरू अम्बिका दास जी महाराज के काफी संख्या में शिष्यगण पूजा-अर्चना के लिये पहुंचे हुये थे। इसी सिलसिले में राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय भी विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरू का पूजा-अर्चना कर आशिर्वाद प्राप्त किया।

## गुरु पूर्णिमा पर कुसमी अंचल में हुआ भव्य कार्यक्रम



**जागरण, सीधी।** आदिवासी बहुल क्षेत्र टमसार कुसमी में इस वर्ष गुरु पूर्णिमा का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह पर्व भारतीय संस्कृति में गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। शिष्य इस दिन अपने गुरु के चरणों में श्रद्धा अर्पित करते हैं और उनके द्वारा दिखाए गए ज्ञान के मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। गुरु पूर्णिमा केवल आध्यात्मिक महत्व ही नहीं रखती, बल्कि यह शिक्षा, नैतिकता और समाज निर्माण की दिशा में भी एक प्रेरणादायक दिवस है। कार्यक्रम का शुभारंभ आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास टमसार में हुआ, जहां मुख्य अतिथि के रूप में धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम उपस्थित रहे। उन्होंने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और गुरुजनों का सम्मान कर परंपरा का निर्वहन किया। साथ ही 13 पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई, जिससे उनके शिक्षा के सफर को गति मिले। कार्यक्रम में जनपद सदस्य जमुनी देवी, सरपंच मकरंद सिंह, राजकुमार तिवारी, डॉ. रामदयाल साहू, प्राचार्य रामपाल सिंह, बीआरसी अंगिया प्रसाद द्विवेदी, अधीक्षक राम मिलन प्रजापति सहित अन्य गणमान्यजन भी उपस्थित रहे। दूसरा कार्यक्रम कुसमी महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पूर्व बीईओ डीपी सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. नजर अली, डॉ. कृष्ण भूषण मिश्रा, डॉ. रमाकांत पटेल, डॉ. निवेदिता लखेरा, राजभान सिंह, प्रयोगशाला प्रचारक तेज बहादुर सिंह सहित कई शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

### जिला पंचायत अध्यक्ष को मिला राज्य मंत्री का दर्जा



**जागरण, सीधी।** मप्र शासन, सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के द्वारा प्रदेश के समस्त जिला पंचायत के अध्यक्षों को राज्य मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है। तत्संबंध में जिला पंचायत सीधी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंशुमन राज द्वारा जिले के विभागीय अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। उक्त आदेश के बाद अब जिला पंचायत सीधी अध्यक्ष श्रीमती मंजू रामजी सिंह को राज्यमंत्री का दर्जा मिलने से उनका कद भी बढ़ गया है।

### अधिवक्ताओं के हितों के लिए लड़ रहे चुनावः अरविंद



**जागरण, सीधी।** जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार वरिष्ट अधिवक्ता अरविंद शुक्ला ने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों को लेकर हम चुनाव लड़ रहे हैं। मैं सभी से परामर्श लेने के बाद चुनाव मैदान में आया हूं। वरिष्ट अधिवक्ता अरविंद शुक्ला ने कहा कि मै वर्ष 2002 में अधिवक्ता संघ का सचिव भी रहा हूं। उसी कार्यकाल में न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के लिए जो चेंबर बनाया गया था उसका ज्यादा रेट था। मैने उसका विरोध किया फिर कम रेट पर न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं को चेंबर मिला। अधिवक्ताओं को बैडमिंटन, कैरम सहित वार्षिक उत्सव के अलावा अधिवक्ताओं को सम्मान मिलना चाहिए। नए अधिवक्ताओं को स्वागत करने का काम होना चाहिए। लेकिन इस मामले में कोई पहल नहीं हो रही है। इसके अलावा अधिवक्ता शुल्क तिमाही जमा होती थी अब दो वर्ष में एक साथ जमा कर जो अधिवक्ता हैं उनकी रसीद काटकर यह दिखाना चाहते हैं कि हम उनके हमदर्दी हैं। अधिवक्ता अब जागृत हैं उन्हें मालूम है कि अध्यक्ष ने अधिवक्ताओं के लिए क्या किया। इसके लिए हम वरिष्ट एवं सभी अधिवक्ताओं के कहने पर चुनाव मैदान में आया हूं। मुझे भरोसा है कि सभी का आशीर्वाद एवं स्नेह मुझे मिलेगा।






# वार्ड 08 उप चुनाव : शांतिपूर्ण मतदान के बाद कांग्रेस प्रत्याशी शशिधर त्रिपाठी विजयी



**देवलौद।** नगर परिषद खांड़ के वार्ड क्रमांक 08 में हुए उपचुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी शशिधर त्रिपाठी ने जीत दर्ज की है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शारदा प्रसाद गुप्ता को 61 मतों के अंतर से हराया। यह उपचुनाव पार्षद प्रियंका सिंह के इस्तीफे के बाद आयोजित किया गया था। उन्होंने परिषद की कार्यशैली से असंतुष्ट होकर अपना पद त्याग दिया था, जिसके कारण निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव की घोषणा की गई। मतदान 07 जुलाई को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। वार्ड में कुल 382 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 238 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

10 जुलाई की सुबह, शासकीय हाई स्कूल खांड़ में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना की गई। परिणामस्वरूप कांग्रेस प्रत्याशी शशिधर त्रिपाठी को 148 मत, भाजपा प्रत्याशी शारदा प्रसाद गुप्ता को 87 मत और नोटा को 3 मत प्राप्त हुए। निर्वाचन अधिकारी ने परिणाम की घोषणा करते हुए विजयी प्रत्याशी शशिधर त्रिपाठी को विजय प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता की सराहना की गई। नगर परिषद खांड़ में यह उपचुनाव जनप्रतिनिधित्व की प्रक्रिया का एक अहम चरण रहा, जिसे शांतिपूर्वक और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न किया।

## अनाधिकृत कॉलोनी निर्माण के संबंध में प्रस्तुत करें आपत्ति



**पन्ना ।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा पन्ना में विभिन्न सर्वे नंबर एवं रकवा की भूमि पर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा, नगर तथा ग्राम निवेश से लेआउट स्वीकृति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बगैर तथा किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास व रेरा में पंजीयन कराए बिना छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर अनाधिकृत कॉलोनी का निर्माण पाए जाने पर आगामी कार्रवाई के लिए संबंधितजनों को आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए सूचित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना एवं नजूल तहसीलदार पन्ना के प्रतिवेदन अनुसार ग्राम पन्ना स्थित सर्वे नंबर 4227 रकवा 0.275 हे. भूमि पर किशोरगंज मोहल्ला पन्ना निवासी अनावेदकगण किशोरी लाल, श्यामलाल, राजकुमार एवं सोनी द्वारा अनाधिकृत कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। इसी तरह सर्वे नंबर 407 रकवा 0.384 हे. भूमि पर अनावेदकगण किशोरगंज मोहल्ला निवासी मु. मुरूस्सका, निशात, जावेद एवं नुजहत अहमद द्वारा भी अनाधिकृत कॉलोनी निर्मित की जा रही थी। उक्त दोनो कॉलोनी को अनाधिकृत घोषित करने की कार्रवाई प्रचलन में है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से आगामी 24 जुलाई तक कलेक्टर न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। कलेक्टर न्यायालय द्वारा पवई की सर्वे नंबर 3971 रकवा 1.114 हे. भूमि पर अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में भी आगामी 28 जुलाई को कलेक्टर न्यायालय में पेशी तिथि निर्धारित की गई है। यहां पवई निवासी अनावेदकगण पन्नालाल, विन्द्रावन, दिलीप, विनोद कुमार, सुहद्री बाई, राधा बाई, गीता बाई एवं सुमन बाई द्वारा अनाधिकृत कॉलोनी का निर्माण करना पाया गया।

## आज पवई में हुई सर्वाधिक वर्षा

**पन्ना ।** जिले में 1 जून से अब तक 457.8 मिमी अर्थात 18 इंच औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। आज सर्वाधिक वर्षा पवई में 38 मिमी दर्ज की गई, जबकि सबसे कम शाहनगर में 12.2 मिमी दर्ज हुई। पन्ना में 23 मिमी, देवेन्द्रनगर में 31 मिमी, गुनौर में 36 मिमी, अमानगंज में 37 मिमी, सिमरिया में 30 मिमी, रैपुरा में 16.1 मिमी और अजयगढ़ में 24 मिमी वर्षा हुई। इस मानसून सत्र में अब तक वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 437.7 मिमी, देवेन्द्रनगर में 387.3 मिमी, गुनौर में 532.9 मिमी, अमानगंज में 594.6 मिमी, पवई में 423 मिमी, सिमरिया में 343.4 मिमी, शाहनगर में 419 मिमी, रैपुरा में 538.4 मिमी तथा अजयगढ़ में 444.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# आधार नामांकन की नई प्रक्रिया का प्रशिक्षण संपन्न



**पन्ना ।** कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र से गत दिवस पन्ना जिले के समस्त आधार सुपरवाइजर एवं ऑपरेटर को प्रशिक्षक धीरज कुमार पाण्डेय द्वारा आधार एनरोलमेंट के नवीन सॉफ्टवेयर यूनिवर्सल क्लाइंट का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ऑपरेटर को नवीन एप्लीकेशन पर एनरोलमेंट की प्रक्रिया से अवगत कराया गया, जिसमें ऑपरेटर लेवल से होने वाली त्रुटियों का ऑनलाइन माध्यम से निराकरण के बारे में बताया गया। साथ ही एनआरआई और विदेशी नागरिकों के लिए प्रदत्त सीमित अवधि के आधार एनरोलमेंट सुविधा की जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण में आधार नामांकन और अद्यतन कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नामांकनकर्मियों को उपयोगी टूल्स से भी अवगत कराया गया। बताया गया कि पूर्व में प्रचलित एप्लीकेशन के स्थान पर यूनिवर्सल क्लाइंट एप्लीकेशन के द्वारा आधार कार्य को सरल बनाया गया है। इस दौरान आधार कार्य में लगे समस्त कर्मियों की शंकाओं का निराकरण भी किया गया।

## सांस्कृतिक गौरव के लिए एमसीबीयू प्रतिबद्ध : कुलगरु

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय ने शिक्षा के आंगन में भारतीय संस्कृति के बीज बेह्तर ढंग से पनपने के उद्देश्य से यूटीडी स्तर पर भारतीय ज्ञान परम्परा पर एक डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ किया है। विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में बुन्देलखण्ड की पृष्ठभूमि को खास तौर पर ध्यान में रखा गया है जिसके तहत पाठ्यक्रम में स्थापत्य कला, परंपरागत खेती, ग्रामीण चिकित्सा पद्धति एवं जड़ीबूटियों, ज्योतिष, वैदिक विज्ञान, योग, संगीत, स्वास्थ्य, युद्धकौशल के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण को समाहित करने की कोशिश की गई है। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से संबंधित परंपरागत ज्ञान को आज के युवाओं तक पहुंचाना इसका मुख्य उद्देश्य है।

इस पाठ्यक्रम को पढ़कर छात्र एक ओर जहां भारतीय ज्ञान परम्परा से परिचित होंगे वहीं दूसरी ओर वे एक बेह्तरीन पर्यटन गाइड भी बन सकेंगे क्योंकि विश्वविद्याल शीघ्रातिशीघ्र अनेक विदेशी भाषाओं के पाठ्यक्रम प्रारंभ करने जा रहा है। इस तरह विभिन्न पाठ्यक्रम एक दूसरे के पूरक होगें। भारतीय ज्ञान परम्परा के अध्ययन से छात्र ये जान सकेंगे कि हजारों वर्ष पूर्व जब सारी दुनिया रोटी, कपड़ा और मकान के लिए संघर्ष कर रही थी तब भारत गणित और विज्ञान में के क्षेत्र में पारंगत था। खगोलीय गणनाएं और ज्योतिष शास्त्र का प्राचीन भारतीय ज्ञान आज भी दुनिया के लिए एक पहेली है कि किस प्रकार भारतीय संस्कृति में ये विज्ञान विकसित हुआ। भारतीय ज्ञान परम्परा पाठ्यक्रम पर आधारित विभिन्न गतिविधियों से प्राप्त जानकारी शोधपरक होगी जिस पर विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्र शोध कार्य करेंगे।

## हिंदू जागरण मंच की जिला बैठक हुई संपन्न



**जागरण, सीधी।** हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय और अखिल भारतीय अधिकारी प्रवास कार्यक्रम के निमित्त हिंदू जागरण के अखिल भारतीय टोली के सदस्य आशीष बसु एवं प्रांत संयोजक महाकौशल प्रांत श्रीमान अनूप पाल सिंह का सीधी आगमन हुआ। प्रवास कार्यक्रम के निमित्त सीधी में निवासरत प्रांतीय पदाधिकारी से एवं जिले के संयोजक और सह संयोजकों के परिवारजनों से व्यक्तिगत भेंट, परिवारों का कुशलक्षेम और संगठन के कार्यों से अवगत कराया गया। तत्पश्चात सीधी जिले के हिंदू जागरण मंच के समस्त कार्यकर्ताओ की एक बृहद बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिले, नगर एवं खंड की टोली को जल्द से पूर्ण करने का आग्रह किया गया। साथ ही जिले के 8 आयाम, खंड एवं नगर के 5 आयामों, संगठन के 5 कार्यों और 4 कार्यक्रमों की भी विधिवत चर्चा की गई। बैठक में अखिल भारतीय टोली के सदस्य आशीष बसु ने विषय रखते हुए कहा की हिंदू जागरण मंच का कार्य आज के समय में घर घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी यहां उपस्थित हम सभी कार्यकर्ताओ की हैं, हमे समाज का जागरण करना है, समाज को खड़ा करना है, हर एक कार्य के लिए, हर एक समस्या के लिए, हर एक विषय के लिए, जब तक अपनी चीजों के लिए, अपनी समस्याओं के लिए समाज नही खड़ा होगा, तब तक समस्याएं बनी रहेगी। हमे समाज का मार्गदर्शन करना है, समाज को सही दिशा में ले जाने वाला व्यक्ति हमे बनना है। बैठक का प्रारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। एकल गीत सुलोचना पाण्डेय ने गाया। बैठक का संचालन सुमित जायसवाल ने किया।

## जिले में औसत वर्षा 356.1 मि.मी. दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 10 जुलाई को सीधी जिले में 22.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 28.0 मि.मी., चुरहट में 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 2.0 मि.मी., बहरी में 12.8 मि.मी., मझौली में 37.0 मि.मी. और कुसमी में 80.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 356.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 10 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 473.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 197.0, चुरहट में 229.0, गोपद बनास में 281.4, बहरी में 411.1 मझौली में 445.0 मि.मी. और कुसमी में 456.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 142.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी।

## शा. महावि. खड्डी में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा



**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय खड्डी के प्राचार्य डॉ. रामसुरेश भारती के मार्गदर्शन में गुरू पूर्णिमा पर्व महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रविनाथ तिवारी, सेवानृवित्त शिक्षक व विशिष्ट अतिथि के रूप में दद्दा प्रसाद तिवारी सेवानृवित्त प्राचार्य व रमेश पाण्डेय सेवानृवित्त शिक्षक उपस्थित रहें। कार्यक्रम में छात्रो द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी। अतिथियो द्वारा गुरू शिष्य परम्परा को विस्तारपूर्वक समझाया गया। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. अजय सिंह गहरवार द्वारा सभी अतिथियो का स्वागत साल व श्रीफल से किया गया। डॉ. श्रीकांत द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पवन वर्मा द्वारा आभार किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रिंस मिश्रा, पुष्पा कुमारी व डॉ. राजकुमार गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

## सांप के काटने से महिला की दर्दनाक मौत

**जागरण, सीधी।** जिले के सेमरिया थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत ऐंठी के ग्राम कतरी कड़ी में एक दर्दनाक हादसे में 28 वर्षीय महिला संगीता सिंह पति राजबहादुर सिंह की सांप के काटने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 9 जुलाई की रात करीब 2 से 3 बजे के बीच की है। सविता अपने कच्चे मकान में सो रही थीं, तभी छप्पर से एक जहरीला सांप नीचे आ गया और काट लिया। परिजनों ने तुरंत इलाज के प्रयास किए, लेकिन नजदीक कोई अस्पताल न होने और रात के समय परिवहन सुविधा न मिलने के कारण उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि उनका गांव पहाड़ों के बीच बसा हुआ है। जहां बरसात के दिनों में जहरीले जीव-जंतु अक्सर घरों में घुस आते हैं। बारिश के मौसम में सांप के काटने की घटनाएं आम हैं, लेकिन रात के अंधेरे और साधनों की कमी के कारण समय पर उपचार नहीं मिल पाता। गांव में करीब 1500 की आबादी है। लेकिन प्राथमिक चिकित्सा सुविधा तक मौजूद नहीं है। ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गांव में शासकीय अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की अप्रिय घटनाओं से लोगों की जान बचाई जा सके।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान हेतु बैठक आयोजित, 15 जुलाई से शारदा टेकरी से होगा पौधरोपण कार्य शुरू



**जागरण डिंडौरी।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान हेतु बैठक आयोजित, 15 जुलाई से शारदा टेकरी से होगा पौधारोपण कार्य शुरू कलेक्टर श्री मती नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में गुरूवार को वन मंडल अधिकारी श्री पुनीत सोनकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनिल कुमार, की उपस्थित में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। एक पेड़ माँ के नाम अभियान का शुभारंभ 15 जुलाई को शारदा टेकरी से पौधारोपण कार्य शुरू होगा, जिसमें न्यायलय, वन विभाग, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर परिषद, जन अभियान परिषद, उद्योग विभाग, ग्रामीण विकास विभाग एवं समस्त अन्य विभाग की भागीदारी होगी। पर्यावरण संरक्षण तथा मातृत्व के सम्मान में चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत आज 10 जुलाई को जिला पंचायत सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें जिले के सर्व विभाग प्रमुख, जनपद सीईओ, सहायक यंत्री, यंत्री, सचिव, रोजगार सहायक उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि इस अभियान के तहत जिले में बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 15 जुलाई को शारदा टेकरी डिंडौरी से की जाएगी। अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाना है, बल्कि माँ के प्रति सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव को भी एक सकारात्मक रूप देना है।जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि जिले के समस्त ग्राम पंचायतों, शासकीय कार्यालय परिसरों, स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग, उद्यानकी विभाग के द्वारा संचालित नर्सरी से पौधो की व्यवस्था की जाएगी। पेड-पौधे ऐसी जगह पर लगायें जाएंगे जहा पर जमीन में हमेश नमी रहने की संभावना हो, जहां पर संबंधित विभाग के द्वारा गड्ढों की खुदाई, और देखरेख की जिम्मेदारियाँ होगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों को पौधारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए इस दौरान यह भी अपील की गई कि अधिक से अधिक लोग इस अभियान में भाग लें और एक पेड़ अपनी माँ के नाम लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। अभियान को सफल बनाने हेतु स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग को जिले के 1925 आंगनवाडी केन्द्रों में 10-10 फलदार पौधे लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर पालिका डिंडौरी, शहपुरा को भी शासकीय कार्यालय परिसरों, नगर के उचित स्थानों पर पेड-पौधे लगाने के निर्देश दिये गये। सभी विभागो को तीन दिवस के अंदर विभाग द्वारा लगाये जा रहे पौधों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करना होगी। सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर ने समस्त सीईओ जनपद, यंत्री, सहायक यंत्री, जनअभियान परिषद् विभाग को विशेष अभियान के साथ जनप्रतिनिधियों एवं आम लोगो के साथ मिलकर पेड-पौधे लगाने का अभियान सफलतापूर्वक चलाये जाने को कहा। एक पेड़ माँ के नाम अभियान भावनात्मक जुड़ाव और पर्यावरणीय चेतना का अद्भुत संगम बनकर जनभागीदारी के साथ जिले में एक नई पहल को जन्म देगा। बैठक में वनमंडल अधिकारी श्री पुनीत सोनकर, जिला पंचायत सीईओ श्री अनिल कुमार, एलडीएम श्री कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री दीपसिंह आर्मो, जिला व्यापार उद्योग अधिकारी श्रीमती राधिका कुसरो , सीएमओ नगरपालिका श्री अमित तिवारी, महिला एंव बाल विकास अधिकारी श्री श्याम सिंगौर, परियोजना अधिकारी श्री प्रदीप शुक्ला, जिला समन्वय सुश्री संगीता सोनी, जनसंपर्क अधिकारी श्री चेतराम अहिरवार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


**(CHANGE OF NAME OF MOTHER OF SERVING SOLDIERS)**

1. I, Vidhyabati Pathak (Existing Name of Mother as per NOK) is legally Mother of No. 14819888A Ex. NK Bharat Pathak residing at Gram Post Sathini, District Rewa M.P. 486441 do hereby solemnly affirm and state on Oath as follows:-

(a) That, I have changed my name and DOB from Vidhiawati to Vidhyabati Pathak, 01/07/1964 to 01/01/1948 (Proposed New Name and DOB of Mother) due to my name has been erroneously and in avertedly mentioned in service documents of my Son. That my date of birth is 01/01/1948 (One- Gay Nineteen Forty Eight).

(b) That, I am producing this Affidavit for the purpose of evidence for correction of my Name and DOB. (c) That both Names Vidhiawati to Vidhyabati Pathak and DOB pertain to one and the same person.

d) That, I shall at all times hereafter in all records, deeds and writing and in all proceedings Healing with transactions, private as well as under all occasions what so ever be known as Vidhyabati Pathak and DOB 01/01/1948 only.

h) That what is stated above is true and correct to best of my knowledge, information and belief. Nothing material has been concealed there from.

**Date: 07 Jul 2025**
RN-82298
**Vidhyabati Pathak**



## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



## अवश्यकता है

भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर जी हां आपके अपने शहर नागौद में आफिस कार्य हेतु, जरूरतमंद लड़कियॉ एवं महिलाये 10वी, 12वी ग्रेजुएशन तक मान्य सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग के बाद 10,000 से 15,000 महीना कमाये
Contact No. 9329146838
8120746915
वियपुरिया कांम्पलेक्स जवाहर नगर नागौद जिला सतना (म.प्र.)
RN. 82664 (12/7)



## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944


**न्यायालय श्रीमान चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग 2 मऊगंज जिला रीवा म.प्र.**

क्रमांक 347/न्याया. मऊगंज
दिनांक-08.07.2025
प्रोसेस क्र. 347/2025
आर.सी.एस.ए./156/2023
पेशी दिनांक 08.08.2025

**श्री दिनेश प्रताप सिंह अन्य......वादीगण।**
**बनाम**
**श्री दीपक कुमार ब्रा. व अन्य.....प्रतिवादीगण।**

श्री दिनेश प्रताप सिंह व अन्य द्वारा प्रकाशन हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08.08.2025 को 11.00 बजे दिन होगी यदि उस दिन अवकाश घोषित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस में कार्यवाही होगी। नोटिस के माध्यम से प्रतिवादी क्र. 12, श्री विजय तिवारी उम्र 45 साल 13. श्री आनुवेन्द्र तिवारी उम्र 40 साल, 15. श्री बिमलेश तिवारी उम्र 32 साल तीनों के पिता श्री ठाकुर प्रसाद ब्रा. 17. श्री अजय प्रताप सिंह तनय स्व. ललन सिंह सभी निवासी सा. रामपुर थाना व तहसील नईगढ़ी जिला मऊगंज म.प्र. । आप लोगों को सूचित किया जाता है कि यदि पेशी दिनांक 08.08.2025 को न्यायालय में स्वयं अभिकर्ता या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें न्यायालय में उपस्थित हो कर अपना पक्ष प्रस्तुत न करने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 08.07.2025 को न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

मुहर
**श्रीमान युवराज दीक्षित**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड महोदय मऊगंज जिला रीवा म.प्र.**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर**
**निविदा संशोधन सूचना**

सूचना क्रमांक: का.यं./निविदा/2025/634 — दिनांक :- 09/07/2025

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर कार्यपालन यंत्री कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना क्रमांक का.यं./निविदा/2025/548 दिनांक 25/06/2025 निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

निविदा प्रपत्र की (हार्ड कॉपी) कार्यालय में जमा करने की अंतिम की तिथि 11/07/2025 से बढ़ाकर 16/07/2025 सांय 05:00 बजे तक की जाती है। अन्य नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी।

IPRO/EE/2025/52
कार्यपालन यंत्री
ज.ने.कृ.वि.वि.,जबलपुर

**NDVSU-College of Vety. Sci. & A.H., Rewa, (M.P.)**
No.2596/Pur./Store/Vety/ Rewa /2025 — Date-09.07.25

**TENDER NOTICE**

E-tenders are invited from the reputed firms for supply of Feed and Fodder for financial year 2025-26. The detailed information is vailable on website https://mptenders.gov.in Purchase of e-tenders from 10.07.25 to 30.07.2025. The last date of submission of tender bid is 30.07.25. Corrigendum, if any, will only be posted in the above website. No press notice will be issued separately.

**DEAN**

**कार्यालय नगर परिषद् गुढ़, जिला-रीवा (म0प्र0)**
**Office Of The Nagar Parishad Gurh Dist. Rewa (M.P.)**
Address:-Ward No-12 Gurh Dist. Rewa M.P.-486553
Email:-cmogudh@mpurban.gov.in

क्रमांक/1033/(E.T.)/न0परि0/2025 — गुढ़, दिनांक 08.07.2025

**// द्वितीय ई-निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र0 | टेण्डर क्रमांक जारी दिनॉक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_435669_1 दिनॉक-08.07.2025 | CONSTRUCTION OF BALANCE WORK OF SANSKRITIK BHAVAN CM INFRA 3rd FACE NAGAR PARISHAD GURH IN FINANCIAL YEAR 2025-26. | 1- 6 माह वर्षाकाल सहित 2- 4104961.00 | 1- 5000.00 2-30787.00 | 23.07.2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाइड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद जिला- रीवा (म0प्र0)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक. 2755 /स्थापना/न.पा.नि./2025 — रीवा, दिनांक 10/07/2025

**"विज्ञप्ति"**

नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.) के निम्नलिखित पद पर सेवानिवृत्त उपरांत संविदा आधार पर पदस्थापना हेतु अर्हताधारी अभ्यार्थियों से आवेदन-पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किए जाते है :-

| क्रं. | पदनाम | संविदा हेतु समकक्ष वेतमान | नियुक्ति का प्रकार | अधिकतम आयु सीमा | संविदा के लिए न्यूनतम अर्हताए | अनुमानित पद संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सहायक यंत्री | अंतिम वेतन में से पेंशन घटाकर | सेवानिवृत्त उपरांत संविदा | 63 वर्ष | म.प्र. शासन के कार्य विभागो/निगमो/मण्डलो में सेवानिवृत्त सहायक यंत्री (सिविल) जिन्हे न्यूनतम 5 वर्ष का फील्ड का अनुभव हो, अथवा 8 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके सिविल इंजीनियरिंग डिग्रीधारी उपयंत्री जिन्हे न्यूनतम 5 वर्ष का फील्ड अनुभव हो, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अंतर्गत निकाय, नगर निगम/नगर पालिका से सेवानिवृत्त कर्मचारी को प्राथमिकता दी जावेगी। | 1 |

विशेष नोट - सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया के दौरान यदि कोई कम्प्यूटर/टंकण लिपिकीय त्रुटि निगम के संज्ञान में आती है तो निगम के पास वैध सुधार का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

चयन की शर्ते :-

1. आवेदक को म.प्र. का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. समस्त प्रमाण-पत्रों को सक्षम अधिकारी अथवा स्वयं सत्यापित करने के उपरांत प्रमाण-पत्रों की प्रति संलग्न प्रेषित की जावे।
3. अधूरे, अस्पष्ट एवं अपठनीय आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
4. आवेदक को इस विज्ञापन के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र A4 Size पेपर पर होना चाहिये जिसके निर्धारित स्थान पर आवेदक के हस्ताक्षर हो तथा निर्धारित स्थान पर आवेदक का नवीनतम पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटोग्राफ होना चाहिये।
5. आवेदक लिफाफे पर अपना पूरा नाम एवं पता जैसा अपना आवेदन में लिखा है स्पष्ट लिखना होगा, तथा लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम लिखना होगा। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 28/07/2025 सांय 06:00 बजे तक है। आवेदन पत्र "आयुक्त नगर पालिक निगम रीवा म.प्र." के पते पर भेजेगें।
6. भर्ती से सम्बन्धित जानकारी, अन्य शर्ते एवं आवदेन पत्र का प्रारूप, कार्यालयीन समय में सूचना पटल अथवा स्थापना शाखा से प्राप्त की जा सकती है।
7. निर्धारित समयावधि में आवेदन पत्र प्राप्त न होने की स्थिति में उन पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक के माध्यम से विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र के लिये निकाय/कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। उपरोक्त के लिये निकाय अभ्यार्थी को लिखित जानकारी दिये जाने के लिये उत्तरदायी नहीं होगा।
8. आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण, असत्य या त्रुटिपूर्ण पायी जाती है अथवा वांछित प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं किया जाता है तो उसके आधार पर आवेदक को पूर्व सूचना दिये बिना उसका आवेदन पत्र किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकता है।
9. नगर पालिक निगम द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति को एवं चयन की समस्त प्रक्रिया को किसी भी समय बिना कोई कारण बताए निरस्त किया जा सकेगा। विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय नगर पालिक निगम रीवा का होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

# महाविद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

जागरण, लवकुशनगर



शासकीय महाविद्यालय लवकुशनगर में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ अंतर्गत गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. सी. अहिरवार एवं मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक सुखदेव अवस्थी द्वारा माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा पर डॉ बलराम चौरसिया ने प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें आज इस गुरु पूर्णिमा के पर्व से सीख लेते हुए हमे अपने बुरी आदत को बाहर निकालना है और निरंतर गुरुओं का सम्मान करना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुखदेव अवस्थी ने कहा कि भविष्य को संवारने के लिए हमें केवल वाह्य नहीं बल्कि आंतरिक रूप को भी सुधारना है। विद्यार्थियों को सफलता पाने के लिए कई संदेश विभिन्न कहानियों कविताओं के माध्यम से दिए। उन्होंने बताया कि राम जैसे महान पुरुष को भी गुरु की आवश्यकता पड़ी थी तो हम तो इंसान है। लगन, ईमानदारी के पढ़ने के साथ-साथ अभ्यास भी बहुत जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एच सी अहिरवार ने बताया कि गुरु के निर्देश में ही संस्कृति और साहित्य का बीज पूरा वृक्ष बनता है। गुरु शिष्य परंपरा के बहुत ही हृदय स्पर्शी उदाहरण देते हुए हिंदी कविता का वाचन करते हुए कहा कि शिक्षा के मंदिर में विद्यार्थियों को चिराग की भांति प्रकाश फैलाने का कार्य करना चाहिए ।

डॉ विल्सन ने गुरु और शिष्य के सम्बंध में बात करते हुए मूल्यों को संरक्षित रखने के प्रयास पर प्रकाश डाला। डॉ अभय गुप्ता ने गुरु पूर्णिमा को एक पर्व बताते हुए गुरुकुल परंपरा का अनुसरण करने की बात कही। डॉ शीतल ठाकुर ने शिष्य के लक्ष्य को प्राप्त करने में गुरु की भूमिका बताई डॉक्टर सोना विश्वकर्मा ने कहा कि लोगों के अनेक स्तर पर गुरु होते हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे उनके पद चिन्ह पर चले। रेखा अहिरवार ने गुरु के बिना ज्ञान अधूरा बताया। राजेंद्र गुप्ता के अनुसार पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिकता का भी ध्यान रखना चाहिए। डॉक्टर ज्योति सिंह बघेल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें मंच पर बोलने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास की बातें बताई। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ अंतर्गत गुरू शिष्य परम्परा पर भाषण/कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागियों में आरती प्रजापति, रोहित कुशवाहा, राधिका त्रिवेदी एवं उत्तम सिंह को भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ अंतर्गत प्रमाणपत्र वितरित किए। गुरु पूर्णिमा के इस पावन पर्व पर माननीय मुख्यमंत्री जी के उदबोधन का कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय भोपाल में आयोजित गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का वेबकास्ट के माध्यम से प्रसारण किया गया। प्राचार्य एच. सी. अहिरवार, मुख्य अतिथि अवस्थी, डॉ संजीव विश्वकर्मा, डॉ बलराम चौरसिया, डॉ भरत चौरसिया, डॉ एन. डी. विल्सन, डॉ शीतल सिंह, रामपाल, डॉ सोना विश्वकर्मा, डॉ ज्योति बघेल, सपना राजपूत, डॉ अभय गुप्ता, सुनील कुमार चौरसिया, राजेंद्र गुप्ता, दीपक गुप्ता एवं महाविद्यालय के अन्य स्टॉफ और छात्र छात्राएं इस कार्यक्रम में सहभागी रहे। कार्यक्रम का प्रतिवेदन संदीप सोनी ने तथा संचालन भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ संजीव विश्वकर्मा ने किया और डॉ बलराम चौरसिया ने आभार व्यक्त किया।

# डिंडोरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई 5.167 किलोग्राम गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, डिंडोरी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डिंडोरी जिले में प्रभावी कार्यवाही जारी है। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह के आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा के निर्देशन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शहपुरा श्री मुकेश अविद्रा के मार्गदर्शन में बड़ी कार्रवाई की गई।

थाना शहपुरा प्रभारी अनुराग जामदार एवं चौकी बिछिया प्रभारी राजेश धर दुबे को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम छपरा बंजारी घाट क्षेत्र में कुछ व्यक्ति मादक पदार्थ के साथ मौजूद हैं। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर दबिश दी गई, जिसमें राजेश पिता बोधन साहू (36 वर्ष, निवासी ग्राम बांकी) एवं अंगद पिता शिवराम मरावी (26 वर्ष, निवासी मोहरा खुर्द) को एक थैले में रखे 5 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा (कुल वजन 5.167 किलोग्राम) के साथ पकड़ा गया। साथ ही एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। जब्त संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत ?1,00,000/- है।दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

**इस कार्यवाही में विशेष योगदान रहा** : थाना प्रभारी शहपुरा अनुराग जामदार, चौकी प्रभारी बिछिया राजेश धर दुबे, उप निरीक्षक मनीराम मरावी, सहायक उप निरीक्षक रूक्मणी पासी, नंदकिशोर झरिया, राकेश यादव, प्रधान आरक्षक लल्लू सिंह, आरक्षक अभिषेक पांडे, दीपक वर्मा, लोकेन्द्र भदौरिया, अमित खन्ना, गणेश मार्को, चालक आरक्षक विजय एवं संजू का।

# राजगढ़ सरपंच रमेश प्रसाद विभिन्न मांगो को लेकर बैठें भूख हड़ताल पर

**छतरपुर।** छतरपुर जिले की राजनगर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम राजगढ़ के सरपंच एवं कांग्रेस के नेता राजगढ़ सरपंच रमेश प्रसाद बिल्हा विभिन्न मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठकर क्षेत्र के दलित आदिवासियों की जमीन जो वन भूमि के अंतर्गत आती है उस वन भूमि को राजस्व में दर्ज करवाने हेतु भूख हड़ताल करने जा रहे हैं ग्राम रैपुरा चौकन चनारी के विस्थापित की गई भूमि को राजस्व में दर्ज कराने के के लिए भारत सरकार से निवेदन किया है कि भारत सरकार की स्वीकृति पत्र कमांक स्न्रह-8-101/2002 स्न-ष्ट दिनांक 07/09/2023 के अनुक्रम के तहत भारत सरकार नई दिल्ली के स्न-ह-8-34/2017स्न-ष्ट दिनांक 20/05/2019 से वन भूमि को राजस्व भूमि में परिवर्तित करने के निर्देश मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिये गये थे यह कि श्रीमान् 20/05/2019 से आज तक रैपुरा, चनारी मौटा चौकन के दलित पिकड़ा वर्ग की वन भूमि को राजस्व में दर्ज नहीं किया गया इस में जिला प्रशासन अनुविभागिय अधिकारी राजनगर तहसील राजनगर द्वारा लापरवाही की गई है। जिससे विवस्थापितों को किसान सम्मान निधि व अन्य शासन की योजनाओं से वचित किया गया है अत: श्रीमान आवेदन उपरान्त 10/07/2025 तक बदि वन भूमि राजस्व रिकार्ड में नहीं कि जाती तो रमेश बिल्हा राजगढ़ सरपंच चन्द्रनगर मे आज से समस्त रैपुरा, चनारी के निवासीगण परिवार सहित भूख हडताल पर बैठ गए।

# छतरपुर पुलिस द्वारा जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारी संघ के साथ बैठक संपन्न

**छतरपुर।** छतरपुर पुलिस द्वारा जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापारी संघ के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्राफा व्यापारी, स्टील व्यापारी, कपड़ा व्यापारी, रेस्टोरेंट, होटल संचालक सहित व्यापारीगणों की उपस्थिति रही।व्यापारिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।चक्षु अभियान के तहत सीसीटीवी कैमरों के विस्तारीकरण एवं पहले से लगे कैमरों की स्थिति की नियमित जांच करने की अपील की गई।दुकानों एवं शोरूम में कार्यरत कर्मचारियों की पूर्ण जानकारी (नाम, पता, पहचान पत्र आदि) एकत्र कर स्थानीय थाना पुलिस को अवश्य सूचित करने के निर्देश दिए गए। यह जानकारी अपराध की स्थिति में त्वरित जांच एवं कार्यवाही में सहायक होगी। संदिग्ध एवं रेकी करने वाले तथा अपराधिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देते रहें। बैठक में व्यापारी संघ से पुलिस की अब तक की कार्यवाही पर सुझाव लिए गए तथा आगे की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। सभी व्यापारियों से पुलिस के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।

# नगर परिषद उपचुनाव में भाजपा पराजित, कांग्रेस प्रत्याशी की जीत से लहराई खुशी



**जागरण मंडला।** जिले के नगर परिषद भुआ बिछिया में दिनांक 07/07/2025 को संपन्न नगर परिषद वार्ड क्रमांक 13 के उपचुनाव का परिणाम 10/07/2025 को घोषित हुआ, जिसमें कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी राजकुमारी अमर धुर्वे ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 12 मतों से पराजित कर पार्षद पद पर विजय प्राप्त की। इस जीत से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उल्लास की लहर दौड़ गई। सत्ता पक्ष के धनबल और बाहुबल को मात देते हुए कांग्रेस ने संघर्ष और रणनीति से यह सफलता हासिल की। इस ऐतिहासिक जीत में विधायक एवं जोश सिंह ठाकुर जी के मार्गदर्शन में चुनाव प्रभारी रानू राजपूत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी एवं समस्त टीम की अथक मेहनत निर्णायक साबित हुई।नगरपरिषद भुआ बिछिया के वार्ड क्रमांक 13 के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती राजकुमारी अमर सिंह धुर्वे जी की ऐतिहासिक जीत, कांग्रेस परिवार के संघर्ष की जीत है। टीम बिछिया के एक एक साथी ने दिन रात मेहनत करके सत्ता बल बाहुबल धनबल को हराकर इस संघर्ष पूर्ण जीत को हासिल किया है। इस उपचुनाव के प्रभारी रानू राजपूत जी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी जी सहित टीम बिछिया के हर एक साथी को बधाई। मै उन सभी लोगों का जिन्होंने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से इस चुनाव में सहयोग किया उनका आभार व्यक्त करता हूं। भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रफुल मिश्रा ने भी इस उप चुनाव में भाजपा के पक्ष में प्रचार किया लेकिन वह प्रचार काम न आ सका इस जीत का एक मुख्य कारण भाजपा के नेताओं के द्वारा पूर्व में नगर परिषद बिछिया में जो करोड़ों का घोटाला हुआ वह आज भी नगर परिषद के सभी वार्डो के नागरिकों के मन में घर बना चुका है।

प्रदीप गोस्वामी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया : इस नगर परिषद उप चुनाव में कांग्रेस की जीत हुई हमारे एक एक कार्यकर्ता ने बहुत मेहनत से कार्य किया जिसका यह परिणाम है कि आज हम वार्ड क्रमांक 13 के उपचुनाव में विजय हुए।

**रणधीर सिंह (रानू) राजपूत, उपाध्यक्ष नगर परिषद बिछिया एवं उपचुनाव चुनाव प्रभारी बिछिया**

# मंत्री श्रीमती उइके गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम में हुई शामिल



**जागरण मंडला।** कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपतिया उइके के दादा धनीराम आश्रम महाराजपुर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पहुँची और सभी को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर उन्होंने आश्रम में उपस्थित पूज्य संत-महात्माओं एवं गुरुजनों का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया।इस दौरान आश्रम में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की बात स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं द्वारा की गई। मंत्री श्रीमती उइके ने विधायक निधि से 7 लाख रुपये की राशि का स्वीकृति पत्र आश्रम के सदस्यों को सौंपा। इस मौके पर श्री रानू राजपूत, श्री जोरावर सिंह, श्री रीतेश राय सहित अन्य गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु मौजूद थे।

# 40 साल पुराना मार्केट दशकों से झेल रहा जल निकासी की समस्या



**जागरण मंडला।** नगर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में से एक बस स्टैंड रोड स्थित न्यू मार्केट इन दिनों गंभीर जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। मार्केट की दुकानों के नीचे बने तलघर में लगातार तीन फुट तक पानी भरने से व्यापारियों का सामान खराब हो रहा है और व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों ने इस विकट स्थिति के स्थायी समाधान के लिए नाले के पुनर्निर्माण और सार्वजनिक शौचालय के निर्माण की मांग की है।जानकारी अनुसार मंडला में न्यू मार्केट का निर्माण वर्ष 1982 में नगर पालिका मंडला द्वारा किया गया था और 1985 में दुकानें व उनके तलघर उच्चतम बोली लगाने वाले आवेदकों को आवंटित किए गए थे। तब से दुकानदार नियमित रूप से किराया भी जमा कर रहे हैं। हालांकि पिछले 15 वर्षों से दुकानों के पीछे बना नाला खराब गुणवत्ता के कारण लगातार रिस रहा है। वर्तमान में स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि नाले का पानी सीधे गोदामों में घुस रहा है।बताया गया कि समस्या की जानकारी मिलते ही नगर पालिका सीएमओ गजानन नाफड़े ने तुरंत मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानदारों विशेष रूप से दवा व्यवसायियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझा। सीएमओ के निर्देश पर नगरपालिका की सफाई टीम ने नाले की सफाई करवाई, जिसके बाद जल निकासी में सुधार हुआ है। सीएमओ नाफड़े ने आश्वासन दिया है कि इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी।

## व्यापारियों की प्रमुख मांगें

व्यापारियों ने नगर पालिका से आग्रह किया है कि मार्केट लगभग 40 साल पुराना हो चुका है, इसलिए नाले का पुनर्निर्माण और कांक्रीट संरचना के रूप में किया जाए। इसके साथ ही मार्केट में दुकानदारों और ग्राहकों दोनों की सुविधा के लिए शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है।

## रहता है असामाजिक तत्व जमावड़ा

व्यापारियों ने बताया कि रात्रि में दुकानों के सामने बने कॉरिडोर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे गंदगी फैलती है। व्यापारियों का कहना है कि यदि कॉरिडोर में शटर लगाने की अनुमति मिले और उसका निजी उपयोग न हो तो इस समस्या से निजात मिल सकती है। पुराने निर्माण के कारण कई दुकानों की छतों और दीवारों में दरारें व सीलन की समस्या भी बनी हुई है, जिसे व्यापारी अपने खर्च पर सुधार रहे हैं।

# शहर को हरा-भरा बनाने नपाध्यक्ष ने किया पौधरोपण

**छतरपुर।** छतरपुर शहर को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने के लिए मंगलवार को छतरपुर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने छत्रसाल चौराहा से कॉलेज तिराहा तक स्थित डिवाइडर पर वृक्षारोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की और उनकी देखरेख करें। इस अवसर पर पार्षद सुशील सोनी, पार्षद प्रतिनिधि सुनील वर्मा, उपयंत्री अंकित अरजरिया सहित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने किया बाढ़ प्रभावित रतनपुर चौकी स्कूल का निरीक्षण



**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने नारायणगंज विकासखण्ड के ग्राम रतनपुर चौकी के बाढ़ प्रभावित स्कूल का निरीक्षण किया। जिले में 5 और 6 जुलाई को हुई भारी बारिश के कारण एक शाला एक परिसर वाले इस आवासीय स्कूल, छात्रावास एवं आंगनबाड़ी के संपूर्ण परिसर में बाढ़ का पानी भर गया था। बाढ़ के कारण स्कूल में रखी सामग्री और बच्चों के बिस्तर आदि खराब हो गये थे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर समकक्ष शासकीय अथवा निजी भवन में आवासीय स्कूल का संचालन सुनिश्चित करायें। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त जनजातीय कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि बाढ़ के पानी में खराब हुई विद्यार्थियों की उपयोगी सामग्री पुनः उपलब्ध करायें। परिसर के पास लगे ट्रांसफार्मर की ऊंचाई बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान विधायक निवास श्री चैन सिंह वरकड़े, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जनसंवाद कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह ने सुनी आमजन की समस्याएं



**जागरण डिंडोरी।** आज थाना शहपुरा प्रांगण में पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी श्रीमती वाहनी सिंह द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) शहपुरा सहित थाना क्षेत्र के कस्बा एवं ग्रामीण अंचलों से पधारे गणमान्य नागरिक, ग्राम रक्षा समिति सदस्य, कोटवार, जनप्रतिनिधि, सरपंच, पार्षद, पत्रकारगण एवं वरिष्ठ नागरिकों सहित लगभग 200 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में श्रीमती सिंह ने क्षेत्रवासियों से सीधे संवाद स्थापित कर कानूनी, सामाजिक एवं भौगोलिक समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने थाना प्रभारी शहपुरा एवं चौकी प्रभारी बिछिया को अवैध गतिविधियों, मादक पदार्थों की बिक्री, आदतन अपराधियों और बदमाशों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिस स्टाफ को भी निर्देशित किया कि वे थाने आने वाले पीड़ितों की समस्याओं को संवेदनशीलता और गंभीरता से सुनें और समयबद्ध कानूनी कार्यवाही करें।कार्यक्रम में नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक के इस पहल की सराहना की और ग्राम स्तर पर भी ऐसे संवाद आयोजित करने का आग्रह किया। जन संवाद में महिला एवं बाल सुरक्षा, घरेलू हिंसा, बाढ़ नियंत्रण, आपातकालीन तैयारी, यातायात नियमों का पालन एवं नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। साथ ही नए कानूनों के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की गई।

# धसान नदी पर बने बांध लबालब, लहचूरा बांध के 6 गेट खोले गए

## प्रशासन ने ग्रामीणों को किया सतर्क, नदी से दूर रहने की अपील



**हरपालपुर।** बुंदेलखंड अंचल में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते नदियों, नालों और बांधों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। सावन की शुरुआत से पहले ही इस क्षेत्र में बारिश ने रफ्तार पकड़ ली है, जिससे सभी प्रमुख बांध पानी से लबालब भर चुके हैं।

मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित बान सुजारा बांध के सोमवार, 8 जुलाई की रात 7 गेट खोले गए थे। मंगलवार सुबह 8 बजे तक इसके 12 गेट खोल दिए गए और धसान नदी में करीब 78,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके परिणामस्वरूप नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा और यह पानी बुधवार सुबह तक महोबा जनपद (उत्तर प्रदेश) में स्थित लहचूरा बांध तक पहुंच गया। बांध की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लहचूरा बांध के 6 से 7 गेट खोले गए, जिससे करीब 72,000 क्यूसेक पानी को सुरक्षित रूप से नीचे धसान नदी में छोड़ा जा रहा है। जल निकासी की यह प्रक्रिया बांध में आने वाली पानी की मात्रा और क्षेत्र में हो रही वर्षा पर निर्भर करेगी। वर्तमान में लहचूरा बांध अपने पूर्ण जल स्तर तक भर चुका है।

प्रशासन ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि लहचूरा बांध से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण धसान नदी उफान पर है। ऐसे में नदी किनारे बसे गांवों के निवासियों, मछुआरों, चरवाहों एवं बच्चों से अपील की गई है कि वे नदी के पास न जाएं और पूरी सतर्कता बरतें। किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तरह सतर्क है और स्थानीय लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

# ग्राम पंचायत कदवा, पठा में कृषकों को जनप्रतिनिधियों द्वारा मिनीकिट का वितरण

**छतरपुर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग छतरपुर के द्वारा जिले में संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं के अंतर्गत आठों विकासखंडों के किसानों को खरीफ में बोये जाने वाली फसलों उड़द, मूंग, सोयाबीन, मूंगफली, तिल, कोदो-कुटकी, रागी के उन्नत बीजों का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को विकासखण्ड लवकुशनगर की ग्राम पंचायत पठा में राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा उड़द मिनीकिट का निःशुल्क वितरण किया गया। इसके साथ ही राजनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत कदवा में पूर्व सरपंच की उपस्थिति में उड़द मिनीकिट का वितरण किया गया। एवं बिजावर वि.ख. में भी मिनीकिट का वितरण किया गया। साथ ही किसानों से अपील की जा रही है कि, इस बीज का उपायोग कर अधिक उत्पादन प्राप्त करें तथा इसको अगले वर्ष बीज के लिए भी सुरक्षित रखें। इसी प्रकार राष्टीय खाद्य सुरक्षा मिशन दलहन के अंतर्गत जिले के विकासखंडों के किसानों को उनकी पात्रता के अनुसार अरहर, उड़द, मूग, धान के प्रदर्शन तथा बुदेलखंड विशेष पैकिज के अंतर्गत अरहर, उड़द, मूग, एवं राष्टीय मिशन ऑन इंडीबल ऑयल तिलहन योजनांतर्गत मूगफली, सोयाबीन तथा तिल के प्रदर्शन हेतु उन्नत किस्मों के बीजों का वितरण किया जा रहा है।

किसानों को योजनाओं के अतंर्गत 1 हेक्टेयर से लेकर अधिकतम 2 हेक्टेयर तक प्रदर्शन हेतु शासन के द्वारा प्रावधानित अनुदान के अंतर्गत उन्नत किस्मों के बीज उपलब्ध कराए जा रहे है। साथ ही किसानों को उन्नत तरीके से फसल प्रदर्शन का आयोजन करने के लिए कृषि अधिकारियों तथा कृषि विशेषज्ञों द्वारा तकनीकि सलाह दी जा रही है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# राजनीतिक मुद्दों के इर्द-गिर्द हो रही 'धर्म सभाएं'

> यदि इस मंच से सनातन धर्म पर कुछ उपदेश दिए जाते, विचार रखे जाते और सनातनियों के लिए संदेश दिए जाते, तो आयोजन को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक माना जा सकता था।

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में, कुछ दिन पहले, एक मंच सजा था, जिससे वक्फ संशोधन कानून को कूड़ेदान में फेंकने और 'शरिया लाओ' की हुंकारें भरी गई थीं। वह वैचारिक कम और राजनीतिक अधिक आयोजन था। अब उसी मैदान में भगवान परशुराम के जन्म-महोत्सव के नाम पर एक और मंच सजा है-'सनातन महाकुंभ।' इस पूरे कार्यक्रम के आयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे थे। जगद्गुरु रामभद्राचार्य मुख्य अध्यक्ष और बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री मुख्य आकर्षण थे। हालांकि बाबा ने स्पष्ट किया कि वह राजनीति के लिए नहीं, रामनीति के लिए आए हैं। जब भारत 'हिंदू राष्ट्र' बनेगा, तो बिहार उसका पहला हिंदू-राज्य होगा। बाबा ने मंच से यह भी आह्वान किया कि बिहार के पागलों! यह गांठ बांध लो कि हमें 'गजवा-ए-हिंद' के स्थान पर 'भगवा-ए-हिंद' देश बनाना है।' बाबा ने फिर यह साफ किया कि जिस-जिस पार्टी में हिंदू हैं, हम उन सभी पार्टियों के साथ हैं। क्या बाबा बागेश्वर के कथनों और आह्वानों से स्पष्ट नहीं होता कि वह किस पार्टी के प्रचार के लिए आए थे? क्या धर्मगुरु का काम धर्म के नाम पर वोट मांगना ही रह गया है? जगद्गुरु रामभद्राचार्य बाबा बागेश्वर से बहुत आगे निकल गए। उन्होंने लालू यादव का नाम लिए बिना ही 'चारा घोटाले' का उल्लेख किया। उन्हें भारत सरकार ने इसी वर्ष 'पद्मविभूषण' से अलंकृत किया है। उन्हें 'ज्ञानपीठ' पुरस्कार भी मिला है। किसी की टिप्पणी पर जगद्गुरु ने पलटजवाब दिया-'कमोबेश हम पशुओं का चारा नहीं खाते।' रामभद्राचार्य ने भविष्यवाणी-सी की है कि इस बार राष्ट्र-विरोधियों, हिंदू-विरोधियों और राम-विरोधियों को सत्ता नहीं दी जाएगी। सत्ता उन्हें ही मिलेगी, जो हिंदुओं के लिए संघर्ष करेंगे, क्रांति करेंगे। रामभद्राचार्य ने लगभग हुंकार के अंदाज में यह भी कहा-'जो सनातन को बांटना चाहेगा, वह स्वयं बंट जाएगा। जो काटना चाहेगा, वह स्वयं कट जाएगा। ' क्या ये शब्द किसी साधु-संत के प्रतीत होते हैं? जगद्गुरु विचारोत्तेजक और आक्रोशित लगे। यह मुद्रा एक जगद्गुरु की नहीं हो सकती। भगवान परशुराम पर कुछ शब्द भी समर्पित नहीं किए गए। रामभद्राचार्य और धीरेंद्र शास्त्री के वक्तव्य राजनीतिक बिंदुओं के इर्द-गिर्द केंद्रित रहे। क्या धर्माचार्यों की भूमिका भी बिल्कुल राजनीतिक हो गई है? दोनों साधु-संत भाजपा के प्रमुख प्रचारक की भूमिका में प्रतीत हुए। स्पष्ट लगता है कि चुनाव हिंदू-मुसलमान ध्रुवीकरण के आधार पर लड़े जाएंगे। आयोजन में अनेक साधु-संत उपस्थित थे। मुस्लिम राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खां और बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा भी मंच पर मौजूद थे। किसी भी वक्ता ने बिहार की गरीबी, अनपढ़ता, पिछड़ेपन, पलायन आदि बुनियादी समस्याओं पर एक भी शब्द नहीं बोला। बिहार में जो 'जंगलराज' 20 साल पहले था, कमोबेश वह आज भी मौजूद है। इसी साल अभी तक 116 कत्ल किए जा चुके हैं। बलात्कार, डकैती, फिरौती आदि अपराधों को तो भूल ही जाएं। सरेआम हत्याएं आज क्यों हो रही हैं? साधु-संतों के सरोकार सामाजिक भी होते हैं। यदि उन्होंने ऐसे मुद्दे भी छुए होते, तो विचार व्यापक लगते।


# काफी उज्ज्वल नजर आ रहा है टीम इंडिया का भविष्य

> यदि गिल ऐसे ही खेलते रहे, तो न जाने कितने और इतिहास रचे जाएंगे। यह भारत के भविष्य की क्रिकेट टीम है। इन्हीं खिलाड़ियों में से सचिन, द्रविड़, सौरव, विराट, रोहित आदि विराट खिलाड़ी बनने हैं। कई अग्नि-परीक्षाएं देनी हैं।

वाह कप्तान शुभमन गिल! क्या शानदार उपलब्धि हासिल की है कि 25 साल की उम्र का बल्लेबाज शुभमन गिल मंसूर अली खां पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली सरीखे टीम इंडिया के ऐतिहासिक बल्लेबाजों की श्रेणी में प्रवेश कर गया। टेस्ट कप्तान के तौर पर गिल ने 269 रन (30 चौके और 3 छक्के) की जो विराट पारी खेली है, उससे वह 'सर्वोच्च कप्तान' बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ, इंग्लैंड की सरजमीं पर, गावस्कर ने 1979 में 221 रन और 'दीवार' द्रविड़ ने 2002 में 217 रन की 'सुपर पारियां' खेली थीं, लेकिन वे टीम के कप्तान नहीं थे। ऐसे ऐतिहासिक बल्लेबाजों के कीर्तिमानों को पीछे छोड़ कर 269 रन का अपना 'मील पत्थर' स्थापित करना कितना सुखद और गुदगुदाने वाला लगता होगा!

शुभमन ने टीम इंडिया के 'विराट बल्लेबाज' विराट कोहली के अभी तक के विराट स्कोर 254 रन को भी पीछे छोड़ दिया। हालांकि दक्षिण अफ्रीका की टीम के खिलाफ वह मैच पुणे (भारत) में खेला गया था। बल्लेबाजों की कतार में 319 रन ठोंकने वाले वीरेंद्र सहवाग वाकई 'सर्वोच्च' रहे, हालांकि वह टीम कप्तान कभी नहीं रहे। करुण नायर ने भी 300 रन का आंकड़ा पार किया है, हालांकि वह करियर के दूसरे चरण में अभी 'अग्नि-परीक्षा' के दौर से गुजर रहे हैं। वीवीएस लक्ष्मण ने भी स्टीव वॉ की ऑस्ट्रेलियाई अजेय टीम के खिलाफ 281 रन बनाए थे, लेकिन शुभमन गिल की अप्रतिम उपलब्धि यह है कि वह टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान हैं और अपेक्षाकृत युवा और नए अनुभव वाले खिलाड़ी हैं। पूरी टीम ही युवा और नई है। यह भारतीय क्रिकेट का संक्रमणकाल है। दिग्गज और शतकवीर बल्लेबाज सेवामुक्त हो चुके हैं। इंग्लैंड की सरजमीं पर कप्तान के तौर पर ऑस्ट्रलिया के बॉबी सिम्पसन की 311 रन (1964) और दक्षिण अफ्रीका के युवा ग्रीम स्मिथ की 277 रन (बर्मिंघम, 2003) की पारियों के बाद शुभमन तीसरे स्थान पर हैं। वे दिग्गज बल्लेबाज भी अतीत हो चुके हैं। सिर्फ गिल ही मौजूदा दौर में खेल रहे हैं, लिहाजा 269 रन का कीर्तिमान भी अतुलनीय है। गिल अपनी कप्तानी में दूसरा टेस्ट मैच ही खेल रहे हैं। उन्हें कई और मील-पत्थर पार करने हैं। कप्तान शुभमन एशिया के भी 'सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज' बन गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के तत्कालीन कप्तान दिलशान की 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ खेली 193 रनों की पारी को भी पीछे कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि शुभमन का प्रथम दोहरा शतक लगभग त्रुटिहीन और सटीक था। उन्होंने मात्र 3.5 फीसदी शॉट्स ही गलत खेले। बहरहाल इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 587 रनों का पहाड़ बुन दिया है। यह कथन इसलिए सही है, क्योंकि इंग्लैंड के 3 शतकवीर बल्लेबाज मात्र 25 रनों पर ही ढह गए हैं। यह बड़ी विराट चुनौती है। यह इंग्लैंड की सरजमीं पर 18 लंबे सालों के बाद संभव हुआ है, जब टीम इंडिया ने 500 रनों का आंकड़ा पार किया है। यह संभव इसलिए हो सका, क्योंकि गिल ने ऐतिहासिक 269 रन की पारी खेली, भारत ने 371 रन पांच विकेट गिरने के बाद बनाए। यह इतिहास का टीम इंडिया का सर्वोच्च स्कोर है। गिल एक ही सीरिज में 400 रन बनाने के बहुत करीब पहुंच गए हैं। यह पांच मैचों की श्रृंखला है। यदि गिल ऐसे ही खेलते रहे, तो न जाने कितने और इतिहास रचे जाएंगे। बहरहाल यह भारत के भविष्य की क्रिकेट टीम है। इन्हीं खिलाड़ियों में से सचिन, द्रविड़, सौरव, विराट, रोहित आदि विराट खिलाड़ी बनने हैं। कई अग्नि-परीक्षाएं देनी हैं। इंग्लैंड ही अंतिम परीक्षा नहीं है। खेल के किसी भी विभाग में जो खामियां हैं, डर है, आशंकाएं हैं, उन पर विजय प्राप्त करनी है। देश तब भी आशंकित और सवालिया मुद्रा में था, जब शुभमन को टीम इंडिया का टेस्ट कप्तान घोषित किया गया। यह खेल टी-20 से बिल्कुल भिन्न है, लेकिन शुभमन ने अपने नेतृत्व की बानगी भी दी है। वह साथियों से लगातार संवाद करते हैं और साथियों के सुझाव भी सुनते हैं। फिर खेल की रणनीति तय करते हैं। वह नाकामी को भी पूरे समर्पण के साथ ग्रहण करते हैं। बहरहाल टीम इंडिया का नया भविष्य हमें तो उज्ज्वल और सकारात्मक लगता है। टीम इंडिया को इसी लय के साथ आगे भी खेलना होगा।

# माला फेरत जुग भया...



भारत की भूमि तपोभूमि है... देवभूमि है... ऋषिभूमि है... यहां युगों-युगों से तपस्या हो रही है... ईश्वर की आराधना और भक्ति हो रही है... साधु-महात्माओं-पंडितों की भरमार है अपने देश में... हर रंग के... हर ढंग के साधुओं से पटा पड़ा है यह देश... भक्तों की तो गणना करना भी संभव नहीं है अपने हिन्दुस्तान में... जितनी आबादी है... जितनी जनसंख्या है... उतने ही भक्त हैं अपने देश में... युगों-युगों के संस्कारों ने भला किसी भारतीय को नास्तिक छोड़ा ही कहाँ है...?

लेकिन हमारे देश में जो धर्म का स्वरूप हम हिन्दुओं में आज के वर्तमान युग में व्याप्त है... क्या वही धर्म है...? राम-कृष्ण-शिव और दुर्गा माता आदि-आदि अनेकों देवताओं की अलग-अलग ढंगों से जो पूजा हम परम्परागत तरीके से करते चले आ रहे हैं... क्या वह सिर्फ पूजन पद्धति भर नहीं है...?

मेरे आध्यात्मिक चिंतन की दृष्टि में... जब-जब धार्मिकता विवेक शून्य हो उठती है... जब-जब किसी भी धर्म की विचारधारा के प्रवाह में ठहराव आ जाता है... जब-जब भक्ति मनोभावों की पवित्र निर्मलता खोकर स्वार्थ और सुख की लालसा पाल बैठती है... तब-तब उसमें जड़ता आ जाती है... मूर्खता और विवेक शून्यता आ जाती है... इस जड़ता से हमारा देश हिन्दुस्तान कई बार छला जा चुका है... लुटा जा चुका है...

''**अहिंसा परमोधर्मः**'' के सिद्धांत ने हमारी वीर वसुन्धरा भारत के रणबांकुरों की तलवारों में जंग लगा दी थी... थोथी अहिंसा ने देश की शौर्य वीरता को समाप्त कर डाला था... हम सब उस निराकार ईश्वर से हर छोटी-बड़ी मुसीबत में साकार होकर... हमारी रक्षा करने की आस लगा बैठे थे...

एक ऐसा ही युग था जब विश्व के सबसे अधिक समृद्ध व धनवान शिव मंदिर गुजरात के श्री सोमनाथ पर... महमूद गजनवी ने सोने-हीरे-जवाहरातों की लालच में आक्रमण कर दिया था...

सोमनाथ के विशाल मंदिर में सेवारत हजारों पुजारियों ने तब यह मान लिया था कि... भगवान भोलेनाथ... सोमनाथ शिवशंकर त्रिशूलधारी... त्रिनेत्रधारी... स्वयं अपनी व अपने मंदिर की रक्षा कर लेंगे... किसी को कुछ नहीं करना... उस समय पूरे हिन्दू समाज को सोमनाथ के ब्राह्मण-पुजारियों के इस अंधविश्वास ने... असमंजस और अकर्मण्यता की भ्रामक स्थिति में डाल दिया था... और तब देखते-देखते जबकि गजनवी के मुस्लिम सैनिक हजारों की तादात में चढ़ बैठे... तब कहीं जाकर राजपूत वीर योद्धा भी हाथों में नंगी तलवार थामे सोमनाथ की रक्षा को दौड़े...




वीर हिन्दू राजपूतों की रणबांकुरी सेना की भगवान सोमनाथ की भक्ति देख महमूद गजनवी को लगा कि बड़ा खून-खराबा होगा... तब उसने एक चाल चली... अपने सैनिकों के आगे-पीछे उसने गायों के बड़े-बड़े झुन्ड कर दिये... भला राजपूताना के हिन्दू सैनिक कैसे गायों पर तीर-तलवार चला कर गौमाता का वध करते...? हमारे धर्म ने तो हमें घुट्टी में पिला दिया था कि गौवध करोगे तो नर्क में जाओगे...

गायों की हत्या के पाप से बचने के लिए हजारों राजपूतों ने खुद को बलि का बकरा बनना मंजूर किया... एक अंधविश्वास के पीछे हजारों-हजार वीर राजपूत कट मरे... लेकिन फिर भी भगवान सोमनाथ की रक्षा नहीं कर सके... उनके जीवन का बलिदान व्यर्थ गया... सो पहले महमूद गजनवी के मुस्लिम सैनिकों ने मंदिर के बेशुमार खजाने को... हीरे-जवाहरातों को जी भरकर लूटा... भगवान सोमनाथ के शिवलिंग को तोड़-फोड़कर अपमानित किया... फिर इस गगनचुम्बी शिवालय को तोड़कर जमींदोज कर दिया... और इतना सब करने में जितने दिनों का वक्त लगा... इस वक्त में उन्होंने जी भरकर गौमांस का भक्षण किया... उन्हीं गउओं का मांस गजनवी के सैनिकों ने छककर खाया जिन गउओं के कारण हजारों हिन्दू राजपूत कट मरे थे...

न जाने तब उस युग के सब पंडित व सैनिक, यह क्योंकी वक्त पड़ने पर... धर्म की रक्षा करने भगवान श्री राम-लक्ष्मण को भूल गये, ने न सिर्फ पशुओं का वरन स्त्रियों तक का वध करवा डाला था... सूर्पनखा की नाक लक्ष्मण ने काट डाली थी और ताड़का का वध प्रभु श्री राम ने कर डाला था... बाल ब्रह्मचारी... पर बुद्धिमान-अतुलित बल धामा श्री हनुमान जी ने भी लंकिनी की नाक पर जोर का मुक्का मारकर उसकी जीवन लीला हर ली थी...

धर्म की रक्षा तो आखिर वही कर सकेगा ना...! जो धर्म क्या है यह समझेगा... न कि वह जो पाप-पुण्य की व्याख्याओं को लकीर का फकीर बना धर्मग्रन्थों में धर्म की परिभाषा खोजता रहता है... बच गये किन्तु धर्म चला गया... गऊ बच गई किन्तु सोमनाथ लुट गया... पंडित धर्मग्रन्थों में उलझे रहे... किन्तु राजपूत वीर सैनिक काट डाले गये... धर्म लुट गया... राष्ट्र की कीर्ति भंग हो गई... हिन्दुत्व का मर्म खो गया...

**तेरो ईश्वर तूहि है, और न दूसर शिव।**
**महत भऊल कर आपनी, भयो तुच्छ तू जीव।।**
**भयो तुच्छ तू जीव, न कारज को संवारयो।**
**अपनो... आप अपना काम बिगारयो।**
**कह गिरधर कविराय, आपको आपैं हेरौ।**
**आधि-व्याधि को ताप, सकल मिटि जावे तेरो।।**

(अर्थात- तेरे ईश्वर तू ही है... और तेरा शिव भी तू ही है... कोई दूसरा शिव नहीं... अपने महत्व को भूलकर... अविद्या के कारण तू अपने को तुच्छ जीव मानने लगा... अपने ही हाथों तू अपना ही काम बिगाड़ बैठता है... जब खुद ही तू अपने आपको देखने- समझने लगेगा तब कोई आधि-व्याधि नहीं रहेगी और तेरा सारा संदेह जनित दुःख दूर हो जायेगा)

तो यह परिणाम है धर्म में जड़ता आने का... एक और किस्सा सुनाता हूँ कि... जब भक्ति में स्वार्थ आ जाता है तब क्या होता है... एक साधु किसी नगर के बाहर घास-फूस की झोपड़ी बनाकर राम-राम रटता था... कोई कुछ दे तो लेता नहीं था... अपने को निर्लिप्त व माया-मोह से दूर मानता था...

एक दिन जोर का तूफान आया... साधु को लगा कहीं उसकी झोपड़ी उड़ न जाये तूफान में... सो वह बड़ी जोर से अपनी झोपड़ी पकड़कर बैठ गया... और कहने लगा... राम जी रुपया-पैसा तो कुछ लेता नहीं... बस यह एक झोपड़ी ही तो सहारा है... प्रभु जी इसे तो बचा देना... पर तूफान और तेज हो उठा... जीवन भर यह दम्भ पालने वाला साधु कि मैं तो राम सहारे जीता हूँ... घबरा उठा... वह देखता था कि जो बड़े-बड़े भक्त उसके पास आते थे... वह अपनी-अपनी पत्नियों की बात ज्यादा ही मानते थे... उन्हीं के कहने से पुरुष भक्त उस साधु के पास आते थे...

सो वह आँधी-तूफान के इस संकट की घड़ी में चिल्लाने लगा... सीता माँ... ओऽऽ सीता माता... अरी मइयाऽऽ... अब तो बचा ले... मोरी झोपड़ी की छत उड़ी जात है सीता मइया बचाइ लो...

परन्तु देखते-देखते उसकी झोपड़ी की घास-फूस की छत तूफान में उड़ गई... तब उसे याद आया कि सीता मइया तो हनुमान जी की सब बात मानती हैं... राम जी को भी हनुमान जी प्यारे हैं... सो झोपड़ी की छत उड़ने से खिसियाया हुआ साधु चिल्लाने लगा...

अरेऽऽ तुम तो पवन पुत्र हो हनुमान स्वामी... मोरी छत उड़ा दई सो उड़ा दई... तुम्हें राम-सीता की सौं तुम झोपड़ियां की दीवार न उड़ा देना... कुछ तो किरपा करना... पवन धीरे करवा दो पवन पुत्र...

पर कहाँ कौन सुनता है... स्वार्थ और दम्भ भरे जीव की घास-फूस की झोपड़ी भला कहाँ ठहरती तूफान के सामने... सो जा उड़ी... और उस पर आफत यह कि लगी जोर की बारिश होने... आसमान पर बिजलियाँ कड़क उठीं... साधु के प्राणों पर बन आयी... वह दौड़ा झोपड़ी के बाहर लगे हुए महुआ के पेड़ की ओर... और लगा चिल्लाने... एक साधु की झोपड़ी तो बचाई नहीं जाती तुम दुनिया कैसे बचाओगे राम जी सीता जी हनुमान जी...! जाने तुम कैसे कहते हो कि संसार तुम ही चलाते हो... अब खड़े रहो बिरबा के नीचे...

भगवान को सच्चे हृदय से अपने भीतर धारण करना चाहिये... न कि उसे धारण करने का दम्भ पालना चाहिये... न ही निर्लिप्त होने का ढोंग दिखावा करना चाहिये... आखिर झोपड़ी की रक्षा की कामना भी तो स्वार्थ ही है... वह भी तो मोह का पाश ही तो है...

भला कौन है इस जग में बिना किसी दूसरे के सहारे के है...? पुरुष तो प्रकृति के सहारे ही शोभा पाता है... प्रकृति से ही तो जीवन पाता है... भला बिना सूरज की किरणों के... बिना पवन के झोंके के... बिना वर्षा के जल के भी कोई कभी रह सका है...? साधु भले कितना भी निर्लिप्त हो... आखिरकार वह भी तो किसी गृहस्थ की दो रोटियों पर ही तो जीवन धारण करके राम-राम भजता है... ईश्वर माला फेरने से नहीं... मन का मैल मिटने से मिलेगा...

**प्रनतपाल रघुनायक करुना सिंधु खरारि।**
**गएँ सरन प्रभु राखि हैं तब अपराध बिसारि।।**

(अर्थात प्रभु श्री राम शरणागतों के रक्षक और दया के समुद्र हैं। उनकी सच्चे मन से शरण में जाने से प्रभु अपराध भुलाकर शरणागत को शरण देते हैं)

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

# नोबेल के लिए ट्रंप की राह में हैं कई मुश्किलें

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दा

सुरेंद्र कुमार, पूर्व राजदूत



> जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार की अपनी लालसा जाहिर कर रहे हैं, शायद ही कभी नेल्सन मंडेला, दलाई लामा, रेव डेसमंड टूटू या प्रोफेसर वांगारी मथाई जैसी नामचीन हस्तियों ने यह सम्मान पाने के लिए ऐसा किया होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने निस्संदेह अपने इस दूसरे कार्यकाल के शुरुआती छह महीनों में ही कई संघर्ष खत्म करवाए हैं, पर वह यह नहीं समझते कि नोबेल समिति को शांति पुरस्कार ऐसे व्यक्ति को देने में मुश्किल होगी, जिसने एक संप्रभु राष्ट्र के परमाणु-स्थलों पर 30,000 पाउंड वजनी जीबीयू-57 बम गिराने की अनुमति दी हो, जो 1945 में हिरोशिमा और नागासाकी में गिराए गए बमों से भी अधिक विनाशकारी थे। लिहाजा, यह उचित वक्त है कि नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप कुछ अलग तरीका अपनाएं। इसके लिए उन्हें बहुत दूर जाने की जरूरत भी नहीं होगी। राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात व इजरायली प्रधानमंत्री मेनाकेम बेगिन के बीच कैंप डेविड में मुलाकात और 17 सितंबर, 1978 को 12 दिनों की लंबी बातचीत के बाद कैंप डेविड समझौता कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके कारण दो कट्टर दुश्मन मुल्क- इजरायल व मिस्र के बीच पहली शांति संधि हुई। सादात और बेगिन, दोनों को इस ऐतिहासिक समझौते के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया। इसी तरह, वह राष्ट्रपति बिल क्लिंटन थे, जो 13 सितंबर, 1993 को इजरायल के प्रधानमंत्री यित्जाक राबिन और फलस्तीनी नेता यासिर अराफात के बीच हुए ओस्लो समझौता कराने में सफल रहे। राबिन और अराफात, दोनों शिमोन पेरेस के साथ 1994 में 'मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने के प्रयासों के लिए' नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किए गए। इन दोनों मामलों में क्या समानता है? किसी भी पक्ष ने दूसरे को खत्म करने की कोशिश नहीं की। इसके उलट, गुस्से, नफरत और अविश्वास की गहरी खाई के बावजूद उन्होंने शांति, सहयोग और समृद्धि के लिए अपने दीर्घकालिक नजरिये को सामने रखा। इतना ही नहीं, ये बैठकें इसलिए भी सफल रहीं, क्योंकि दोनों पक्षों ने अमेरिकी राष्ट्रपति पर भरोसा किया और उन्होंने भी निष्पक्षता व ईमानदारी दिखाई। लिहाजा, ट्रंप के पास फलस्तीन और इजरायल में अमन-ओ-अमान लाने का मौका है। यदि वह सफल होते हैं, तो नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार हो सकते हैं। मगर अमेरिकी दूतावास को येरुशलम में स्थानांतरित करने; सीरिया के गोलान हाइट्स पर इजरायल द्वारा कब्जा करने व बस्तियां बसाने; लेबनान, गाजा, पश्चिमी तट व सीरिया में इजरायली घुसपैठ की अनदेखी करने; और गाजा की मानवीय त्रासदी के प्रति उदासीन बने रहने के कारण उन्हें एक ईमानदार मध्यस्थ के तौर पर नहीं देखा जा सकता। नेतन्याहू को यह एहसास नहीं है कि उनके हमलों से जो नफरत पैदा होगी, उसके कारण दस गुना अधिक कट्टरपंथी फलस्तीनी नौजवान उभरेंगे, जो आने वाले वर्षों में इजरायल पर आत्मघाती हमला कर सकते हैं।

ट्रंप को अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए इजरायल को गाजा से हटने और हमास से सभी बंधकों को छोड़ने के लिए कहना चाहिए। इजरायल और पाकिस्तान दोनों ट्रंप के गुड बुक में रहना चाहते हैं. उनको लगता है कि ट्रंप के इगो को बुस्ट करना उनके फायदे में हो सकता है। ईरान के साथ जंग के बीच कई मौकों पर ट्रंप ने इजरायल को लताड़ा है लेकिन आखिर में उसकी मदद के लिए अपने बंकर-फोड़ बमों को ईरान पर गिराया भी है। गाजा में इजरायल का सैन्य अभियान जारी है और उसके यूरोपीय सहयोगी एक-एक कर अपनी नाराजगी खुले तौर पर जता रहे हैं, नेतन्याहू पर वॉर क्राइम का आरोप लगा रहे हैं। ऐसे में बिग ब्रदर अमेरिका का राष्ट्रपति आपके साथ बना रहे तो उसके लिए इससे अच्छा क्या होगा। पाकिस्तान भी भारत आतंकवाद विरोधी स्पष्ट स्टैंड से डरा हुआ है। उसे भी बड़े भैया की पनाह की जरूरत जान पड़ रही है. वो भी अमेरिका की चापलूसी में लगा हुआ है। लेकिन दोनों देशों को एक बात ध्यान में रखनी होगी- ट्रंप का ट्रैक रिकॉर्ड बता रहा है कि वो कब क्या कर दें नहीं पता।

**ट्रंप किस आधार पर नोबेल शांति पुरस्कार का सपना देख रहे हैं?** : ट्रंप को पिछले कुछ वर्षों में समर्थकों, पार्टनर देशों और अपने वफादार सांसदों से कई नोबेल शांति पुरस्कार नामांकन मिले हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने हाल ही में शिकायत की है कि भारत और पाकिस्तान के साथ-साथ सर्बिया और कोसोवो के बीच संघर्ष में मध्यस्थता की भूमिका के लिए नॉर्वे की नोबेल समिति ने उन्हें नजरअंदाज किया है। भले ट्रंप बार-बार दावा कर रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाया है लेकिन भारत सरकार ने अलग-अलग मंचों पर दृढ़ता से यह स्पष्ट किया है कि अमेरिका का इसमें कोई रोल नहीं है, यह मुद्दा द्वि-पक्षीय है और भारत कभी तीसरे देश को मध्यस्थ बनने की इजाजत नहीं देगा। ट्रंप ने खुद को शांति-दूत बताते हुए राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार किया था। उन्होंने दावा किया था कि वो आते ही यूक्रेन और गाजा में युद्धों को जल्द से जल्द समाप्त कर देंगे और इसके लिए वो अपनी बातचीत कौशल का उपयोग करेंगे। हालांकि उनके राष्ट्पति बने 181 दिन हो गए हैं और अभी भी दोनों संघर्ष जारी है। इतना ही नहीं ट्रंप ने खुद अमेरिका को जंग में उतारा जब उन्होंने ईरान-इजरायल युद्ध के बीच ईरान पर हवाई हमले करवाए।

**कैसे मिलता है नोबेल शांति पुरस्कार ?**
नॉर्वे की नोबेल समिति नोबेल शांति पुरस्कार विजेताओं के चयन के लिए जिम्मेदार है। नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन किसी भी ऐसे व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है जो इसके लिए योग्य है। इसकी योग्यता के 9 पैमाने हैं। अब सवाल कि नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए कौन योग्य है। समिति के अनुसार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए पात्र उम्मीदवार वे व्यक्ति या संगठन हैं जिन्हें योग्य व्यक्तियों द्वारा नॉमिनेट किया गया है। पुरस्कार के लिए खुद को नॉमिनेट नहीं किया जा सकता है । नॉर्वे की नोबेल समिति नॉर्वे की संसद द्वारा नियुक्त पांच सदस्यों से बनी है। नोबेल शांति पुरस्कार नॉर्वे के ओस्लो में दिया जाता है। जबकि स्वीडन के स्टॉकहोम में फिजिक्स, केमिस्ट्री, फिजियोलॉजी या मेडिसिन, साहित्य और इकनॉमिक साइंस में नोबेल पुरस्कार दिए जाते हैं। नॉमिनेशन की आखिरी तारीख 31 जनवरी होती है. फरवरी से मार्च के बीच समिति उम्मीदवारों के काम का आकलन करती है और छांटकर एक छोटी सूची (शॉर्ट लिस्ट) तैयार करती है। मार्च से अगस्त के बीच स्थाई सलाहकारों की टीम इस शॉर्ट लिस्ट पर विचार करती है ।

संस्थान के डायरेक्टर और रिसर्च डायरेक्टर के अलावा, सलाहकारों के टीम में विषय क्षेत्रों में व्यापक विशेषज्ञता वाले नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों का एक छोटा समूह शामिल होता है। सलाहकारों के पास अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिए आमतौर पर कुछ महीनों का समय होता है. कभी-कभी अन्य नॉर्वेजियन और विदेशी विशेषज्ञों से भी रिपोर्ट का अनुरोध किया जाता है।

इसके बाद अक्टूबर की शुरुआत में, नोबेल समिति बहुमत वोट के माध्यम से नोबेल शांति पुरस्कार विजेताओं का चयन करती है. निर्णय अंतिम होता है और उसके खिलाफ कोई अपील नहीं की जा सकती है। इसके बाद नोबेल शांति पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की जाती है. नोबेल शांति पुरस्कार पुरस्कार समारोह 10 दिसंबर को ओस्लो, नॉर्वे में होता है। नोबेल फाउंडेशन के कानून के अनुसार किसे नॉमिनेशन मिला था, इसके बारे में जानकारी का सार्वजनिक या निजी तौर पर 50 सालों तक खुलासा नहीं किया जा सकता।

# जैन को एक्सटेंशन नहीं मिला, तो राजौरा अगले सीएस!

## मध्यप्रदेश के लिए अगला माह प्रशासनिक दृष्टि से रहेगा महत्वपूर्ण, दो आईएएस की होनी है सेवानिवृत्ति

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के लिए अगला माह प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होने वाला है, क्योंकि इसी माह मौजूदा मुख्य सचिव अनुराग जैन और गृह विभाग संभाल रहे अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया सेवानिवृत्त हो रहे हैं। चर्चा है कि यदि जैन को एक्सटेंशन नहीं मिलता है, तो फिर पूर्व में इस पद के प्रबल दावेदार रहे राजेश राजौरा अगले सीएस की दौड़ में सबसे आगे होंगे। गौरतलब है कि मौजूदा मुख्य सचिव अनुराग जैन 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी जैन 11 अगस्त को अपना 60वां जन्मदिन मनाएंगे। उनके साथ ही आईएएस बने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया भी 12 अगस्त को 60 साल की उम्र पूरी कर लेंगे। इन दोनों अधिकारियों ने ही 21 अगस्त 1989 को अपनी सेवाएं बतौर आईएएस अधिकारी शुरू की थीं, लेकिन नियमानुसार ये दोनों अधिकारी 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होंगे। प्रशासनिक गलियारों में चल रही खबरों की मानें तो मुख्य सचिव अनुराग जैन के एक्सटेंशन पर सारा दरोमदार है। सरकार यदि जैन को छह माह का एक्सटेंशन देती है, तो फिर सीएस पद की



होड़ के लिए अधिकारियों की दावेदारी अपने आप खत्म हो जाएगी और यदि किसी कारणवश ऐसा नहीं होता है, तो फिर डॉ. राजौरा इस पद के लिए सबसे मजबूत अधिकारी होंगे। हालांकि चर्चा यह भी है कि दिल्ली में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ वर्ष 1990 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी अलका उपाध्याय ने भी अगले सीएस पद के लिए सक्रिय हो गई हैं। महिला सशक्तीकरण के फार्मूले पर यदि गौर किया गया, तो उनका दावा भी मजबूत हो सकता है। पिछले दो महीने में उपाध्याय कई बार मध्यप्रदेश के दौरे पर आ चुकी हैं।



अनुराग जैन



राजेश राजौरा



जेएन कंसोटिया



अलका उपाध्याय

### इस बार भी गेंद केंद्र के पाले में

जब भी सूबे के सबसे बड़े प्रशासनिक पद मुख्य सचिव के लिए फैसला होता है, तो उसमें सबसे बड़ी भूमिका केन्द्र की रहती है। प्रदेश द्वारा इस पद के लिए अधिकारियों के नामों का पैनल भेजा जाता है। उस पर सीएम की सहमति के बाद केन्द्र सरकार निर्णय लेती है। कई बार केन्द्र अपना वीटो का उपयोग कर अन्य अधिकारी को मुख्य सचिव बनाने का सुझाव प्रदेश सरकार को देता है, जिसे अमूमन मना ही जाता है। हालांकि सीएम डॉ. मोहन यादव के प्रस्ताव पर ही अनुराग जैन को मध्यप्रदेश का मुख्य सचिव बनाया गया था।

### सीएम सचिवालय से राजौरा की विदाई के लग रहे मायने

इधर वल्लभ भवन से लेकर वरिष्ठ अफसरों के बंगलों तक एसीएस डॉ. राजौरा की सीएम सचिवालय से विदाई को लेकर चर्चा अब तक की जा रही है। सूत्रों का दावा है कि राजौरा को मुख्य सचिव पद पर बैठाने से पहले उन्हें सीएम सचिवालय से बाहर इसलिए किया गया है, वो किसी भी तरह की कंट्रोवर्सी में नहीं पड़ें। जिससे उनके नाम पर भोपाल से लेकर दिल्ली तक किसी भी तरह की अड़चननहीं आए।

### सवाल यह भी कि कौन संभालेगा गृह विभाग

सीएस पद की दौड़ पर हो रही चर्चा के साथ-साथ यह भी सवाल किया जा रहा है कि अगस्त माह के उपरांत गृह विभाग किस वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को सौंपा जाएगा। दरअसल मौजूदा एसीएस जेएन कंसोटिया अगस्त माह में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे उनके बाद कौन अधिकारी इस पद पर बैठेगा। दरअसल गृह विभाग स्वयं मुख्यमंत्री संभाल रहे हैं। ऐसे में उनसे बेहतर तालमेल रखने में माहिर अधिकारी को ही इस पद पर बैठाया जाएगा। सूत्रों की मानें तो इस पद के लिए अभी से तलाश शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि अब जब भी प्रशासनिक फेरबदल होगा, तो अगले एसीएस होम को लेकर संकेत मिल जाएंगे।

### मैदानी फेरबदल भी होगा

इधर मंत्रालय स्तर पर हुई प्रशासनिक सर्जरी के उपरांत अब मैदानी अधिकारियों को बदले जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। दरअसल इसी माह उज्जैन संभागायुक्त संजय गुप्ता 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इनके अलावा डेढ़ दर्जन से ज्यादा जिलों के कलेक्टर भी बदलने जाने की खबर है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिग्विजय ने गजराज की गुमशुदी की लिखाई रिपोर्ट

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह बुधवार को अशोकनगर के ग्राम मूंडरा पहुंचे। जहां उन्हें चर्चित लोधी परिवार नहीं मिला, जिससे उन्होंने मुंगावली थाने में लोधी परिवार के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस संबंध में पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया में लिखा कि हम अशोकनगर के ग्राम मूंडरा गए थे, जहां हमें ग्रामीणों ने सच्चाई से अवगत कराया कि 8-10 दिनों से गजराज और रघुराज लोधी गांव से गायब हैं। उनका कहना है कि पुलिस उनके पूरे परिवार को उठाकर ले गई। आखिर उनकी गलती क्या है। उन्होंने सिर्फ अपनी आपबीती प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को सुना दी। इस दौरान लोधी परिवार के घर पर न रहने के कारण गाय का एक बछड़ा भूख प्यास से तड़फ कर मर गया। सिंह ने आगे लिखा कि गांव वालों ने बताया कि उन्होंने उनके घर जाने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस ने उन्हें यह कहकर धमका दिया कि कोई उनके घर गया तो उसके ऊपर चोरी का प्रकरण दर्ज कर दिया जाएगा। पूर्व सीएम ने पुलिस महानिदेशक से इस पूरे मामले को संज्ञान में लेने की बात कही है। कांग्रेस नेता ने पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी सहित अन्य लोगों के साथ मुंगावली थाने पहुंचकर गजराज और रघुराज लोधी और उनकी मां के गुम होने की शिकायत दर्ज कराई है।

### फालेन आउट हुए अतिथि विद्वान कॉलेजों में लौटे

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सूबे में हाल ही में लगभग 700 प्रोफेसरों के ट्रांसफर से लगभग इतने ही अतिथि विद्वान फालेन आउट होकर बाहर हो गए थे। अतिथि विद्वान महासंघ ने पुरजोर इसका विरोध किया था। साथ ही मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री और शीर्ष अधिकारियों को इससे अवगत कराया था कि अतिथि विद्वानों के भरोसे ही कॉलेजों का अध्यापन कार्य व प्रशासनिक गतिविधियों का संचालन होता है। अगर विद्वान ही नहीं रहेंगे तो युवा समाज दिशाहीन हो जाएगा। इसको लेकर लगभग महीने भर बाद अतिथि विद्वानों की वापसी हुई है, अतिथि विद्वानों के मेल एवं आईडी में ही सम्पूर्ण जानकारी विभाग ने प्रेषित किया है। महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अविनाश मिश्रा ने बताया की अभी कई विद्वान बाहर है। उम्मीद है की अगले चरण में उनकी भी वापसी जल्द होगी। डॉ मिश्रा ने स्थाई नीति कैडर बनाने का आग्रह सरकार से किया है। अतिथि विद्वान महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ आशीष पांडेय का कहना है कि भावुक एवं पवित्र ह्रदय से निवेदन है की शासन प्रशासन विद्वानों के हित में एक बेहतरीन पॉलिसी लाए और भविष्य सुरक्षित कर अपना आशीर्वाद दें।

### सीएम पहुंचे राजस्थान, व्यवसाइयों से मिले

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार शाम राजस्थान के जोधपुर प्रवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न फर्नीचर, टिंबर व्यवसाइयों और होटल उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों से भेंट की और उन्हें मध्यप्रदेश में निवेश करने का न्यौता दिया। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में सघन वन संपदा है। मध्यप्रदेश जैसे सागौन वन कहीं नहीं है। फर्नीचर व्यवसाय में इनको बढ़ावा देते हुए राजस्थान और मध्यप्रदेश संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। मध्यप्रदेश में उद्योगों और व्यवसायों के उन्नयन के साथ नवीन निवेश आ रहा है। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों से कहा कि वे विभिन्न उद्योगों की स्थापना के लिए मध्यप्रदेश आ सकते हैं। उन्हें नीतियों के अंतर्गत उद्योग स्थापना के लिए पूरा प्रोत्साहन और सहयोग दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को राजस्थान के उद्यमियों ने अनेक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। **रेल मंत्री के पिता को अर्पित की श्रद्धांजलि :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने जोधपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के निवास पहुंच कर उनके पिता स्व. दाउलाल वैष्णव को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# देशभर के सर्वाधिक दुर्घटना वाले जिलों में 6 मध्यप्रदेश के शामिल

## पीडब्ल्यूडी चलाएगा जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** देशभर के सबसे अधिक सड़क दुर्घटना वाले 100 जिलों में एमपी के भी छह जिले धार, सागर, सतना, रीवा, जबलपुर और खरगोन शामिल हैं। सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम चलाएगा। कम लागत से होने वाले खर्च के लिये लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को निर्देशित किया गया है कि हर जिले में समुचित बजट प्रावधान किया जाये। इस पर होने वाले खर्च के लिये राशि जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि, सांसद एवं विधायक निधि से प्राप्त करने के प्रयास किये जायेंगे। केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ऐसे जिलों को सेफ लाईफ फाउण्डेशन के सर्वे के माध्यम से चिन्हित किया है। वर्ष 2023 के आकलन अनुसार धार जिले में सबसे अधिक गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। आईआईटी मद्रास के सेंटर आफ एक्सीलेंस फोर रोड सिक्युरिटी द्वारा ऐसी रणनीति पर कार्य किया गया है। इसके तहत हर स्थान एवं सड़क कॉरिडोर जहां दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं वहां कम लागत वाले अति स्थानीय कार्यों को चिन्हित जाए। उन कार्यों के लिये जिला प्रशासन को सहयोग दिया जाएगा।

**कमिश्नर और कलेक्टर को दिए निर्देश:** परिवहन विभाग की ओर से सभी कमिश्नर और जिला कलेक्टर को विस्तृत निर्देश जारी किये गये हैं। मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा भी इस कार्य की लगातार समीक्षा की जा रही है। सभी कलेक्टर को निर्देशित किया गया है कि वे जिले में एडीएम या एसडीएम स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करें तथा यह नोडल अधिकारी जिले की सड़क एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठक करके संभावित दुर्घटना स्थलों और सड़क कॉरिडोर की जानकारी जुटाएं। ऐसे स्थल या सड़क कॉरिडोर जहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्हें एनआईसी पोर्टल से चिन्हित किया जा सकेगा। कुछ ऐसे स्थल जहां संभावित घातक दुर्घटना हो सकती हैं तथा वर्तमान में छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं, ऐसे स्थलों की जानकारी स्थानीय पुलिस, स्थानीय निकायों, आमजन आदि से एकत्रित करने के निर्देश कलेक्टर्स को दिये गये हैं।

### दुर्घटना के कारणों की रिपोर्ट होगी तैयार

- चिन्हित सड़क दुर्घटना स्थल एवं सड़क कॉरिडोर का निरीक्षण सभी संबंधित सड़क एजेंसी के जिला अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से किया जायेगा।
- दुर्घटना के तकनीकी और इंजीनियरिंग कारणों को आंकलित कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।
- मौका निरीक्षण के बाद तकनीकी कारण जिनकी वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं उनकी जानकारी लेने के बाद निराकरण के लिये अतिस्थानीय एवं कम लागत के उपाय भी संबंधित सड़क एजेंसी के इंजीनियर करेंगे।
- कलेक्टर, नोडल अधिकारी एवं सड़क एजेंसी के इंजीनियर के माध्यम से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इसका प्रजेंटेशन होगा।

# पुलिस आरक्षक भार्ती घोटाला: चयनित 6400 में से 2000 उम्मीदवारों ने ज्वाइन नहीं की नौकरी

## संदेह के दायरे में आए ज्वाइन न करने वाले युवा, लाखों उम्मीदवारों में से हुए थे चयनित

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** एक तरफ जहां बेरोजगारी का संकट गहराया हुआ है, वहीं दूसरी तरफ मध्य प्रदेश पुलिस में चयनित लगभग 2000 युवा नौकरी ज्वाइन करने ही नहीं पहुंचे। हाल ही में, एमपी पुलिस की आरक्षक भर्ती परीक्षा-2023 में घोटाले की खबरें सामने आई थीं। इसमें आधार के अपडेशन में गड़बड़ी कर किसी अन्य प्रतियोगी के जरिए अयोग्य उम्मीदवारों को नौकरी दिलाने का खुलासा हुआ था। इस घोटाले की जांच और प्रारंभिक तौर पर दर्ज की गईं एफआईआर के बाद लगभग एक दर्जन लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इस खुलासे के बाद बड़ी संख्या में चयनित उम्मीदवारों के नौकरी ज्वाइन न करने से इन सभी पर सवाल खड़े



हो गए हैं।

प्रदेश में 2023 में कांस्टेबल के 7411 पदों के लिए भर्ती हुई थी। कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) के जरिए कराई गई भर्ती परीक्षा के तहत सामान्य ड्यूटी के 7090 और तकनीकी पदों पर 321 युवाओं की भर्ती होनी थी। इस परीक्षा में कुल 9 लाख 97 हजार उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। ईएसबी की लिखित परीक्षा में 6.52 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए। लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद शारीरिक परीक्षा के लिए कुल 58 हजार 700 उम्मीदवारों को बुलाया गया था। दो राउंड के बाद, ओबीसी के लिए 13त्न पदों को अलग रखते हुए, ईएसबी ने 6420 पदों पर सफल हुए उम्मीदवारों की सूची जारी की थी, लेकिन लगभग 2000 उम्मीदवार नौकरी ज्वाइन करने ही नहीं आए। दिलचस्प बात यह है कि उम्मीदवारों को नौकरी ज्वाइन करने के लिए कई रिमाइंडर भेजे गए, लेकिन इनमें से अधिकांश उम्मीदवारों ने न तो जवाब दिया और न ही पुलिस से संपर्क किया।

### अब साइबर पुलिस भी हुई सक्रिय

पुलिस भर्ती घोटाले के खुलासे के बाद से अब तक 10 जिलों की पुलिस ने इस मामले में उम्मीदवारों और धोखेबाजों के खिलाफ 32 एफआईआर दर्ज की हैं और जांच के बाद यह संख्या बढ़ने की संभावना है। पुलिस ने ज्वाइनिंग से पहले हर एक उम्मीदवार से आधार सत्यापन और मोबाइल अपडेशन की रिपोर्ट साथ लाने को कहा था। ऐसे में 2000 आवेदक, जिन्होंने ज्वाइनिंग नहीं दी है, अब जांच के दायरे में आ गए हैं। चूंकि परीक्षा में यह धोखाधड़ी डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके की गई थी, इसलिए साइबर पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। इस मामले में जिलों की पुलिस आधार केंद्र के कई संचालकों और घोटाले में शामिल बिचौलियों की गिरफ्तारी भी कर चुकी है। ऐसे में अब जल्द ही इस घोटाले में और नाम सामने आ सकते हैं।

### अफसरों ने दिए ये तर्क

प्रदेश की एडीजी चयन और भर्ती सोनाली मिश्रा के अनुसार, 6420 पदों के मुकाबले लगभग 4500 पुलिस कर्मियों ने ही अपनी ज्वाइनिंग दी है। इन सभी की ज्वाइनिंग से पहले चरित्र प्रमाण पत्र और उनके आधार हिस्ट्री का भी वेरिफिकेशन किया गया। इन सभी का 9 माह का प्रशिक्षण अगले माह से प्रदेश की पुलिस अकादमियों में शुरू हो जाएगा। एडीजी के अनुसार, ज्वाइनिंग न देने के पीछे अलग-अलग कारण हो सकते हैं। उनके अनुसार, कई आवेदकों की अन्य स्थान पर नौकरी लग गई होगी, जबकि कुछ चयनित अभ्यर्थी पहले से ही पैरामिलिट्री (बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ) में तैनात हैं, लिहाजा उनके डॉक्यूमेंट आने में समय लग रहा है। हालांकि, उन्होंने इस बात से इनकार नहीं किया कि सफल आवेदकों में से कई संदेह के घेरे में हैं।

# एमबीए में 1332 और एमसीए में 1092 छात्रों को कॉलेज आवंटित

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग ने बुधवार को एमबीए और एमसीए का पहला अलाटमेंट जारी कर दिया है। प्रथम राउंड में एमबीए में सीमैट से एक हजार 488 और एमसीए में एक हजार 371 विद्यार्थियों ने प्रवेश लेने के लिए पंजीयन कराए थे। उनकी च्वाइस फिलिंग के बाद विभाग ने मेरिट सूची जारी की थी। विभाग ने एमबीए के 148 कालेजों की 28 हजार 770 सीटों के लिए एक हजार 332 विद्यार्थियों का अलाटमेंट किया है। इसी तरह एमसीए के 48 कालेजों की चार हजार 345 सीटों के लिए एक हजार 92 विद्यार्थियों का अलाटमेंट किया है। विद्यार्थी 14 जुलाई तक संस्था में दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं। द्वितीय चरण की काउंसलिंग में स्नातक स्तर पर पंजीयन किए जाएंगे। इसमें विद्यार्थी दस से 19 जुलाई तक पंजीयन करा पाएंगे। पंजीयन में सुधार 21 से 23 जुलाई तक होगा। 24 जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी होगी। 28 जुलाई को आवंटन होगा। विद्यार्थी एक अगस्त तक दस्तावेजों का सत्यापन कराकर प्रवेश ले पाएंगे। इसके बाद तीन सीएलसी 2 से 14 अगस्त तक होंगी। प्रदेश के इंजीनियरिंग कालेजो में 8 हजार 883 विद्यार्थियों के अपग्रेडेशन के तहत अलाटमेंट जारी किए गए हैं। गुरुवार तक विद्यार्थी फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। इसके बाद विभाग दूसरे राउंड के तहत 12 जुलाई के 12वीं के आधार पर पंजीयन कराएगा। 13 और 14 जुलाई को पंजीयन में सुधार हो सकेगा। विद्यार्थी 16 जुलाई तक च्वाइस फिलिंग कर पाएंगे। विभाग 17 को मेरिट जारी कर 21 जुलाई को आवंटन करेगा। विद्यार्थी 25 जुलाई तक शाम पांच बजे तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे।

# तबादला नीति को मानने के लिए तैयार ही नहीं पटवारी, 30 दिन बाद भी नहीं हो सके रिलीव

## 15 दिन में नए हल्के पर शुरू करना था काम, लेकिन आदेश का पालन नहीं

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** अपनी कार्यशैली को लेकर लगातार विवादों में रहे पटवारी तबादले के बाद भी अपने हल्के छोड़ने को तैयार नहीं हैं। जनप्रतिनिधियों सहित आम लोगों से मिली शिकायत के बाद कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जिले के 14 पटवारियों का तबादला नई तहसील और हल्के में कर दिया था, लेकिन 23 दिन बाद भी कई पटवारी पुरानी तहसील में जाकर आमद दे रहे हैं और अपना पुराना कामकाज संभाल रहे हैं, जबकि नियमानुसार इन्हें 1 जुलाई तक नए हल्के में आमद देकर काम संभाल लेना चाहिए था। बता दें कि जिन पटवारियों को कलेक्टर द्वारा हटा दिया गया था, वे लंबे समय से एक ही हल्के पर जमे हुए थे और राजस्व विभाग को इनके खिलाफ कई शिकायतें मिली थीं, लेकिन आदेश के बावजूद भी कोलार और बैरसिया तहसील से स्थानांतरित किए गए पटवारियों को रिलीव नहीं किया गया है, जबकि कलेक्टर द्वारा आदेश के मुताबिक इन्हें तत्काल प्रभाव से रिलीव किया जाना था।

### यह पटवारी नहीं हो सके रिलीव

तबादले के बाद जिन पटवारियों को रिलीव किया जाना था उनमें कोलार तहसील के जयेंद्र चंदेलकर, अदिति शुक्ला और अंकुर साहू वर्तमान में भी पूर्व हल्के पर ही कामकाज कर रहे हैं। इसके अलावा जिन पटवारियों को अटैचमेंट समाप्त किया गया था वे भी अब तक तहसील दफ्तरों में जमे हुए हैं, जबकि नियमानुसार इन्हें हल्के पर पहुंचकर कामाकाज संभाल लेना था। लेकिन वे आदेश की अनदेखी कर रहे हैं।

### 12 पटवारियों का अटैचमेंट समाप्त, रिलीव नहीं

तहसील दफ्तरों में सालों से जमे 12 पटवारियों का भी अटैचमेंट समाप्त कर दिया गया है। कलेक्टर ने 3 जुलाई को आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से अटैचमेंट समाप्त कर दिया था, लेकिन इनमें से कई अब भी रिलीव नहीं हो सके हैं। जिन पटवारियों को रिलीव नहीं किया गया है, उनमें कोलार की विनीता पटेल, सारिका शर्मा और मनीष पटेल शामिल हैं।

# डैम देखने गए 3 बच्चे डूबे, दो के मिले शव

**जागरण, नरसिंहपुर।** जिले के विपतपुरा गांव में मंगलवार शाम घर से डैम देखने निकले तीन बच्चे सींगरी नदी में डूब गए। देर रात तक परिजन और पुलिस खोजबीन करते रहे। बुधवार सुबह नदी से दो बच्चों के शव बरामद हुए, जबकि तीसरे की तलाश एसडीआरएफ कर रही है। स्टेशनगंज थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे ने बताया कि अक्षत मेहरा (11), वासू अग्रवाल (12) और कृष्णा प्रजापति (11) शाम करीब 5.30 बजे गांव के पास रेलवे पुल के पास बने डैम की ओर गए थे। देर रात तक तीनों घर नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की और रात 9 बजे पुलिस को सूचना दी। 25 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर रात 9.15 बजे से सर्च ऑपरेशन चलाते रहे, लेकिन सुराग नहीं लगा। बुधवार सुबह करीब 7.30 बजे नदी के निचले हिस्से में पानी भरे गड्ढे से अक्षत का शव मिला।

# जिला अदालत में डाउ केमिकल्स पर मुकदमा चलाने की अपील

## 23 अगस्त को होगी अगली सुनवाई

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** जिला अदालत में 1984 में हुए भोपाल गैस कांड के लिए डाउ केमिकल्स पर मुकदमा चलाने के लिए सीबीआई और गैस पीड़ित संस्था द्वारा दाखिल की गई याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई हुई। जेएमएफसी हेमलता अहिरवार की अदालत में इस मामले पर सुनवाई लगभग डेढ़ घंटे तक चली। इस दौरान सीबीआई एवं भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एंड एक्शन ने अदालत में अपने तर्क रखे। इस दौरान डाउ की तरफ से वकीलों ने एक बार फिर दोहराया कि उसके खिलाफ भोपाल की अदालत में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। इसके विरोध में याचिका दाखिल करने वालों की तरफ से पैरवी कर रहे अधिवक्ताओं ने कहा कि डाउ की तरफ से दी गई दलीलों को खारिज किया जाए क्योंकि पिछले 19 महीने से लगातार अदालत का समय बर्बाद किया जा रहा है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने तय किया कि मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त को होगी।

**यह है मामला:** भोपाल में हुई भीषणतम गैस त्रासदी के लिए जिम्मेदार यूनियन कार्बाइड का अधिग्रहण अमेरिकी कंपनी डाउ केमिकल्स द्वारा किया गया था। इसके बाद गैस संगठनों और सीबीआई ने इस मामले में डाउ केमिकल्स को भी आरोपी बनाए जाने को लेकर याचिका दाखिल की थी। लगभग दो साल पहले दाखिल हुई इन याचिकाओं पर एक बार फिर डाउ केमिकल ने कहा कि अमेरिकी कंपनी होने के नाते उनके खिलाफ भोपाल में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने यह तय किया है कि 23 अगस्त को अगली सुनवाई के दौरान तर्क और दस्तावेजों के आधार पर कार्रवाई आगे बढ़ेगी। इस दौरान कोर्ट डाउ केमिकल के अधिकार क्षेत्र, जिम्मेदारी और सके द्वारा यूनियन कार्बाइड खरीदने संबंधी बिजनेस इंटीग्रेशन प्लान को लेकर सुनवाई करेगी।

**बैठक** | कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रिपरिषद से सीएम ने किया संवाद, प्रभारी मंत्रियों को दस दिन का समय

# जिलों के विजन डाक्यूमेंट के आधार पर बनेगा अनुपूरक बजट



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विधानसभा के अगले मानसून सत्र के दौरान सदन में पेश होने वाले अनुपूरक बजट में जिलों के विकास के लिए राशि का प्रावधान किया जाएगा। इसके लिए सभी जिलों के विकास डाक्यूमेंट के प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी। सभी प्रभारी मंत्री अगले 10 दिन के अंदर डाक्यूमेंट तैयार कराएंगे। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रिपरिषद के सदस्यों से चर्चा के दौरान दिए। उन्होंने कहा सभी मंत्रीसरकार के विजन 2023 के संदर्भ में प्रभार के जिलों में भ्रमण करें। लाडली बहनों के खाते में 12 जुलाई को राशि अंतरित की जाएगी। डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार के एक नवाचार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने भी अपना लिया है। मध्यप्रदेश की तरह जेएनयू दिल्ली में भी कुलपति अब कुलगुरु के नाम से जाने जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी मंत्रीगण और वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि वे सभी जरूरतमंदों को जाति प्रमाण-पत्र की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समुचित व्यवस्था करें। सिर्फ जाति प्रमाण-पत्र के अभाव या इसमें आंशिक त्रुटि के कारण किसी को भी परेशान न होना पड़े।


**निषादराज सम्मेलन 12 जुलाई को:** डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मत्स्य पालन के क्षेत्र में कार्यरत सभी व्यक्तियों के समग्र कल्याण एवं सम्मान के लिए निषादराज सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निषादराज जयंती 10 जुलाई को है, परंतु प्रदेश में समन्वित रूप से 12 जुलाई को निषादराज सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इस सम्मेलन में मत्स्य पालन क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की पारिश्रमिक दरों में वृद्धि, बोनस वितरण, उनके विश्राम के लिए जलाशयों के किनारे प्लेटफॉर्म्स की स्थापना के संबंध में प्रयास किए जाएं।

**उद्योगपति भी जुड़ना चाहते हैं प्रदेश से:** सीएम ने बताया कि 7 जुलाई को उनकी लुधियाना में बड़े उद्योगपतियों से प्रदेश में निवेश को लेकर चर्चा हुई है। 400 से अधिक प्रतिनिधियों ने सक्रियता दिखाई। सरकार को 15606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इससे 20275 से अधिक नये रोजगार सृजित होने की संभावना है। सीएम ने कहा कि पंजाब के सभी उद्योगपति मध्यप्रदेश से आत्मीयता से जुड़ना चाहते हैं।

**विदेश प्रवास पर जाएंगे सीएम:** मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल 13 से 19 जुलाई के दौरान दुबई और स्पेन की यात्रा पर रहेगा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल व्यावसायिक बैठकों और विभिन्न कंपनियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग भी करेगा। उन्होंने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में निवेश प्राप्त करना, प्रौद्योगिकी के पारस्परिक हस्तांतरण और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक अपनी पहुंच बनाना, रोजगार के नए अवसर सृजित करने एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में और अधिक इजाफा करना है।

# राजा के परिजन नार्को टेस्ट की मांग को लेकर जाएंगे कोर्ट

## मेघालय पुलिस की जांच को लेकर संतुष्ट नहीं है परिवार



**जागरण, इंदौर।** मेघालय में मारे गए राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच को लेकर राजा के परिवार संतुष्ट नहीं है। परिवार ने अब मामले को लेकर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक जाने की तैयारी कर ली है। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने बताया कि हत्याकांड के अरोपियों के नार्को टेस्ट की मांग को लेकर वह न्यायालय की शरण ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में मांग नहीं मानी गई तो सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। विपिन ने एक बयान जारी कर कहा है कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उनके भाई की हत्या क्यों की गई। जांच में कई महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और सच सामने लाने के लिए नार्को टेस्ट की जरूरत है। परिवार ने कोर्ट में पैरवी के लिए दो वरिष्ठ वकीलों को पहले ही नियुक्त कर लिया है। गौरतलब है कि राजा रघुवंशी की हत्या शिलांग की एक घाटी में कर दी गई थी, जहां उनका शव बरामद हुआ था।

# मध्य प्रदेश विद्युत आउटसोर्स कर्मियों की समस्याओं को लेकर विधायक सहायक श्रम आयुक्त तथा अधीक्षण अभियंता को अलग-अलग सौंपे ज्ञापन

जागरण, बैढ़न



मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी वृत्त सिंगरौली की गंभीर लंबित समस्याओं को लेकर अलग.अलग सिंगरौली जिले के विधायक रामनिवास शाह एवं सहायक श्रम आयुक्त सिंगरौली बी पी सिंह एवं सहायक श्रम अधिकारी नवनीत पांडे एवं अधीक्षण अभियंता मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के इंचार्ज कार्यपालन अभियंता संरक्षण .संधारण ओ पी द्विवेदी को माग पत्र सौपा ज्ञात हो की डेढ़ वर्ष से आउटसोर्स कंपनी में व टी एंड एम सर्विस कॉन्सुलेटिंग प्राइवेट लिमिटेड मुंबई के द्वारा राजमिलन उंतीं बैढ़न चितरंगी में कार्यरत आउट सोर्स लाइन स्टाफतथा सब स्टेशन के ऑपरेटर का स्थानांतरण नियम विरुद्ध बिना अधीक्षण अभियंता की अनुमति प्राप्त किए हुए किया सश्रम कानून के विपरीत किया गया स्थानांतरण को रोक लगाने हेतु उपरोक्त अधिकारी एवं विधायक एवं सहायक श्रम आयुक्त सिंगरौली को ज्ञापन सौपा तथा सहायक श्रम आयुक्त सिंगरौली ने तत्काल कार्यवाही करने का आश्वासन दिया और सभी श्रम कानून से मिलने वाली सुविधाओं को भी दिलाने का आश्वासन दिया ज्ञापन में बताया कि टी एंड एम सर्विस कॉन्सुलेटिंग प्राइवेट लिमिटेड मुंबई द्वारा डेढ़ वर्ष से श्रमिकों का शोषण कर रही है तथा अधिकारी किसी न किसी दबाव के कारण संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर पा रही है मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं ऊर्जा मंत्री मध्य प्रदेश शासन के दिशा निर्देश है कि कोई भी आउटसोर्स श्रमिक का स्थानांतरण 5 किलोमीटर या अधिकतम 8 किलोमीटर के अंदर ही किया जावेगा लेकिन आउटसोर्स कंपनी मनमानी रूप से अचानक 21 कर्मचारियों का एक ही दिन में 60 से 70 किलोमीटर दूर कर दिया गया है जहां 8 से 10 हजार रुपए पाने वाले श्रमिक मानसिक रूप से परेशान होकर विधायक सिंगरौली तथा सहायक श्रम आयुक्त बी पी सिंह को तथा अधीक्षण अभियंता के रूप में कार्यरत कार्यपालन अभियंता ओपी द्विवेदी को अलग.अलग कर्मचारी श्रमिक नेता नरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ो आउटसोर्स कर्मचारी के साथ ज्ञापन सौंप कर मांग की गई है कि दो दिवस के अंदर श्रम कानून के विपरीत तथा अधीक्षण अभियंता सिंगरौली के दिशा निर्देश के विपरीत जो स्थानांतरण किया गया है उसे निरस्त किया जाए तथा जहां आउटसोर्स विद्युत कर्मी कनिष्ठ अभियंता की देखरेख पर 30 दिन ड्यूटी किए हैं जून 25 की उपस्थिति पंजी कनिष्ठ अभियंता राजमिलन माडा बैढ़न चितरंगी मोरवा विद्युत उपभोक्ता सेवा केंद्र के द्वारा वरिष्ठ कार्यालय को दी गई है लेकिन संबंधित कंपनी 21 लोगों का जो 23 जून को स्थानांतरण किया वह पत्र 8 जुलाई को सिंगरौली में प्राप्त हो रहा है और कंपनी यह कहते हुए वेतन रोक दिया गया कि जब ज्वाइन करेंगे स्थानांतरित स्थान पर तभी वेतन दिया जावेगा इस पर बौखलाई सभी आउटसोर्स विद्युत कर्मी आज जहां देशव्यापी आंदोलन कई ट्रेड यूनियन मिलकर कर रही हैं आज सिंगरौली में अपनी मांगों को लेकर लगभग 150 कर्मी समर्थन में आउटसोर्स श्रमिक कर्मचारी न्याय मिले अंशन प्रदर्शन में डटे रहे ज्ञापन देते समय मुख्य रूप से आउटसोर्स विद्युत कर्मी संतोष कुमार शाह राजकुमार जायसवाल करुणेश प्रताप सेन प्रदीप जायसवाल दयाशंकर जायसवाल संतोष जायसवाल श्याम बिहारी शाह आशीष कुमार शाह गीता राम बैस ओम प्रकाश शाह रविंद्र प्रसाद शाह अखिलेश कुमार शाह रामानुज कुशवाहा के साथ.साथ आउटसोर्स कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील शाह तथा जिवेन्द्र सिंह की उपस्थिति विशेष रूप से रही विधायक ने सिंगरौली के अधीक्षण अभियंता के चार्ज में कार्यपालन अभियंता ओपी द्विवेदी को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश है कि 5 किलोमीटर से बाहर आउट सोर्स कर्मियों का स्थानांतरण नहीं किया जावेगा तथा जो कंपनी श्रम कानून के विपरीत स्थानांतरण किया है तत्काल निरस्त करें वहीं अधीक्षण अभियंता ओपी द्विवेदी तत्काल निरस्त करपने का विधायक को आश्वासन दिया तथा सभी सैकड़ो विद्युत कर्मियों ने विधायक का सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजक मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद मिश्रा द्वारा किया गया अंत में आउटसोर्स विद्युत कर्मियों ने ज्ञापन में कहा है कि यदि दो दिवस के अंदर श्रम कानून के विपरीत बिना मंडल के अधिकारियों की सहमत से किया गया स्थानांतरण निरस्त नहीं हुआ तो हम सभी आउटसोर्स कमी आंदोलन करने हेतु बाद होंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन एवं मंडल कंपनी की होगी।

# शिक्षा ज्ञान जीवन में बहुत जरूरी है : बीसी




**जागरण, चितरंगी।** विकास खंड चितरंगी में मप्र जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्यवक विश्वनाथ नवागत विकास खण्ड समन्यवक के रूप में चितरंगी विकास खंड में पद भार ग्रहण किये है। इनका नवांकुनर संस्थाओ के सहयोग से चितरंगी सेक्टर में नव गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों को शसक्त बनाने केलिए एवं शासन की योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए लगातार बैठक कर रहे। है। आज नवांकुर सेक्टर चितरंगी में नवांकुर संस्था रामचंद्र सेवा समिति के साथ ग्राम खटाई रेहड़ा और बुढाडोल में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष सचिव और सदस्यों से मिल कर मप्र जन अभियान परिषद के उद्देश्य और अवधारणा को बताया। नौ विन्दुओं पर चर्चा किया। शिक्षा स्वास्थ्य जल संरक्षण ऊर्जा संरक्षण पर्यावरण कृषि लाभकारी धंधा कुपोषण एवं स्वास्थ्य नशामुक्ति पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। जन अभियान परिषद शासन और जनता के बीच की कड़ी एक सेतु के रूप में कार्य कर रही है। इसमें सभी सामाजिक कार्य जन सहयोग से किये जाते है। विकास खंड समन्यवक द्वारा बताया गया कि शिक्षा एक शेरनी का दूध है जो पियेगा वही दहाडेगा। जीवन के शिक्षा बहुत ज़रूरी है शिक्षा अंधकार से प्रकाश की ओर लेजाता है। शिक्षा से दुनिया की सभी चीज हासील कर सकता हैं। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खटाई के अध्यक्ष शिवांकित साहू सचिव विनोद कुमार विश्कर्मा बुढाडोल से राजेन्द्र सिंह राजकुमार सिंह ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रेहड़ा से भूपेंद्र सिंह सचिव मनोज पाल सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# कमरों की कमी से जूझ रहा सीएम राइज विद्यालय बरका, मौन है विभाग



**जागरण, सरई।** जिले के सीएम राइज विद्यालय बरका में छात्रों के बैठने के लिए कमरे नहीं हैं। सीएम राइज विद्यालय में कक्षाएं संचालन के लिए जगह न होना शिक्षा विभाग के लिए बड़े शर्म की बात है। जबकि संस्था प्रमुख द्वारा विभागीय वरिष्ठ कार्यालयों को कई मांग पत्र भेजी जा चुकी है। फिर भी शासन. प्रशासन के आंखें नहीं खुल रहे हैं। सीएम राइज विद्यालय खुलने से ग्रामीणों छात्र.छात्राओं अभिभावकों में खुशी का माहौल बना था। जहां अच्छी सुविधा अच्छी पठन. पाठन अच्छी सुरक्षा मिलेगी। लेकिन उनके आशाओं पर पानी फेरा जा रहा है। सीएम राइज बरका में छात्र.छात्राओं के बैठने के लिए पर्याप्त कमरा न होने से उनके अध्ययन अध्यापन कार्य में बाट लग रही है। जिससे उनका भविष्य चौपट हो रहा है। जबकि विगत दिनों सीएम ने अपने कार्यक्रम में बोला है कि सीएम राइज विद्यालयों का नाम सांदीपनि विद्यालय होगा और इन विद्यालयों के व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने दिया जाएगा। परंतु सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरका में मुख्यमंत्री का कथन झूठा साबित हो रहा है। सीएम राइज विद्यालय बरका के समस्त विद्यालय परिवार ने इस समस्या की ओर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित कराया है।

> ग्राम पंचायत बरका के सरपंच ऐतवरिया सिंह की मृत्यु के बाद सन् 2019 से 2022 तक तत्कालीन उपयंत्री रजनीश जायसवाल . जनपद पंचायत देवसर खुद ग्राम पंचायत बरका के प्रभारी सरपंच थे सचिव शकसूदन सिंह रहे वहीं निर्माणाधीन विद्यालय भवन को बनवाने की जिम्मेदारी स्वयं तत्कालीन प्रभारी सरपंच रजनीश जायसवाल इंजीनियर लिए थे जिनके द्वारा भवन अभी तक अधूरा पड़ा है वह अभी भी कह रहे हैं कि मैं विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूरा कराऊंगा परंतु कब कराएंगे इसका कोई लेखा.जोखा नहीं है अभी भी पंचायत के खाते में शिक्षा विभाग का शेष पैसा बचा है।
>
> **साहबलाल सिंह**
> **सचिव ग्राम पंचायत बरका जनपद पंचायत देवसर**

# नगर निगम आयुक्त ने किया निगम के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण

## वार्डों की खराब सड़कों की दो दिवस में मरम्मत कराने के दिए निर्देश



**जागरण, बैढ़न।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त द्वारा आज नगर निगम के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर वार्डो की नाले नालियो की साफ सफाई वार्डो की सड़को का अवलोकन किया गया। निगमायुक्त ने वार्ड नवजीवन विहार सेक्टर नम्बर 3 में पहुचकर नालियो की सफाई की स्थिति का अवलोकन किया एवं उपस्थित स्वच्छता निरीक्षक को निर्देश दिए कि नालियो की समुचित साफसफाई कराये कही पर भी जल भराव जैसी स्थिति की शिकायत नही मिलनी चाहिए। उन्होने कलवर्ट का निर्माण करने का निर्देश दिया ताकि पानी निकासी सही से हो सके। उन्होने स्वच्छता निरीक्षक को निर्देश दिए कि कही पर भी नाली जाम य जल भराव की स्थिति निर्मित होती है तो तत्काल संबंधित उपयंत्री को अवगत कराये। उन्होने वार्ड की सड़को का अवलोन क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मत कराने के निर्देश दिए ताकि आम लागो के आवागमन में किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। निगमायुक्त के द्वारा वॉर्ड न 38 तुलसी ढोटी का वार्ड पार्षद अनिल कुमार वैश्य अपीलीय समिति सदस्य के साथ हनुमान मंदिर रोड का भ्रमण कर क्षतिग्रस्त सड़को का अवलोकन किया गया एवं उपस्थित संविदाकार को तत्काल क्षतिग्रस्त सड़क का मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होने वार्ड वासियो को अवश्वासन दिया कि 10 दिवस में कायाकल्प.2 के तहत पीसीसी सड़क निर्माण कराया जायेगा। निगमायुक्त ने स्वाक्षता निरीक्षक को नालियो की साफसफाई कराकर उनमें कीटनाशक दवाओ का छिड़काव कराने के भी निर्देश दिए। उन्होने वार्ड क्रमांक 29 का भ्रमण कर नालियो की बेहतर साफ सफाई कराने के साथ ही क्षतिग्रस्त सड़को का निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होने जल भराव वाले क्षेत्रो की नियमित निगरानी के भी निर्देश दिए। तत्पश्चात विधायक राम निवास शाह के साथ वार्ड क्र. 42 ट्रामा सेन्टर मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित उपयंत्री को सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सो में मुरूम डालवाने के निर्देश दिए। साथ निर्देश दिया गया कि आगामी दिनो में सड़क का पेंच वर्क भी कराया जाये। उन्होने डॉण् कालोनी में मुख्य मार्ग में बायो टायलेट लगवाने के निर्देश दिए कि ताकि बारिश के मौसम में आम जन इसका उपयोग कर सके। उन्होने शहर की सड़को में विचरण करने वाले आवारा मवेसियो को हटाने के लिए गठित दल को निर्देश दिए कि ताकि आवागमन सुगम बना रहे तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने से रोका जा सके। इस दौरान पार्षद सीमा जयसवाल संतोष शाह सहायक यंत्री एस.एन द्विवेदी आलोक टीरू उपयंत्री जीतेन्द्र कुमार विष्णुपाल सिंह इन्द्रवेश यादव स्वच्छता निरीक्षक पवन बरोदे विशाल सोनी सहित सफाई अमला उपस्थित रहा।

# एनटीपीसी विन्ध्याचल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण




जागरण, विंध्यनगर। भारत सरकार के प्रेरणादायक अभियान एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत एनटीपीसी विन्ध्याचल ने आज एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल संजीब कुमार साहा के नेतृत्व में परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। यह अभियान न केवल धरती माता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम बनाए बल्कि कार्बन उत्सर्जन में कटौती जलवायु लचीलापन और हरियाली बढ़ाने जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों के प्रति संयंत्र की जागरूकता और सहभागिता को भी दर्शाता है। एनटीपीसी विन्ध्याचल अपने सतत पर्यावरणीय प्रयासों के माध्यम सेए एक ज़िम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। स्टेशन द्वारा ऐसे आयोजन कर्मचारियों और समुदाय में पर्यावरणीय चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक पेड़ माँ के नाम् जैसे अभियान हमें न केवल हरियाली बढ़ाने की प्रेरणा देते हैंए बल्कि प्रकृति के साथ हमारे भावनात्मक संबंध को भी प्रगाढ़ करते हैं। एनटीपीसी विन्ध्याचल भविष्य में भी इसी भावना के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए अग्रसर रहेगा।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने शासकीय स्कूल के छात्रों को वितरित किए स्कूल बैग



**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी.विंध्याचल अपनी नैगम सामाजिक दायित्व नीति के तहत पिछले कई वर्षों से आस.पास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित कर रहा है। इसी प्रयास के तहत आज विंध्याचल सीएसआर द्वारा गाहिलगढ़ पश्चिम स्थित शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल बैग का वितरण किया गया। एनटीपीसी.विंध्याचल सीएसआर द्वारा अपने नैगम सामाजिक दायित्व कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी नीति के तहत शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विंध्याचल सीएसआर द्वारा गाहिलगढ़ पश्चिम स्थित शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना और उन्हें शिक्षा के प्रति उत्साहित करना था। एनटीपीसी विंध्याचल प्रबंधन ने परियोजना के आस.पास के क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। स्कूल के छात्र.छात्राओं शिक्षकों तथा स्थानीय वार्ड पार्षद श्रीमती देवमति बाबू नंदन ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह की सामाजिक जिम्मेदारी से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। इस अवसर पर कार्यपालक सीएसआर निखिल जायसवाल के साथ उनकी टीम स्थानीय वार्ड सदस्य और स्कूल स्टाफमौजूद रहे। यह पहल क्षेत्र के बच्चों के शैक्षिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बिहारी लाल गुप्ता पिता श्री मोतीलाल गुप्ता उम्र 55 वर्ष ग्राम मेढौली पोस्ट–सिंगरौली जिला सिंगरौली म.प्र का निवासी हूँ। मुझ शपथी के नाम से एनसीएल जयंत परियोजना द्वारा मुआवजा नोटिस प्रकरण क्र. 1862 मकान नंबर 725 का दिनांक 28/08/2020 को प्रदान किया गया है जिसमे मेरा नाम बिहारी लाल पिता मोतीलाल गुप्ता लेख किया गया है। मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड मे बिहारी लाल गुप्ता पिता श्री मोतीलाल गुप्ता पैन कार्ड मे BIHARI LAL GUPTA S/O MOTI LAL GUPTA एवं बैंक पासबूक में BIHARILAL GUPTA एवं वोटर कार्ड में बिहारी लाल गुप्ता पिता श्री मोतीलाल गुप्ता लेख किया गया है। मै शपथ पूर्वक कथन करता हूँ की एनसीएल की नोटिस में नाम बिहारी लाल पिता मोतीलाल गुप्ता, आधार कार्ड में बिहारी लाल गुप्ता पिता श्री मोतीलाल गुप्ता, पैन कार्ड मे BIHARI LAL GUPTA S/O MOTI LAL GUPTA एवं बैंक पासबूक मे BIHARILAL GUPTA S/O SRI MOTI LAL GUPTA एवं वोटर कार्ड में बिहारी लाल गुप्ता पिता श्री मोतीलाल गुप्ता उपरोक्त नाम एक ही व्यक्ति यानी मुझ शपथकर्ता का ही नाम है जिस बावत शपथ पत्र निष्पादित कराया हूँ।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मेवालाल गुप्ता पिता मोतीलाल गुप्ता 58 वर्ष ग्राम मेढौली पोस्ट– सिंगरौली जिला सिंगरौली म.प्र का निवासी हूँ। मुझ शपथी के नाम से एनसीएल जयंत परियोजना द्वारा मुआवजा नोटिस प्रकरण क्र. 1862 मकान नंबर 725 का दिनांक 28/08/2020 को प्रदान किया गया है जिसमे मेरा मेरा नाम मेवालाल लेख किया गया है। मुझ शपथी के आधार कार्ड मे मेवा लाल गुप्ता पिता श्री मोतीलाल गुप्ता पैन कार्ड में MEWA LAL GUPTA S/O MOTI LAL GUPTA एवं बैंक पासबुक एसबीआई ब्रांच मोरवा खाता नंबर 10773245517 में GUPTA LAL MEWA एवं वोटर कार्ड में मेवालाल पिता मोतीलाल लेख किया गया है। मै शपथ पूर्वक कथन करता है की एनसीएल की नोटिस में नाम मेवालाल, आधार कार्ड मे मेवा लाल गुप्ता पिता श्री मोती लाल गुप्ता, पैन कार्ड में MEWA LAL GUPTA S/O MOTI LAL GUPTA एवं बैंक एसबीआई ब्रांच मोरवा खाता नंबर 10773245517 में GUPTA LAL MEWAएवं वोटर कार्ड मे मेवालाल पिता मोतीलाल उपरोक्त नाम एक ही व्यक्ति यानी मुझ शपथकर्ता का ही नाम है जिस बावत शपथ पत्र निष्पादित कराया हूँ।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोतीलाल गुप्ता पिता श्री विन्धयेश्वरी प्रसाद गुप्ता उम्र 80 वर्ष ग्राम मेढौली पोस्ट–सिंगरौली जिला सिंगरौली म.प्र का निवासी हूँ। मुझ शपथी के नाम से एनसीएल जयंत परियोजना द्वारा मुआवजा नोटिस प्रकरण क्रमांक 1904 मकान नंबर 726 एवं 727 का दिनांक 03/09/2020 को प्रदान किया गया है जिसमे मेरा नाम मोती लाल गुप्ता पिता विन्देश्वरी प्रसाद केशरवानी लेख किया गया है। मुझ शपथ कर्ता के आधार कार्ड मे मोतीलाल गुप्ता पिता श्री विन्धयेश्वरी प्रसाद गुप्ता, पैन कार्ड मे MOTI LAL GUPTA S/O VINDHYESHVARI PRASAD GUPTA एवं बैंक पासबूक यूबीआई ब्रांच मोरवा खाता नंबर 391702010008434 में MOTI LAL S/O SRI VINDHYESHVARI PRASAD एवं वोटर कार्ड मे मोतीलाल पिता विन्ध्येश्वरी लेख किया गया है। मै शपथ पूर्वक कथन करता हूँ की एनसीएल की नोटिस मे नाम मोती लाल गुप्ता पिता विन्देश्वरी प्रसाद केशरवानी आधार कार्ड मे मोतीलाल गुप्ता पिता श्री विन्धयेश्वरी प्रसाद गुप्ता, पैन कार्ड मे MOTI LAL GUPTA S/O VINDHYESHVARI PRASAD GUPTA एवं बैंक पासबूक यूबीआई ब्रांच मोरवा खाता नंबर 391702010008434 में MOTI LAL GUPTA S/O VINDHYESHVARI PRASAD GUPTA एवं वोटर कार्ड मे मोतीलाल पिता विन्ध्येश्वरी उपरोक्त नाम एक ही व्यक्ति यानी मुझ शपथकर्ता का ही नाम है जिस बावत शपथ पत्र निष्पादित कराया हूँ।

# उपखण्ड न्यायालय के अधिवक्ताओं को दी गुरु पूर्णिमा की बधाई




**जागरण, बैढ़न।** रामशिरोमणि शाहवाल प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने अपने साथियों के साथ उपखण्ड न्यायालय बैढ़न में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जाती पाती छुआ छूत से ऊपर उठ कर हमेशा पीड़ितों को न्याय दिला ने के लिए आवाज बुलंद करने वाले कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता वरिष्ठ अधिवक्ता रामललन पाण्डे शाल माला पहना कर सम्मानित किया गुरु पूर्णिमा बधाई दिए उपखण्ड न्यायालय सिंगरौली अधिवक्ताओं के चेम्बर परिसर में गुरुपूर्णिमा कार्यक्रम में उपस्थित अधिवकाओं में के के रॉय राजकुमार सिंह उमेश कुमार सिंह राममूर्ति प्रजापति अरुण कुमार भट्ट शिव कुमार वर्मा ओम प्रकाश वर्मा विद्यापति शाह गंगाप्रसाद शाह आर पी शाह अश्मिता दीक्षित योगेंद्र कुमार पांडेय आदि सभी उपस्थित अधिवक्ताओं पार्षद रामगोपाल पाल नगर निगम सिंगरौली समाजसेवी ललन कुमार पनिका सहित कई गणमान्य जन की उपस्थिति रही।

# पत्रकारों ने एसपी से की मुलाकात, सीएसपी पर लगाए दुर्व्यवहार के आरोप

## कई पत्रकारों ने मौके पर मौजूद सीएसपी के कार्यप्रणाली पर उठाया सवाल



**जागरण, बैढ़न।** जिले के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पत्रकारों का आज एक प्रतिनिधिमंडल आज पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री से मुलाकात करते हुये सीएसपी पीएस परस्ते की कार्यप्रणाली और उनके द्वारा पत्रकारों के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार को लेकर शिकायत की। पत्रकारों ने कड़े शब्दों में कहा है कि यदि अब किसी भी पत्रकार साथियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया तो पत्रकार अगला कदम उठाने के लिए विवश हो जाएंगे। इस दौरान एसपी ने आश्वस्त किया कोई भी पुलिस किसी भी मीडिया कर्मी के गलत बर्ताव नही करेगा। मौके पर सीएसपी भी मौजूद थे। पत्रकारों ने बताया कि कई बार प्रशासनिक सूचनाओं एवं घटनाओं की जानकारी लेने के दौरान सीएसपी का व्यवहार असहज और असम्मान जनक रहा है जिससे पत्रकारों की गरिमा को ठेस पहुँची है। प्रतिनिधिमंडल ने इस प्रकार के रवैये को प्रेस और पुलिस के बीच विश्वास की दीवार को कमजोर करने वाला बताया। इस संबंध में एसपी मनीष खत्री ने पत्रकारों की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें विश्वास दिलाया कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस और पत्रकार दोनों ही समाज के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और दोनों के बीच संवाद एवं समन्वय बना रहना आवश्यक है। एसपी ने कहा कि इस संबंध में आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में शांति सुरक्षा और सूचना के आदान.प्रदान के लिए मीडिया एक सशक्त माध्यम है और उसके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए। किसी भी घटना क्रम के बयान के लिए थाना प्रभारियों को आज पत्र जारी कर अवगत करा दिया जाएगा और घटना की जानकारी वही से मिल जाया करेगी। इस दौरान जिले के कई महत्वपूर्ण प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इसके पूर्व पत्रकारों की एक अहम बैठक उच्च विश्राम गृह माजन मोड़ बैढ़न में आयोजित की गई। जहां सीएसपी पीएस परस्ते के द्वारा पत्रकारों के साथ किये जा रहे

# 3 चोरियों के 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## दुकानों और अस्पताल में लगाई थी सेंध, चुराया था ढाई लाख से ज्यादा का सामान



**टीकमगढ़।** उपपुलिस अधीक्षक पुलिस ने गुरुवार को तीन अलग-अलग स्थानों पर हुई चोरी का खुलासा किया। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें आशीष यादव, प्रवेश यादव, ईसु यादव और अभिषेक यादव शामिल हैं। एएसपी सीताराम सत्या ने बताया कि थाना देहात पुलिस ने मुख्य आरोपी आशीष यादव को पकड़ा। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि 23 मई को कलेक्ट्रेट के सामने की दुकान से इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी किया था। इसमें सैमसंग और फेन्टोक कंपनी की एलईडी, एचपी प्रिंटर, जिंदल कूलर और एक फिंगर डिवाइस शामिल थे। इन सामानों की कीमत 25 हजार रुपए है। आरोपियों ने धारा 331(4), 305 बीएनएस से 20 बोरी गेहूं, 6 बोरी महुआ और एक टैक्सी ऑटो भी चुराया था। इस सामान की कीमत ढाई लाख रुपए है। इसके अलावा 5-6 जुलाई की रात को अस्पताल चौराहे के पास स्थित मेडिकल दुकान से भी चोरी की थी। पकड़े गए आरोपियों में आशीष यादव (25 वर्ष) मजरा पहाड़ी खुर्द, प्रवेश यादव (22 वर्ष) मजरा पहाड़ी खुर्द, ईसु यादव (20 वर्ष) मजरा पहाड़ी खुर्द और अभिषेक यादव (20 वर्ष) हीरानगर के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार ये लोग टीकमगढ़ के अन्य थाना क्षेत्रों में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

# बान सुजारा बांध के 9 गेट खुले

## 24 घंटे में हुई 1.8 इंच बारिश, धसान नदी के निचले हिस्से में 10 फीट तक पानी बढ़ा



**टीकमगढ़।** जिले में मानसून की सक्रियता से जिले में लगातार बारिश हो रही है। बुधवार दोपहर 2:30 बजे से शुरू हुई बारिश रात भर जारी रही। पिछले 24 घंटों में जिले में 45.6 मिलीमीटर (1.8 इंच) औसत बारिश दर्ज की गई। बल्देवगढ़ तहसील में सर्वाधिक 75 मिलीमीटर (3 इंच) वर्षा हुई। अन्य क्षेत्रों में लिधौरा में 63, पलेरा में 58, जतारा में 46, खरगापुर में 40, टीकमगढ़ में 37, बड़ागांव धसान में 36 और मोहनगढ़ में 10 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। 1 जून से 9 जुलाई तक जिले में 562.1 मिलीमीटर (22.1 इंच) औसत बारिश हो चुकी है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 231.6 मिलीमीटर (9.01 इंच) वर्षा हुई थी। इस प्रकार इस वर्ष लगभग 13 इंच अधिक बारिश हुई है।

### धसान नदी का जल स्तर बढ़ा

बान सुजारा बांध के 9 गेट खोलकर 540 घन मीटर प्रति सेकेंड पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे धसान नदी के निचले हिस्से में करीब 10 फीट तक पानी बढ़ गया है। हालांकि बांध परियोजना के अधिकारियों ने पहले ही सूचना जारी कर दी थी। जिससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने नदी से दूरी बना ली है। बड़ागांव में नदी पर नया पुल बन गया है। जिससे आवागमन जारी है। इसके पहले नदी का पानी बढ़ने पर पुल डूब जाता था और आवागमन बंद हो जाता था। नया पुल बनने से लोगों को राहत है।

# गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हुआ पवई नगर



## शिष्यों ने गुरुजनों के चरणों में अर्पित की श्रद्धा, लिया आशीर्वाद

**पवई ।** गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरुवार को पवई नगर सहित आस-पास के ग्रामीण अंचलों में परंपरा और श्रद्धा के साथ मनाया गया। शिष्यों ने अपने-अपने गुरुओं के चरणों में उपस्थित होकर पूजन-अर्चन किया, उन्हें वस्त्र, पुष्प, मिष्ठान एवं दक्षिणा अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह पर्व महर्षि वेदव्यास के जन्मदिवस के रूप में व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन शिष्य अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं। पवई नगर के प्रतिष्ठित गुरुओं में पंडित रमेश प्रसाद शास्त्री, पंडित रामगोपाल शास्त्री, पंडित रामदुलारे पाठक, पंडित विष्णु प्रसाद गर्ग, पंडित राजेंद्र मिश्रा, पंडित नारायण प्रसाद तिवारी एवं पंडित रामकृष्ण पांण्डेय (सिमरा वाले) के यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

इस अवसर पर पंडित रामगोपाल शास्त्री ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि, आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को महर्षि वेदव्यास जी का प्राकट्य हुआ था। उन्होंने वेदों का विभाजन कर चार वेद, 18 पुराण, 6 शास्त्र तथा महाभारत जैसे ग्रंथों की रचना कर मानवता को मार्गदर्शन प्रदान किया। इसलिए यह दिन गुरुओं के प्रति सम्मान प्रकट करने का श्रेष्ठ अवसर माना जाता है। गुरुजनों के श्रीचरणों में नतमस्तक होकर शिष्यों ने जीवन में सदाचार, ज्ञान और सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पर्व के अवसर पर नगर का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया।

# जबरन ले गए आई 10 कार, वापस मांगने पर कर रहे टालमटोली



**टीकमगढ़।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे ग्राम मवई थाना देहात निवासी श्रीमती जूली खरे ने पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन दिया है। ज्ञापन ने पीड़िता श्रीमती जूली खरे ने बताया कि 8 जुलाई की दोपहर करीब 3 बजे शो रूम के मालिक अभिषेक सिंघाई द्वारा पीड़ित के पति को फोन कर शोरूम कुछ कम होने का बता कर बुलाया ओर बातो में उलझा कर पीड़िता के पति से उकी कार आई 10 एमपी36जेडई1238 की चाबी जबरन छीन ली। ओर अपने ड्राइवर प्रमोद गंगेले को बुला कर कहा कि यह गाड़ी ले जाओ। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पीड़िता की कार में सोने का मंगलसूत्र वजन लगभग सवा तीन तोला एवं आई फोन कंपनी का मोबाइल जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 15 हजार रूपये कार के डैश बोर्ड में रखा था तथा पीड़िता की गाडी के समस्त दस्तावेज जिसमें मूल रजिस्ट्रेशन बीमा प्रदूषण प्रमाण पत्र सीएनजी फिटमेंट के कागज एवं गाडी का इनवॉइस रखे हुये थे। पीड़िता ने कहा कि आई10 कार एमपी36जेडई1238 श्रीमती जुली खरे के नाम है। वही पीड़िता ने बताया कि उसके पति को कुछ भी कहने सुनने का मौका नहीं मिला। पीड़िता जुली खरे के पति अभिषेक सिंघाई से कुछ पूछते या कहते कि अचानक अभिषेक सिंघाई भी दूसरी गाड़ी लेकर शोरूम से चले गए जिसका अभी तक कोई भी पता नहीं है आवेदिका एवं उसके पति बुधवार शाम को करीब 5:30 शोरूम पर पुनः गये तथा गुरुवार सुबह 12 बजे भी शोरूम पर गये थे लेकिन न तो पीड़िता की गाडी का कोई पता चला और न ही अभिषेक सिंघाई का न ही ड्राईवर प्रमोद गंगेले का कोई पता चला आवेदिका को अपने वाहन की अत्यंत आवश्यकता है। वह बिना गाड़ी के कही आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित जूली खरे ने पुलिस अधीक्षक ने आवेदन दे कर गुहार लगाई है की उसकी गाड़ी अभिषेक सिंघाई से दिलवाई जाए और उसमें रखा समस्त सामान भी अभिषेक सिंघाई से दिलवाया जाय तथा अभिषेक सिंघाई के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाए। वही इस संबंध में हुंडाई शोरूम के मालिक अभिषेक सिंघई से बात की तो उन्होंने उन्होंने पीड़ित जुली खरे के पति से शोरूम के लेनदेन का मामला बताया है।

# निराश्रित गौवंश को एक सप्ताह में गौशालाओं में शिफ्ट करने के निर्देश

## जिला मजिस्ट्रेट ने सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम एवं गौवंश की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

**पन्ना ।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने नेशनल एवं स्टेट हाईवे, प्रमुख जिला मार्ग व ग्राम सड़क एवं शहर के वार्डों की सड़कों पर निराश्रित पशु और गौवंश के बैठने तथा विचरण करने से घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता अधिनियम 2023 की धारा 163(1) के तहत दो माह के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है, जिसके तहत कोई भी पशुपालक द्वारा सड़कों पर अपने पशु अथवा गौवंश को खुले में नहीं छोड़ा जाएगा। दूध का स्वयं के लिए उपयोग करने वाले पालक भी अपने पशु व गौवंश को अपने कैंपस के अंदर ही रखेंगे। साथ ही समस्त जनपद पंचायत सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक अपने कार्य क्षेत्र में आने वाली सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर पाए जाने वाले निराश्रित पशु व गौवंश को एक सप्ताह के भीतर नजदीकी गौशालाओं में रखे जाने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

वर्तमान में जिले में 5 गौशालाओं का संचालन निजी व शासकीय संस्थाओं द्वारा तथा 33 गौशालाओं को संचालन ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा है, जबकि नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा एक गौशाला संचालित है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उप संचालक पशुपालन एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारियों को प्रति दिवस गौशालाओं का निरीक्षण कर प्रवेशित गौवंश रखे जाने संबंधी पंजी संधारित कर टैगिंग कार्य भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### अर्थदण्ड अदा करने के उपरांत ही वापस मिल सकेंगे गौवंश

गौशाला में पशु एवं गौवंश के प्रवेश के बाद गौवंश पालक को गौशाला से गौवंश की वापिसी पर खुराक खर्चा और अर्थदण्ड देना होगा। साथ ही संबंधित गौशाला में गौवंश एवं पालक की पहचान का रिकार्ड भी संधारित किया जाएगा। इसके अलावा निर्धारित समयावधि में विभागीय अधिकारियों द्वारा गौवंश को गौशालाओं में स्थानांतरित नहीं करवाने तथा सड़कों पर गौवंश के विचरण की स्थिति में विभागीय कार्रवाई के साथ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के प्रावधान अनुसार अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त उल्लंघनकर्ता पशुपालकों के विरूद्ध भी निर्धारित प्रावधान अनुसार अभियोजन की कार्यवाही होगी। उल्लेखनीय है कि समय-समय पर क्षेत्र भ्रमण, समाचार पत्रों, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से निराश्रित पशु एवं गौवंश के सड़क पर बैठने व विचरण के कारण दुर्घटनाओं का तथ्य संज्ञान में आने पर जिला मजिस्टेऊट द्वारा उक्तादेश जारी किया गया है। पूर्व में भी इस संबंध में स्थानीय निकाय के अधिकारियों तथा सरपंच एवं सचिव को निर्देश जारी किए गए थे। मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव द्वारा भी निराश्रित पशु व गौवंश को गौशाला एवं कांजी हाउस में प्रवेश के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद पशुपालकों द्वारा इन्हें खुली सड़कों में छोड़ा जा रहा है, जिससे सड़क व वाहन दुर्घटनाओं के साथ पशु एवं जन हानि हो रही है। दुर्घटनाओं की रोकथाम सहित पशु व गौवंश की समुचित सुरक्षा व देखभाल के मद्देनजर इन्हें गौशालाओं में शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अजयगढ़ में सर्वाधिक गौशालाएं

पशुपालन एवं डेयरी विभाग की मुख्यमंत्री गौसेवा योजना के तहत जिले में 33 गौशालाएं संचालित हैं। इसमें सर्वाधिक अजयगढ़ विकासखण्ड में 12 गौशालाएं हैं, जिसके तहत गौशाला ग्राम पंचायत सिंहपुर, श्री धूनी आश्रम गौशाला खोरा, श्री नरहर बाबा गौशाला समिति पिष्टा, श्री बांके बिहारी लघु वृंदावन समिति मोहाना, कान्हा गौशाला समिति भानपुर, कामधेनु गौशाला समिति सब्दुआ, राधा गौशाला समिति कड़रहा, कामधेनू गौशाला समिति उदयपुर और सिद्धनाथ गौशाला समिति देवरा भापतपुर संचालित है। इसी तरह पन्ना विकासखण्ड में मां गालादेवी गौशाला समिति लक्ष्मीपुर, बाबा हिम्मत दास गौशाला धनगढ़, कामधेनू गौशाला लुहरहाई, श्री राधा कृष्ण गौ समिति बड़ागांव और कृष्णा गौ समिति राजापुर का संचालन किया जा रहा है।

गुनौर विकासखण्ड में देव गौरी गौशाला सिरी, गौशाला ग्राम पंचायत झरकुवां, गौशाला ग्राम पंचायत कोट, निरंकारी गौशाला समिति बंधौरा एवं गौशाला ग्राम पंचायत सुंगरहा संचालित है। पवई विकासखण्ड में सुरभि गौशाला समिति मोहन्द्रा, कान्हा गौशाला समिति कल्दा, नंदगोपाल गौशाला बनौली, मां दानदाई गौशाला कोठी, कामदगिरी गौशाला हड़ा, लक्ष्मी गौशाला बुधेड़ा, भोलेनाथ गौशाला समिति पिपरियादौन एवं मां शारदा माता गौशाला समिति झांझर तथा शाहनगर विकासखण्ड में श्री कृष्णा गौशाला रैपुरा, गौशाला ग्राम पंचायत आमा, सिमरी हार गौशाला समिति शाहनगर, राधेश्याम गौशाला सटवा, श्री राधेश्याम गौशाला समिति बघवारकलां और कृष्णा गौशाला रैयासांटा संचालित है।

जिले में अजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत श्री रामसहाय जन चैरिटेबल सोसायटी झिन्ना, शासकीय कृषि प्रक्षेत्र गौशाला अजयगढ़ और श्री सिद्धनाथ गौ सेवा सदन देवगांव, गुनौर विकासखण्ड में शासकीय कृषि प्रक्षेत्र गौशाला भैसवाही तथा पवई विकासखण्ड में श्री विद्यासागर गौ रक्षा एवं संवर्धन समिति गौशाला का संचालन हो रहा है। उप संचालक पशुपालन डॉ. एन.के. गुप्ता ने बताया कि गौशालाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही, असुविधा अथवा समस्या के निराकरण के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के जिला कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

## पं ज्ञान प्रकाश तिवारी का निधन

**पवई ।** नगर के वार्ड क्रमांक 14 निवासी पंडित ज्ञान प्रकाश तिवारी (बाबा जी) का गुरूवार 10 जुलाई को 74 वर्ष की आयु मे निधन हो गया । बाबाजी शिक्षक रघुवीर तिवारी एवं युवा कांग्रेस नेता रामवीर तिवारी के पिता जी थे । अंतिम संस्कार आज शुक्रवार को मुक्तीधाम पवई मे किया जाएगा । उनके निधन की खबर मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई ।सभी ने उन्हे अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पवई तहसील में त्रिलोक सिंह ने तहसीलदार के रूप में संभाला कार्यभार

**पवई ।** पवई बुधवार को पवई तहसील में नवागत तहसीलदार त्रिलोक सिंह ने औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के पश्चात तहसीलदार ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया।

इस अवसर पर तहसीलदार श्री सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि न्यायालय में लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए, जिससे आमजन को समय पर न्याय मिल सके।

उन्होंने छात्रों को प्रमाणपत्रों के निर्गमन में किसी प्रकार की देरी न हो इस पर भी विशेष जोर दिया। आय, जाति एवं निवास प्रमाणपत्रों को समयसीमा में तैयार कर आवेदकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। तहसीलदार के आगमन पर कार्यालयीन कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान समस्त राजस्व अमला एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# एबीवीपी स्थापना दिवस पर पवई में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर




## पूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, सेवा भाव का दिया संदेश

**पवई ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ए.बी.वी.पी) के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय पवई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्क्ङ्क्क के वर्तमान और पूर्व कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए सेवा भाव का परिचय दिया।

रक्तदान शिविर में जनभागीदारी अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया, संयोजक सतेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला संयोजक विक्रांत सिंह, डॉली बुंदेला, मंकू श्रीवास्तव, प्रतीक ताम्रकार, प्रदुमन सोनी, संजय, सचिन, उमेश सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिविर के दौरान परिषद पदाधिकारियों ने ए.बी.वी.पी की सेवा, संगठन और संस्कार आधारित विचारधारा को युवाओं के समक्ष रखते हुए अधिक से अधिक सामाजिक कार्यों में भागीदारी का आह्वान किया। इस शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। कार्यक्रम के अंत में परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

# एक देशी पिस्टल (09 राउंड) व दो जिंदा कारतूस के साथ आदतन अपराधी को किया गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस द्वारा आदतन अपराधी को अवैध रूप से निर्मित एक देशी पिस्टल (09 राउंड) व दो जिंदा कारतूस के साथ के गिरफ्तार किया जाकर की गई वैधानिक कार्यवाही । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शस्त्र रखने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा थाना स्तर पर एक टीम का गठन किया गया। दिनांक 08.07.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जनवार तिराहा, यात्री प्रतीक्षालय के सामने, आम रोड पन्ना पर एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी पिस्टल लिये खड़ा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची मौके पर एक संदेही व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया । पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेही व्यक्ति से नाम पता पूँछकर उसकी तलाशी ली गई जो तलाशी के दौरान संदेही के कब्जे से एक देशी लोहे की 09 राउंड पिस्टल एवं दो पीतल के जिंदा कारतूस लिये होना पाये गये । पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से अवैध पिस्टल एवं जिंदा कारतूस जप्त किये जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । मामले में आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में अप.क्र. 597/25 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है ।

**गिरफ्तार आरोपी** 1. अखिलेश तिवारी पिता नंदीलाल तिवारी उम्र 46 वर्ष निवासी देवरीगढ़ी

**जब्त सामग्री** – एक देशी 09 राउंड लोहे की पिस्टल, दो पीतल के जिंदा कारतूस कुल कीमती करीब 10,000 रूपये के जप्त । उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा , चौकी प्रभारी सिविल लाइन उनि शक्ति प्रकाश पाण्डेय, सउनि मान सिंह, प्र.आर. आईमात सेन, बृषकेतू रावत, खेमचंद्र राय, आर. संदीप पटेल, दिलीप शर्मा, फेरन सिंह, अभिषेक सिंह, एवं सत्यनारायण अग्निहोत्री की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# जिला जेल पन्ना का किया निरीक्षण, बंदियों को दी विधिक जानकारी

**पन्ना ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा गुरूवार को जिला जेल पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के सचिव एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड राजकुमार गौड़ ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं भी देखीं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में संपन्न निरीक्षण सह शिविर कार्यक्रम के दौरान बंदियों को महत्वपूर्ण विधिक जानकारी प्रदान करने के साथ ही जेल में अनुशासन बनाए रखने और स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार लाने के लिए प्रेरित किया गया। प्राधिकरण के सचिव द्वारा बंदियों को अधिवक्ता की आवश्यकता होने पर जेल प्रशासन के माध्यम से आवेदन पत्र विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को प्रेषित करने की सलाह दी गई। साथ ही मध्यस्थता अभियान अंतर्गत इससे होने वाले लाभों के बारे में भी अवगत कराया गया। सचिव ने उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में जिला जेल द्वारा की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली तथा जेल प्रबंधन को बंदियों के जमानत आदेश प्राप्त होने के 7 दिवस में बंदी की रिहाई नहीं होने पर अविलंब प्राधिकरण कार्यालय में सूचित करने संबंधी दिशा निर्देश भी दिए गए।

जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन ने बंदियो को दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के अध्याय 21 ए में प्ली बारगेनिंग के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी प्रदान कर जेल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य मामलों में समझौता से सुलह करने की सलाह दी तथा बंदियों के विधिक अधिकार एवं कर्त्तव्य भी बताए। प्रभारी जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा ने आभार प्रकट कर बंदियों को शिविर के माध्यम से प्राप्त विधिक जानकारी अमल में लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# जरूरतमंद बच्चों के लिए संचालित है मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना

**पन्ना ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जरूरतमंद बच्चों को पोषण एवं पढ़ाई की सुविधा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना का संचालन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य संरक्षक के साथ जीवन यापन करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना तथा शैक्षणिक सहयोग के जरिए इन बच्चों को समाज में पुनर्स्थापित करना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि स्पांसरशिप योजना के तहत मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी परिवार के 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे, जिनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह रिश्तेदार अथवा संरक्षक की देखरेख में रह रहे हों तथा मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के तहत पात्रता की श्रेणी में नहीं आते हैं, ऐसे बच्चे इस योजना के तहत पात्र हैं। इसमें दो प्रकार से क्रमशः आर्थिक सहायता और चिकित्सीय सहायता प्रदान की जाती है। आर्थिक सहायता के तहत पात्र बच्चों को 4 हजार रूपए प्रतिमाह प्रदान किए जाते हैं, जबकि चिकित्सीय सहायता के लिए बच्चे का आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक है। योजना के लाभ के लिए आवेदन हेतु नजदीकी आंगनवाड़ी केन्द्र, बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 104 स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। साथ ही किसी भी प्रकार की सहायता के लिए टोल फ्री संपर्क नंबर 9754989413 भी उपलब्ध है।

### आवश्यक दस्तावेज

मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के लाभ के लिए बालक-बालिका एवं संरक्षक के पासपोर्ट साइज फोटो के साथ बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और विद्यालय की गत वर्ष की अंकसूची तथा माता एवं पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र और संरक्षक का आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र होना जरूरी है। इसके अलावा बालक एवं संरक्षक का संयुक्त बैंक खाता व समग्र आईडी तथा संरक्षक का आय प्रमाण पत्र भी जरूरी है।



इन्वेस्ट मध्यप्रदेश उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
MPMETRO
Smart City
MPHIDB
शहरी विकास के
नए अध्याय की
शुरुआत
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश
ग्रोथ कॉन्क्लेव
भविष्य के शहरों का निर्माण
11 जुलाई, 2025 । पूर्वाह्न 10:00 बजे
ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर
शुभारंभ
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप मध्यप्रदेश के शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। इससे बढ़ती नगरीय जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। समृद्ध और विकसित शहर, प्रदेश के समावेशी विकास की आधारशिला बनेंगे।
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
प्रमुख आकर्षण
1500 से अधिक प्रतिभागी
एक्सपो (आमजन के लिए सायं 5:30 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक)
वन-टू-वन मीटिंग
फोकस सेक्टर
रियल स्टेट
इन्फ्रास्ट्रक्चर
पर्यटन
होटल इंडस्ट्री
पैनल चर्चा
अर्बन टेक
अर्बन ग्रीन्स
अर्बन मोबिलिटी
अर्बन इन्फ्रा ड्राइव
D-11062/25
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @JansamparkMP
JansamparkMP

# लॉर्ड्स में नीतीश का कमाल, 23 साल बाद पहले ओवर में किसी भारतीय गेंदबाज ने झटके दो विकेट

## तीसरा टेस्ट : इंग्लैंड ने बनाए चार विकेट पर 215 रन, रूट के नाबाद 75 रन

**जेएनएन, लंदन**

भारत ने इंग्लैंड की रन गति पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन जो रूट ने गुरुवार को लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन मेजबान टीम को चार विकेट पर 215 रन तक पहुंचा दिया। खबर लिखे जाने तक रूट 75 और कप्तान बेन स्टोक्स 29 रन पर खेल रहे थे। अपने अति आक्रामक 'बैजबॉल' रवैये के लिए मशहूर इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में काफी धीमी बल्लेबाजी की। टीम ने इस दौरान सिर्फ 70 रन जोड़े, लेकिन इस दौरान भारतीय गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। रूट ने पोप (103 गेंद पर 44 रन) के साथ पारंपरिक टेस्ट मैच की बल्लेबाजी शैली अपनाई और तीसरे विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड को नीतीश कुमार रेड्डी ने अपने पहले ही ओवर में दो झटके दिए। नीतीश 2002 के बाद अपने पहले ही ओवर में दो विकेट झटकने वाले दूसरे भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। 2002 के बाद अब तक केवल दो भारतीय तेज गेंदबाजों ने पुरुष टेस्ट मैचों में पारी के अपने पहले ओवर में दो बार विकेट लेने का कारनामा किया हैं। इरफान पठान ने 2006 में कराची में पाकिस्तान के खिलाफ हैट्रिक ली थी। भारत को हालांकि दूसरे सत्र में झटका लगा, जब विकेटकीपर रिषभ पंत चोटिल हो गए। जसप्रीत बुमराह की लेग साइड से बाहर की ओर जाती गेंद उनके बाएं हाथ की अंगुलियों पर लगी, जिसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। ध्रुव जुरेल ने स्टंप के पीछे उनकी जगह ली। रूट ने फाइन लेग क्षेत्र में चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत ने उम्मीद के मुताबिक एकमात्र बदलाव करते हुए प्रसिद्ध कृष्णा की जगह बुमराह को एकादश में शामिल किया। बेन स्टोक्स ने कोच ब्रैंडन मैकुलम के मार्गदर्शन में खेलते हुए घरेलू मैच में सिर्फ दूसरी बार पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बेन डकेट (40 गेंद पर 23 रन) और जैक क्रॉली (43 गेंद पर 18 रन) की सलामी जोड़ी ने पहले घंटे में 13 ओवर में बिना किसी नुकसान के 39 रन बनाकर इंग्लैंड को सतर्क शुरुआत दिलाई। मैदान की ढलान के कारण भारतीय गेंदबाजों को गेंदबाजी करते समय अभ्यस्त होने में कुछ समय लगा। कप्तान शुभमन गिल ने बुमराह और एजबेस्टन में मैच में 10 विकेट लेने वाले आकाश दीप को नई गेंद सौंपी। गिल ने पहले घंटे के बाद नर्सरी एंड से रेड्डी को गेंद थमाई और उन्होंने निराश नहीं किया। पहला विकेट भाग्य के सहारे मिला जब डकेट ने लेग साइड के बाहर की शॉर्ट गेंद पर विकेटकीपर पंत को कैच थमा दिया। पोप अगली ही गेंद पर आउट हो सकते थे, लेकिन गिल गली में मुश्किल कैच लपकने में नाकाम रहे। ओवर की आखिरी गेंद पर क्रॉली का विकेट गिरा। रेड्डी की पिच होने के बाद बाहर की ओर सीम करती हुई गेंद क्रॉली के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में चली गई। हालांकि इस प्रतिष्ठित मैदान की क्षमता 30 हजार दर्शकों से कुछ अधिक है, लेकिन ऐसा लग रहा था जैसे पूरा लंदन इस आयोजन स्थल की ओर उमड़ पड़ा हो। पास ही स्थित सेंट जोंस वुड ट्यूब स्टेशन से बड़ी संख्या में प्रशंसक यहां पहुंचे। इस बड़े मुकाबले के लिए भारत से भी प्रशंसक आए हैं। बेंगलुरु के एक परिवार ने मैदान के बाहर गैर अधिकृत लोगों से तीन टिकट 1200 पाउंड में खरीदे।




### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड पहली पारी : 215/4 (70 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्रॉली का. पंत बो. नीतीश | 18 | 43 | 4 | 0 |
| डकेट का. पंत बो. नीतीश | 23 | 40 | 3 | 0 |
| पोप का. जुरेल बो. जडेजा | 44 | 104 | 4 | 0 |
| जो रूट खेल रहे हैं | 75 | 152 | 7 | 0 |
| हैरी ब्रूक बो. बुमराह | 11 | 20 | 2 | 0 |
| स्टोक्स खेल रहे हैं 29 | 62 | 3 | 0 | |

**अतिरिक्त** : 16, **कुल** : 70 ओवर में चार विकेट पर 215 रन, **विकेट पतन** : 1-43, 2-44, 3-153, 4-172, **गेंदबाजी** : बुमराह 17-3-32-1, आकाशदीप 15-2-69-0, सिराज 14-5-33-0, नीतीश कुमार 13-0-40-2, जडेजा 6-0-17-1, वॉशिंगटन सुंदर 5-1-10-0.

## लॉर्ड्स स्थित एमसीसी संग्रहालय में तेंदुलकर के चित्र का अनावरण



तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले लॉर्ड्स के एमसीसी (मेरिलबोन क्रिकेट क्लब) संग्रहालय में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के चित्र (पोर्ट्रेट) का अनावरण किया गया। यह पोर्ट्रेट स्टुअर्ट पियर्सन राइट ने 18 वर्ष पहले अपने घर पर ली गई एक तस्वीर से बनाया है। यह पोर्ट्रेट इस वर्ष के अंत तक एमसीसी संग्रहालय में रहेगा और उसके बाद इसे पवेलियन में लगाया जाएगा। एक विज्ञप्ति में कहा गया है, जैसे-जैसे काम आगे बढ़ा, पियर्सन राइट का दृष्टिकोण भी बदलता गया और अंततः घिसे हुए एल्युमीनियम पर तेल की चित्रकारी के साथ यह समाप्त हुआ। इसमें अमूर्त पृष्ठभूमि तेंदुलकर की कालातीतता को दर्शाती है, जो किसी युग तक सीमित नहीं है। पियर्सन राइट ने इससे पहले कपिल देव, बिशन सिंह बेदी और दिलीप वेंगसरकर के चित्र बनाए हैं। लॉन्ग रूम गैलरी खेल जगत की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित गैलरी है। क्लब में वर्तमान में लगभग 3,000 तस्वीरें हैं, जिनमें से लगभग 300 पोर्ट्रेट हैं।

"यह बहुत बड़ा सम्मान है। भारत ने जब 1983 में विश्व कप जीता था, तब लॉर्ड्स से मेरा पहला परिचय हुआ था। मैंने हमारे कप्तान कपिल देव को ट्रॉफी उठाते देखा। उस पल ने क्रिकेट में मेरे सफर को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज जब पवेलियन में मेरा पोर्ट्रेट लगाया गया है, तो ऐसा लग रहा है, जैसे मेरा सफर पूरा हो गया हो। जब मैं अपने करियर के बारे में सोचता हूं, तो मेरे चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। यह वाकई खास है।

■ **सचिन तेंदुलकर, महान क्रिकेटर**

## खेल एक नजर

### हॉकी: भारत-ए की लगातार दूसरी जीत, आयरलैंड को 6-0 से हराया

**आइंडहोवन (नीदरलैंड), जेएनएन।** भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर हॉकी क्लब ओरांजे रूड में आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत-ए की आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी जीत है, जिसे उसने दौरे के पहले मैच में 6-1 से हराया था। उत्तम सिंह ने भारत-ए के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम का अगला मुकाबला शनिवार को फ्रांस से होगा। भारतीय कोच शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि टीम आयरलैंड के खिलाफ किए गए शानदार प्रदर्शन को फ्रांस के खिलाफ होने वाले मैच में भी जारी रखना चाहेगी।



### महिला टी-20 विश्व कप अभ्यास मैचों के लिए तीन स्थानों का चयन

**दुबई, जेएनएन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 12 जून से इंग्लैंड में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप 2026 से पहले अभ्यास मैचों की मेजबानी के लिए तीन स्थानों का चयन किया है, जिसमें कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स और डर्बी काउंटी मैदान भी शामिल हैं। तीसरा स्थान लॉफबोरो विश्वविद्यालय है, जो इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के नेशनल क्रिकेट परफोरमेंस सेंटर का मुख्यालय है। आईसीसी ने गुरुवार को कहा कि अभ्यास मैचों का कार्यक्रम उचित समय पर घोषित किया जाएगा। इन तीनों स्थानों का क्रिकेट इतिहास समृद्ध रहा है और इन्होंने महिला क्रिकेट को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले वे स्थानीय प्रशंसकों को एलीट महिला क्रिकेट दिखाने में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। इंग्लैंड और वेल्स में खेले जाने वाले महिला टी-20 विश्व कप में 12 टीमें ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। 24 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में सात स्थानों पर कुल 33 मैच खेले जाएंगे, जिसका फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा।

### हॉकी राष्ट्रीय शिविर के लिए 33 संभावित खिलाड़ी घोषित

**बेंगलुरु, जेएनएन।** हॉकी इंडिया ने 14 जुलाई से सात अगस्त तक साई केंद्र में आयोजित होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। यह शिविर भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह दो बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों (ऑस्ट्रेलिया दौरे और 29 अगस्त से होने वाले एशिया कप) की तैयारी कर रही है। एशिया कप का विजेता अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करेगा। यूरोप में प्रो लीग 2024-25 के निराशाजनक अभियान के बावजूद कोचिंग स्टाफ का ध्यान आगामी टूर्नामेंटों से पहले लय हासिल करने और विभागों में सुधार करने पर लगा है।

**संभावित खिलाड़ी : गोलकीपर:** कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, पवन, मोहित एचएस। **डिफेंडर** : सुमित, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय, यशदीप सिवाच, अमनदीप लाकड़ा। **मिडफील्डर** : राज कुमार पाल, नीलकंठ शर्मा, हार्दिक सिंह, राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, पूवन्ना सीबी, विष्णुकांत सिंह। **फॉरवर्ड** : गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, आदित्य अर्जुन लगागे, सेल्वम कार्थी, उत्तम सिंह, अंगद बीर सिंह।

# नोवाक जोकोविच रिकॉर्ड 14वीं बार विंबलडन सेमीफाइनल में, वर्ल्ड नंबर एक सिनर से भिड़ंत

**जेएनएन, लंदन**

नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके पुरुष एकल में रिकॉर्ड 14वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में विश्व के 22वें नंबर के खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली को 6-7 (6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। इससे पहले तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर ने शानदार सर्विस और तेज फोरहैंड का इस्तेमाल करते हुए 10वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया। जोकोविच को सिनर से पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन विंबलडन में उन्होंने इटली के इस खिलाड़ी के खिलाफ जो दो मैच खेले हैं उनमें उन्होंने जीत हासिल की है। जोकोविच से पहले स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ि अल्काराज ने ब्रिटेन के कैमरून नोरी को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। अब सेमीफाइनल में अल्कारेज की अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज से भिड़ंत होगी। इस बीच महिला एकल में इगा स्वियातेक ने 19वीं वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा पर 6-2, 7-5 से जीत के साथ पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।




■ जोकोविच ने रोजर फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इससे पहले जोकोविच और फेडरर दोनों के नाम 13-13 बार विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड था। 102वीं जीत विंबलडन में यह जोकोविच की है। जोकोविच के इस सीजन का रिकॉर्ड 26-8 हो गया है। वह 25वें मेजर खिताब से दो कदम दूर हैं। अगर 38 वर्षीय जोकोविच इस खिताब को जीत लेते हैं, तो वह ग्रास कोर्ट मेजर में रोजर फेडरर के आठ खिताबों के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे।

"मैं बहुत बुरी तरीके से गिरा। काफी विचित्र स्थिति थी। घास वाले कोर्ट पर ऐसा होता है। घास वाले कोर्ट पर अब तक अपने करियर में मैं कई बार इस स्थिति का सामना कर चुका हूं। निश्चित तौर पर मेरा शरीर अब पहले की तरह नहीं रह गया है। इसलिए मुझे लगता है कि जो कुछ हुआ उसका वास्तविक प्रभाव मैं अगले दिन महसूस करूंगा। तो चलिए देखते हैं। ग्रैंडस्लैम में अच्छा प्रदर्शन करना हमेशा से मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य रहा है। मैं फिर से एक और अच्छी स्थिति में हूं।

**नोवाक जोकोविच**

### भारत ने चौथे मैच में इंग्लैंड को 6 विकेट से हराया

# स्पिनरों की फिरकी में फंसे अंग्रेज महिला टीम ने जीती टी-20 सीरीज

**मैनचेस्टर, जेएनएन।** भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज जीतकर नया इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने चौथे टी-20 में इंग्लैंड को छह विकेट से शिकस्त दी और पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। अंतिम मैच शनिवार को बर्मिंघम में खेला जाएगा। भारत ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर खेली गई प्रत्येक महिला टी-20 सीरीज में हारती रही थी। चौथे टी-20 में भारत की शानदार जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई। राधा यादव (2/15), श्री चरणी (2/30) और दीप्ति शर्मा (1/29) ने मिलकर पांच विकेट लिए और मेजबान टीम को सात विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। चोटिल नैट साइवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में कप्तानी कर रही टैमी ब्यूमोंट ने 16 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 20 रन बनाकर पलटवार किया, लेकिन राधा ने उनको लंबी पारी नहीं खेलने दी। इसके पांच गेंद बाद चरणी ने एलिस कैप्सी को पगबाधा आउट कर दिया, जिससे इंग्लैंड का स्कोर पांच विकेट पर 93 रन हो गया।



इसके बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (32) और स्मृति मंधाना (31) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी करके जीत की नींव रखी। जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 24) और हरमनप्रीत कौर (26) ने आठवें से 14वें ओवर के बीच बिना बाउंड्री के पारी को संभाला और आखिरकार भारत को जीत दिलाई। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर 18 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

"हमें खुशी है कि हम यहां सीरीज जीतने में सफल रहे। जिस तरह से हमने इस सीरीज में प्रदर्शन किया उससे मुझे अपनी टीम पर गर्व है। लय हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण था और जिस तरह से प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना योगदान दिया।

■ **हरमनप्रीत कौर, कप्तान, भारत**

# फीफा: भारत नौ साल में सबसे खराब 133वीं रैंकिंग पर पहुंचा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम जून में मिली दो हार से गुरुवार को जारी फीफा रैंकिंग में छह पायदान की गिरावट से 133वें स्थान पर खिसक गई। भारत चार जून को एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में थाईलैंड (0-2) से हार गया और फिर एशियाई कप क्वालिफाइंग दौर के मैच में उसे निचली रैंकिंग वाली हांगकांग (0-1) से भी पराजय झेलनी पड़ी। इसके बाद मुख्य कोच मनोलो मारकेज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से नाता तोड़ लिया। इससे पहले पिछली बार भारतीय टीम की सबसे खराब रैंकिंग दिसंबर 2016 में थी, जब वह 135वें स्थान पर थी। भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग फरवरी 1996 में 94 थी। भारतीय टीम के अभी 1113.22 रेटिंग अंक हैं, जबकि पहले उसके 1132.03 अंक थे। वह 46 एशियाई देशों में 24वें स्थान पर है, जिसमें जापान (17वीं रैंकिंग) सबसे आगे है। भारतीय पुरुष टीम के लिए कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। हांगकांग के खिलाफ हार ने टीम की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालिफाई करने की मुहिम को मुश्किल में डाल दिया है। मारकेज के मार्गदर्शन में टीम ने अपने पिछले आठ में से सिर्फ एक मैच में जीत दर्ज की और उसे यह जीत मार्च में मालदीव के खिलाफ मिली थी। इस साल भारत ने अभी तक चार मैच खेले हैं, जिसमें से उसे एक में जीत मिली है, जबकि दो मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। विश्व चैंपियन अर्जेंटीना 210 देशों की सूची में सबसे आगे है।

### नई दिल्ली में 2027-28 में होंगे दो शूटिंग वर्ल्ड कप

**म्यूनिख, जेएनएन।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने गुरुवार को अपनी कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान नई दिल्ली को दो बड़ी प्रतियोगिताओं 2027 में संयुक्त विश्व कप और 2028 में जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी। महत्वपूर्ण 2026-27 सत्र के कैलेंडर की घोषणा करते हुए आईएसएसएफ ने कहा कि इस साल सितंबर-अक्टूबर में जूनियर विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) का आयोजन करने वाला नई दिल्ली अगले साल तीनों वर्ग में प्रतिष्ठित विश्व कप चरण की मेजबानी करेगा, जिसकी तारीखों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। नई दिल्ली स्थित कर्णी सिंह रेंज ने पिछले साल अक्टूबर में सत्र के अंत में होने वाले एलीट विश्व कप फाइनल की भी मेजबानी की थी।

# श्रेयंका और साधु ऑस्ट्रेलिया दौर पर भारत-ए टीम में, राधा को मिली कप्तानी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और तेज गेंदबाज टिटास साधु को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए गुरुवार को भारत-ए महिला टीम में चुना गया। चोटों से वापसी करने वाली इन दोनों खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियाई दौरे की टीम में शामिल किया गया, जो सात से 24 अगस्त के बीच तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय, इतने ही वनडे और चार दिवसीय एक मैच खेलेगी। श्रेयंका पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए महिला टी-20 विश्व कप के बाद से चोट के कारण नहीं खेल पा रही थीं। उन्हें सितंबर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग में खेलने के लिए गत चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स ने पहले ही चुन लिया है। वहीं साधु श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज में नहीं खेली थीं और चोट के कारण अप्रैल में इंग्लैंड के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे के लिए भी टीम में नहीं थीं। श्रेयंका का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खेलना बीसीसीआई 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' से मंजूरी मिलने पर निर्भर करेगा, जबकि साधु को मंजूरी मिल गई है।



बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव टी-20 अंतरराष्ट्रीय, वनडे और चार दिवसीय मुकाबले में टीम की कप्तानी करेंगी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को भी सभी टीमों में शामिल किया गया है। इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज का इंग्लैंड दौरा काफी निराशाजनक रहा है, क्योंकि उन्होंने अब तक चार मैच में केवल 101 रन बनाए हैं और उनका उच्चतम स्कोर 47 रन है।



# फैबियान के दो गोल से पीएसजी क्लब विश्व कप के फाइनल में, खिताबी भिड़ंत चेल्सी से

### सेमीफाइनल में रियाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त दी

**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका), जेएनएन।** चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फैबियान रुइज के दो गोल की मदद से पहले 24 मिनट में तीन गोल की बढ़त बनाकर रियाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका सामना चेल्सी से होगा। रुइज ने छठे मिनट में और ओसमान डेम्बेले ने नौवें मिनट में डिफेंडर राउल असेंशियो और एंटोनियो रुडिगर की गलतियों का फायदा उठाकर गोल दागे। इसके बाद 24वें मिनट में रुइज ने जवाबी हमले में स्कोर 3-0 कर दिया। पीएसजी की तरफ से गोंकालो रामोस ने 87वें मिनट में एक और गोल किया। रियाल के किलियन एमबाप्पे अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहले मैच में किसी भी समय खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। अपना पहला यूरोपीय खिताब जीतने के बाद पीएसजी अब रविवार को होने वाले फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के लिए मैदान पर कदम रखेगा। पीएसजी की रियाल मैड्रिड पर इस बड़ी जीत ने चैंपियंस लीग के फाइनल की याद भी ताजा कर दी। उसने तब इंटर मिलान को 5-0 से हराया था।

## सिटी स्पोर्ट्स

# अंतरराष्ट्रीय सेफ कराते चैंपियनशिप में मप्र को दो गोल्ड सहित चार पदक



**भोपाल, खेप्र।** मध्य प्रदेश अकादमी के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय सेफ (SAF) कराते चैंपियनशिप-2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, एक-एक रजत और कांस्य सहित चार पदक जीते। श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित चैंपियनशिप में व्यक्तिगत कुमीते अंडर-21 में कल्याणी विश्वकर्मा (68 किग्रा) और जूनियर वर्ग में रूषा तांबट (-59 किग्रा) ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। कल्याणी ने श्रीलंका और तांबट ने भूटान की खिलाड़ी को हराकर यह पदक जीता। जूनियर बालिका वर्ग व्यक्तिगत कुमीते में कल्याणी कोडोपे (66 किग्रा) ने नेपाल के खिलाड़ी को हराकर रजत पदक जीता। रिद्धी अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता।

### मप्र कराते में कल्याणी की चांदी

**भोपाल, खेप्र।** मप्र की कल्याणी कोडोपे ने थाईलैंड ओपन कराते चैंपियनशिप-2025 में रजत पदक अर्जित किया। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित प्रतियोगिता में मप्र खेल अकादमी की कराते खिलाड़ी कल्याणी ने जूनियर बालिका वर्ग 66 किग्रा व्यक्तिगत कुमीते में श्रीलंक के खिलाड़ी को 8-5 अंकों से हराकर यह पदक जीता।

## विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार आयोग द्वारा बूथ लेवल आफीसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण 7 जुलाई से प्रारंभ किया जाकर 17 जुलाई तक पूरा किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट में 42, सतना में 45, नागौद में 41, मैहर में 50 तथा विधानसभा क्षेत्र रामपुर बघेलान में 45 बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आयोग से प्राप्त पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

## निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन 3 अगस्त तक

**सतना।** सीड योजना के तहत विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु समुदायों के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, एसपीएससीएस, एसएससी, आरआरबी, क्लैट, जेईई, नीट, सीएटी, सीएमएटी, एनडीए आदि की परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के तहत आनलाईन और क्लासरूम कोचिंग दोनों के लिए आनलाइन आवेदन भरे जा रहे है।

# 54 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

### बलेनो कार से हो रही थी तस्करी

### अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध मैहर पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी

जागरण सतना

बेलेनो लक्जरी कार से शराब की तस्करी करने वाले एक आरोपी को मैहर टीआई अनिमेष द्विवेदी ने गिरफ्तार के उसके कब्जे से 54 लीटर अवैध शराब जब्त की है। इतना ही नही शराब तस्करी में उपयोग की जा रही लक्जरी कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। यह कार्यवाही मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी और उनकी टीम द्वारा की गई है।



### ये है विवरण

09 जुलाई को थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रामपथ गमन मार्ग सर्विस लाइन के पास दो व्यक्ति नीले रंग की बलेनो कार में अवैध शराब के खेप लिए हैए सूचना की तस्दीक कर पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही की गई ।कार की तलाशी लेने पर डिग्गी से तीन पेटी अंग्रेजी गोवा शराब व तीन पेटी सफेद प्रिंस लेमन शराब कुल 54 लीटर जप्त की गई। आरोपी प्रवीण आदिवासी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 34;2द्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। प्रवीण आदिवासी पिता छैलबिहारी आदिवासी उम्र 25 वर्ष पता मौहरा थाना सेमरिया रीवा हाल. अकबर मिस्त्री का घर कटरा बाजार मैहर को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है।




### ये सामग्री जब्त

6 कार्टून मे कुल 54 लीटर देशी अंग्रेजी शराब कीमती 30 हजार 450 रूपये एवं बेलेनो कार क्रमांक एमपी 65 सी 3499 कीमती 4 लाख रुपए को पुलिस ने जब्त किया है। निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी एस आई अशोक सिंह सेंगर प्रआर जय बागरी विपिन सोधिया आर राजेंद्र सिंह अनूप तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

## जूनियरों ने अपने सीनियरों को दी विदाई

**सतना।** विट्स महाविद्यालय में बीएससी व बीसीए के जूनियर स्टूडेंटस द्वारा अपने सीनियर्स का फेयरवेल समारोह बडे ही भव्य तरीके से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ प्रीति द्विवेदी, प्रो. पुष्पराज सिंह, डॉ ज्योति पाण्डेय, डॉ सुलेखा त्रिपाठी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान के साथ किया गया। डॉ प्रीति द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में छात्रों को अनुषासित जीवन एवं समयबद्धता से अपने जीवन को सफ्ल बनाने की प्रेरणा दी। फ़र्मल इंट्रोडक्षन के बाद षुरु हुए कार्यक्रम में सभी ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी जिससे पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो उठा। जूनियर छात्रों द्वारा अपने सीनियर्स के लिए विविध गेम्स का आयोजन किया गया। सीनियर छात्रों ने अपने तीन वर्षों की सुनहरी यादों को साझा करते हुए जूनियरों को हर संभव मदद का आष्वासन दिया। जहाँ एक ओर बी.एस.सी डिपार्टमेंट से पूर्वी सेन को मिस फेयरवेल, षुभम पाण्डेय को मिस्टर फेयरवेल, सिमरन राठौड़ को मिस पार्टी, हर्ष कुषवाह को मिस्टर पार्टी तो वहीं बी.सी.ए. डिपार्टमेंट से प्रगति अग्रवाल को मिस फेयरवेल, आयूष पाण्डेय को मिस्टर फेयरवेल व सौरभ द्विवेदी को मिस्टर पार्टी के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों व छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जिले में अब तक 253.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 10 जुलाई तक 253.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 438.5 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 207.5 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 205.1 मि.मी, बिरसिंहपुर में 106 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 199.6 मि.मी., नागौद में 388.7 मि.मी., जसो (नागौद) में 108.5 मि.मी. एवं उचेहरा में 374.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 144.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

## सोनाड़ी छात्रावास में मिली गंदगी कलेक्टर ने व्यवस्था सुधारने दिये निर्देश



**जागरण सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने गुरूवार को अपने रामनगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान आदिवासी छात्रावास कंदवारी का निरीक्षण किया। बच्चों के भोजन, शयन एवं पेयजल तथा अन्य व्यवस्थाओं की स्थिति अच्छी पाये जाने पर छात्रावास अधीक्षक के कार्यों की सराहना की। उन्होंने अधीक्षक को प्रोत्साहन स्वरूप कहा कि अगले बुधवार को मैहर में आयोजित सभी ट्राइवल छात्रावास के अधीक्षकों की बैठक में उपस्थित होकर की गई व्यवस्थाओं के संबंध में अन्य छात्रावासों के अधीक्षकों को भी अच्छी व्यवस्थाओं के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर रानी बाटड ने रामनगर के सोनाड़ी स्थित कस्तूरबा गांधी छात्रावास का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावास में साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं पाये जाने पर उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने छात्रावास में अध्ययनरत बालिकाओं से हास्टल की व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी ली। कन्दवारी आदिवासी छात्रावास के निरीक्षण में छात्रावास की व्यवस्थायें अच्छी पाई गई। जिसमें साफ-सफाई एवं मेनू अनुसार खाने-पीने की सामग्री दी जा रही है। कलेक्टर ने कंदवारी अधीक्षक से ट्रेनिंग प्राप्त करने के लिए बुधवार को सभी अन्य ट्राइवल छात्रावास के अधीक्षकों को मैहर में आयोजित अधीक्षकों की बैठक में उपस्थित रहने को कहा है। कलेक्टर ने रामनगर के भमरहा स्थित आदिवासी बालक एवं बालिका आश्रम का निरीक्षण भी किया। इसके बाद कलेक्टर ने सोनाडी आरोग्य मंदिर में दिये जा रहे दस्तक अभियान के प्रशिक्षण का जायजा लिया तथा सीएचओ, आशा, एएनएम से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये।

## ब्रजेंद्र सिंह सोहावल कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए

**सतना ।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला इकाई सतना का निर्वाचन आज दिनांक 10 जुलाई 2025 को विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स में निर्वाचन अधिकारी कृष्ण राज सिंह संयुक्त प्रदेश महामंत्री एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र द्विवेदी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष श्री प्रमोद मिश्रा मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शुक्ला भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री शरद तिवारी अध्यक्ष योगेंद्र सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ इसमें सर्वसम्मति से जिला शाखा के अध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र त्रिपाठी कार्यकारी अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह सचिव वीरेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष ऋषिकेश गुप्ता बनाए गए इस मौके पर कार्यक्रम में पूर्व जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ श्री पद्मधर द्विवेदी पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गर्ग प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व प्रदेश सचिव राजेंद्र उपाध्याय पूर्व कोषाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला मिश्रा प्रदेश संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ सी यल सिंह रामपुर बघेलान के अध्यक्ष राम बाली सिंह के अध्यक्ष बृजेश पांडे नागौद ब्लॉक अध्यक्ष अनिल शर्मा नागौद तहसील अध्यक्ष अमित सिंह कोषाध्यक्ष अशोक वर्मा श्री परितोष कुमार चौबे एवं सैकड़ो की संख्या में विकासखंड तहसील एवं जिला स्तर के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मैहर पहुचीं साध्वी राधा गिरी कार्यालय का किया शुभारंभ

**जागरण सतना।** महामंडलेश्वर पूज्य साध्वी राधा गिरी का आगमन मैहर में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने बजरंग दल के पूर्व विभाग संयोजक व बजरंगी सेना प्रमुख महेश तिवारी के नव निर्मित कार्यालय का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जयंती तिवारी देवदत्त सोनी विश्व हिंदू परिषद के पूर्व नगर अध्यक्ष जनार्दन शर्मा ज्ञानेंद्र तिवारी प्रशांत शुक्ला पुष्पेंद्र कुशवाह रविशंकर द्विवेदी हीरामन साकेत अतुल सिंह व भानु सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आध्यात्मिक वातावरण एवं उत्साह देखने को मिला।



## बच्चे जानेंगे प्रदेश का समृद्धशाली इतिहास

### पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के पंजीयन 18 जुलाई तक

**सतना।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी पर्यटन क्विज प्रतियोगिता प्रदेश स्तर पर किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दो चरणों में होगी। प्रथम चरण 1 अगस्त 2025 को जिला स्तर पर होगा, वहीं दूसरा चरण 26 सितंबर 2025 को राज्य स्तर पर होगा। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी हिस्सा ले सकेंगे। पंजीयन 25 जून 2025 से प्रारंभ है। जिसकी अंतिम तिथि 18 जुलाई 2025 को शाम 5:30 बजे तक निर्धारित है। गौरतलब है कि प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से विद्यार्थियों को अवगत कराने और पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। वर्ष 2016 से इस प्रतियोगिता का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इसमें मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में एक साथ व एक ही तिथि को मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जिला प्रशासन, जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा के सहयोग से 2 चरणों (जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय) में किया जाता है। वर्ष 2024 में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय लगभग 7300 स्कूल के 21900 बच्चों ने प्रतिभागिता की।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मना गुरु पूर्णिमा पर्व



**जागरण सतना।** शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में गुरु पूर्णिमा पर्व पर विभिन्न आयोजन सम्पन्न हुए। भारतीय ज्ञान परम्परा के परिप्रेक्ष्य में गुरु.शिष्य सम्बन्धों की परम्परा विषय पर आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ सुद्युम्नाचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि सच्ची शिक्षा मनुष्य को मार्ग दिखाती है थोपा गया ज्ञान निष्प्रभावी होता है तथा केवल आत्मसात किया गया ज्ञान ही जीवन में ऊर्जा और प्रकाश भरता है। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ सुरेश चन्द्र राय ने कहा कि गुरु की सनातन संस्कृति का आत्मतत्व है सभी शिक्षक गुरु नहीं हो सकते। गुरु होने के लिए श्रम और साधना अपरिहार्य है। एक महान गुरु ही मनुष्य की आत्मा को प्रकाशित कर सकता है। स्वागत भाषण में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजेन्द्र द्विवेदी ने गुरु पूर्णिमा की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। धन्यवाद ज्ञापन भारतीय ज्ञान परम्परा के नोडल अधिकारी डॉण् संतोष कुमार उपाध्याय द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संयालन सहायक नोडल अधिकारी डॉ सुनीता गुप्ता ने किया ।गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन अपने सेवानिवृत प्राध्यापकों को आमंत्रित किया था जिसमें डॉ सुशील शर्मा डॉ के के राय डॉ जे पी गुप्ता डॉ सुरेश प्रताप सिंह एवं डॉ श्रीमती अर्चना निगम को शॉल और श्रीफ्ल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ जे पी गुप्ता एवं डॉ के के राय ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## वॉलीबॉल छात्रावास में प्रवेश हेतु आज एवं कल होगा प्रतिभा चयन का आयोजन

**सतना।** मध्यप्रदेश राज्य व्हालीबाल छात्रावास नरसिंहपुर में वर्ष 2025-26 में प्रवेश हेतु बालक खिलाड़ियों की प्रतिभा चयन का आयोजन 11 एवं 12 जुलाई को प्रातः 10 बजे से व्हालीबाल कोर्ट (स्टेडियम ग्राउण्ड) नरसिंहपुर में किया जायेगा। प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर 12 से 16 वर्ष एवं 12 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाडी प्रतिभा चयन में भाग ले सकते हैं। आयु की गणना 31 जुलाई 2025 की स्थिति में की जायेगी। खिलाड़ियों को चयन स्थल पर आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवासी एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की मूल कापी एवं उनकी 2 छायाप्रति सहित उपस्थित होना होगा। चयन ट्रायल में प्रतिभागिता करने वाले खिलाडियों को आने व जाने का किराया, आवास एवं भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर राज्यमंत्री ने किये पूज्य महाराज के दर्शन



**जागरण सतना।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोठी स्थित मरघट नाथ आश्रम पहुंचकर पूज्य महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आश्रम परिसर में आयोजित भंडारे में सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ वृक्षारोपण भी किया। राज्यमंत्री ने कहा कि गुरू का सानिध्य ही सच्ची साधना है, गुरू का आशीर्वाद ही जीवन की दिशा है। उन्होंने क्षेत्र के सभी नागरिकों को गुरू पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## नो-एंट्री में घुसे दो ट्रकों पर 5-5 हजार का जुर्माना




### मैहर यातायात प्रभारी ने की कार्यवाही

**जागरण सतना।** मैहर शहर में दिन के वक्त भारी वाहनो के प्रवेश पर लगाई गई नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले एक ट्रक पर यातायात प्रभारी नृपेन्द्र सिंह ने 5 हजार रूपये का जुर्माना ठोका है। बताया जाता है कि मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर नो एंट्री जोन में घुसे ट्रक क्रमांक यूपी 36टी 1437 एवं एमपी 16 एच1328 को पकड़ कर चालक के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 5-5 हजार रूपये का चालान काटा है।
















FARNAZ









जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com